वर्ष : 06 अंक : 301

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

बुधवार, 08 मई 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com Website: jharkhanddarshan.net

## एक नजर

### विधायक चमरा लिंडा पार्टी से निलंबित

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उन्हें पार्टी के सभी पदों से भी मुक्त कर दिया गया। इस संबंध में पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने मंगलवार को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव में चमरा लिंडा ने महागठबंधन के खिलाफ जाकर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है। ऐसे में पार्टी के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटाया जाता है। साथ ही पार्टी की सदयस्ता से भी निलंबित किया जाता है।

### मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मनोज कुमार वर्तमान में पर्यटन सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उमाशंकर सिंह ओडिशा में चुनाव प्रेक्षक के रूप में पांच मई को ही चले गये हैं। ऐसे में उनके स्थान पर मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ा दी। आज सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी। उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सीबीआई के मामले में सिसोदिया को 24 अप्रैल को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था।

### अरविंद की न्यायिक हिरासत 20 तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि मंगलवार को 20 मई तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने श्री केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। राजधानी में राउस एवेन्यू की विशेष अदालत की न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने श्री केजरीवाल की हिरासत की अवधि बढ़ाने का फैसला सुनाया।

## मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव और जहांगीर छह दिनों की ईडी रिमांड पर, खुलेंगे कई और राज

# छापेमारी में बरामद 35.23 करोड़ रुपये टेंडर घोटाले के, विभागीय अधिकारी भी सांठगांठ में शामिल : ईडी

संवाददाता

**रांची।** ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के गिरफ्तार पीएस संजीव लाल, उनके नौकर जहांगीर आलम को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में संजीव लाल और जहांगीर से पूछताछ करने के लिए ईडी की ओर से दस दिनों की रिमांड मांगी गयी। इसके बाद कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। दोनों आरोपितों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजा गया। ईडी दोनों को बुधवार से रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इस दौरान कई राज खुलेंगे।

ईडी ने कोर्ट में दिए गए रिमांड पिटीशन में कहा है कि अब तक की जांच में यह जानकारी सामने आई है कि सोमवार को बरामद हुआ सारा पैसा टेंडर घोटाले का है। टेंडर घोटाले से जुड़े धनशोधन के इस मामले में कई बड़े अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। ईडी का दावा है कि इस पूरे प्रकरण में ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारी शामिल हैं और उन्हें राजनेताओं का भी पूरा संरक्षण मिला हुआ है। ग्रामीण विकास विभाग के ऊपर से नीचे तक कई अधिकारी इस सांठगांठ में शामिल हैं।

ईडी ने कोर्ट में दिए गए रिमांड पिटीशन में कहा है कि कमीशन का पैसा आमतौर पर नकद ही लिया जाता था, जिसे विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजार कर सफेद किया जाना था। ईडी को अब तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मंत्री आलमगीर आलम का ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) संजीव लाल प्रभावशाली व्यक्तियों के लिए कमीशन लेता था और टेंडर मैनेज करने के साथ विभाग के इंजीनियरों से भी कमीशन के लेनदेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था।

ईडी ने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित चीफ इंजीनियर ने भी यह स्वीकार किया है कि वर्ष 2022 में संजीव लाल ने करोड़ों रुपये कमीशन के तौर पर लिए हैं। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को इसलिए रिमांड पर लिया है, ताकि अन्य वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारियों सहित अन्य वैसे अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाया जा सके, जो कमीशन के जरिए करोड़ों रुपये की कमाई के इस खेल में शामिल हैं। ईडी ने सोमवार की छापेमारी के दौरान 35.23 करोड़ रुपये के साथ दो गाड़ियां भी जब्त की है, जिसका रजिस्ट्रेशन जहांगीर के नाम से है लेकिन उन गाड़ियों का इस्तेमाल संजीव लाल करता था।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने सोमवार की सुबह मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल सहित कई अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी, जो देर रात तक चली थी। इस दौरान ईडी ने 35.23 करोड़ नगद बरामद किये थे। बरामद रुपए जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से बरामद हुए थे। ईडी ने यह छापेमारी ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम से जुड़े मामले में की गयी थी।



### दूसरे दिन भी सात ठिकानों पर छापेमारी जारी

झारखंड सरकार के काबीना मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके सहायक समेत कई अन्य लोगों ठिकानों पर ईडी ने कल छापेमारी की थी लेकिन आज भी एक साथ सात नये ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। ईडी सूत्रों के अनुसार सिंह मोड़ के पास रहने वाले एक बिल्डर के साथ-साथ रांची के रातू और आईटीआई बस स्टैंड के पास रहने वाले दो बिल्डरों के यहां छापेमारी चल रही है। दूसरी तरफ ईडी की टीम ने रांची के डोरंडा इलाके में रहने वाले कांट्रेक्टर राजू सिंह के ठिकानों पर छापा मारा है। इस दौरान ठेकेदार राजू सिंह के यहां से करोड़ों नगद बरामद हुए हैं। बरामद पैसों की गिनती के लिए बैंक से नोट गिनने वाली मशीन मंगवायी गयी है।

## चाईबासा में राहुल गांधी ने जोबा के समर्थन में की चुनावी सभा, केंद्र पर साधा निशाना

# किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होने देंगे आदिवासियों के अधिकार : राहुल

संवाददाता

**चाईबासा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन यदि सत्ता में आया तो देश के गरीब परिवारों का सर्वेक्षण कराया जायेगा। हर गरीब परिवार की एक महिला के खाते में हर वर्ष एक लाख रुपये डाले जायेंगे। आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का मानदेय भी दोगुना कर दिया जायेगा।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 22 पूंजीपतियों को अरबपति और करोड़पति बना रहे हैं लेकिन हम देश की करोड़ों महिलाओं को लखपति बनायेंगे। उन्होंने आरक्षण बढ़ाने का भी वादा किया। राहुल ने जोहार शब्द से संबोधन की शुरुआत की। साथ ही कहा कि जोहार इसलिए बोला कि यह आदिवासियों का शब्द है। इसमें आपकी आवाज अच्छी सुनाई देती है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आदिवासी, दलित, पिछड़ों के लिए जरूरी चुनाव है। साथ ही कहा कि हमने महिलाओं के बैंक अकाउंट को इसलिए चुना है कि महिलाएं 18 से 20 घंटे काम करती हैं। मैं जानता हूं कि दबाव डालकर महिलाओं से पुरुष कुछ पैसे ले लेंगे।

राहुल गांधी ने आदिवासियों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार 100 रुपये का फैसला लेती है तो आदिवासी नेता 10 पैसे का फैसला लेता है। वो आपको वनवासी बोलते हैं। क्योंकि, उनके लिए आप जंगल में रहने वाले लोग हैं लेकिन हमारे लिए आप आदिवासी हैं। जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है। कांग्रेस इस अधिकार को किसी भी कीमत पर खत्म होने नहीं देगी। वो आपको वनवासी कहते हैं और सारे जंगल और जमीन अडाणी, अंबानी को दे रहे हैं। एक दिन जंगल खत्म हो जायेंगे तो आपको कहेंगे जाओ भीख मांगो।

### देश की हर गरीब परिवार की महिला को देंगे सालाना एक लाख रुपये




### हम सभी मिलकर हेमंत को जेल से निकालेंगे

राहुल गांधी ने कहा कि एक साजिश के तहत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया है लेकिन किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हम सभी मिलकर उन्हें जेल से निकालेंगे। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन, चम्पाई सोरेन और झारखंड के तमाम आदिवासी हेमंत सोरेन के साथ खड़े हैं।

### हर बेरोजगार को दी जाएगी सरकारी नौकरी

राहुल गांधी ने कहा कि देश में नौकरी की कमी नहीं है। देश के हर बेरोजगार को सरकारी नौकरी दी जायेगी। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के तमाम किसानों का कर्ज माफ करेगी। कानूनी रूप से एमएसपी देगी। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थानों और गैर सरकारी संस्थानों में ठेकेदारी पर बहाली प्रथा को खत्म किया जायेगा। सभी को परमानेंट नौकरी दी जायेगी। साथ ही कहा कि ठेकेदारी प्रथा की नौकरी से देश के युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है।

### देश के असल मुद्दों पर चर्चा नहीं करती मीडिया

राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों के मुंह में पेशाब कर दिया जाता है लेकिन मीडिया वाले उसे नहीं दिखाते। मीडिया वाले दिखायेंगे कि अडाणी की शादी में किसने किस तरह की घड़ी पहनी है और किस तरह के कपड़े पहने हैं। कोई भी मीडिया देश के असल मुद्दों पर चर्चा नहीं करती है। मीडिया भाजपा वालों से सवाल नहीं पूछती है। यह भी लोकतंत्र के लिए खतरे का सबब है।

### मोदी सरकार ने झारखंड की प्रथा और परंपरा को भी दबाने का काम किया : चम्पाई सोरेन

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में महंगाई कम नहीं हुई। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ते गये। झारखंड की प्रथा और परंपरा को भी दबाने का काम किया गया। आज तक केंद्र सरकार ने आदिवासी हित में कोई का नहीं किया। हमने विधानसभा में आदिवासियों की परंपरा और अस्मिता को सुरक्षित करने के लिए सरना धर्म कोड का नियम बनाया। प्रधानमंत्री जब यहां आये तो सरना धर्म कोड पर कुछ नहीं बोले। झारखंड सरकार ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाया लेकिन केंद्र के इशारे पर राजभवन में ही रोक दिया गया। सभा में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कल्पना सोरेन, विधायक निरल पुर्ति, विधायक सुखराम उरांव और प्रत्याशी जोबा माझी सहित अन्य मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण समाप्त

# 64 फीसदी पड़े वोट



एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को समाप्त हो गया। इस चरण में 11 राज्यों की 93 सीटों पर मतदान कराया गया। शाम छह बजे तक लगभग 64 प्रतिशत मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के अनुसार असम में 74.86 प्रतिशत, बिहार में 56.01 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 66.87 प्रतिशत, दादर नागर हवेली दमन दीव में 65.23 प्रतिशत, गोवा में 72.52 प्रतिशत, गुजरात में 55.22 प्रतिशत, कर्नाटक में 66.05 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 62.28 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.40 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 55.13 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत मतदान हुआ है।

उधर, गुजरात की पांच तथा कर्नाटक और पश्चिम बंगाल की एक-एक विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव हो रहा है। चुनाव आयोग के अनुसार शाम पांच बजे तक गुजरात की वीजापुर सीट पर 59.47 प्रतिशत, खंभात में 59.90 प्रतिशत, पोरबंदर में 51.93 प्रतिशत, वाघोडिया में 63.75 प्रतिशत और माणावदर सीट पर 48.45 प्रतिशत मतदान हुआ।

कर्नाटक की शोरापुर सीट पर 66.72 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल की भगवानगोला सीट पर 73.68 प्रतिशत मतदान हुआ।

## मनी लांड्रिंग मामले में कविता की न्यायिक हिरासत 14 मई तक बढ़ी

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने बीआरएस नेता के. कविता की मनी लांड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत 14 मई तक बढ़ा दी है। आज के. कविता ने 'जय तेलंगाना-जय भारत' कहते हुए कोर्ट में दाखिल हुई। कोर्ट ने 6 मई को के. कविता को सशरीर कोर्ट में पेश करने की अनुमति दी थी। 6 मई को कोर्ट ने के. कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सीबीआई ने के. कविता को 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था।

## भ्रामक विज्ञापनों के लिए सेलिब्रेटी, सोशल मीडिया भी जिम्मेदार : सुप्रीम कोर्ट

# पतंजलि की याचिका पर आईएमए अध्यक्ष को नोटिस, 14 को सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में सुनवाई के दौरान ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि सेलिब्रेटी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी भ्रामक विज्ञापनों के लिए समान रूप से जिम्मेदार हैं, अगर वह किसी भ्रामक उत्पाद या सेवा का समर्थन करते हैं। जस्टिस हीमा कोहली की अध्यक्षता वाली बेंच ने पतंजलि की ओर से आईएमए के अध्यक्ष के विवादित बयान के खिलाफ दायर याचिका पर आईएमए अध्यक्ष को नोटिस जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 14 मई को होगी।



दरअसल, आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर कहा कि आईएमए के अध्यक्ष डॉक्टर आरवी अशोकन के जानबूझकर दिए गए बयान न्याय की प्रक्रिया में हस्तक्षेप करते हैं। उन्होंने कहा है कि अशोकन के बयान निंदनीय प्रकृति के हैं और जनता की नजर में सुप्रीम कोर्ट की गरिमा और कानून की महिमा को कम करने का एक स्पष्ट प्रयास है। सुप्रीम कोर्ट ने 30 अप्रैल को दवाओं के भ्रामक विज्ञापन के मामले पर सुनवाई करते हुए बाबा रामदेव और बालकृष्ण की तरफ से प्रकाशित माफीनामा की भाषा पर संतोष जताया था लेकिन उनके वकीलों की तरफ से अखबार का पूरा पन्ना रिकॉर्ड पर न रखने पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने अखबार का पूरा पन्ना दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण को आगे की सुनवाई में व्यक्तिगत पेशी से छूट दे दी थी।

सुनवाई के दौरान पतंजलि के वकील मुकुल रोहतगी ने बताया था कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष ने इंटरव्यू देकर पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट की तरफ से एलोपैथी डॉक्टरों के बारे में की गई टिप्पणी की आलोचना की थी। जजों ने इसे रिकॉर्ड पर रखने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह इस विषय को सख्ती से देखेंगे।

### कुलगाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**कुलगाम।** कुलगाम जिले के रेडवानी पाईन इलाके में मंगलवार सुबह शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादी मार गिराए हैं। मुठभेड़ स्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद किये गए हैं। सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया है, इसलिए मारे गए आतंकवादियों की पहचान अभियान पूरा होने के बाद की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सोमवार देर शाम कुलगाम के रेडवानी गांव में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया था। देर रात को दोनों ओर से गोलीबारी बंद हो गई लेकिन सुरक्षाबलों ने अपनी घेराबंदी को मजबूत करते हुए आने-जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया।

# सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा

- गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 9 मई को सुनवाई करने का आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 9 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कोर्ट को बताया कि आबकारी नीति से जुड़े घोटाले की शुरूआत में केजरीवाल की भूमिका की जांच नहीं हो रही थी। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी तो उनकी भूमिका सामने आई। तब जस्टिस संजीव खन्ना राजू से पूछा कि क्या आप केस डायरी मेंटेन करते हैं। हम फाइल नोटिंग्स देखना चाहते हैं। जस्टिस संजीव खन्ना ने ईडी की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर आप कह रहे हैं कि सरकार के मुखिया होने के नाते केजरीवाल इस घोटाले में शामिल हैं, तो इस नतीजे पर पहुंचने में आपको दो साल लग गए। यह तो एक जांच एजेंसी के लिए अच्छी बात नहीं है।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर कोर्ट गिरफ्तारी को चुनौती देने जैसी याचिकाओं पर मिनी ट्रायल करेगी तो फिर जांच आगे कैसे बढ़ेगी। तब जस्टिस खन्ना ने कहा कि यह एक असाधारण स्थिति है। चुनाव चल रहा है और एक मुख्यमंत्री जेल में है। हम उसकी अंतरिम जमानत पर सुनवाई कर रहे हैं, यह सामान्य मामला नहीं है। जस्टिस खन्ना ने कहा कि हम अंतरिम जमानत पर सुनवाई इसलिए नहीं कर रहे कि केजरीवाल राजनेता हैं बल्कि हम यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि केजरीवाल के लिए चुनाव असाधारण स्थिति है क्या।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से कहा कि अगर हम केजरीवाल को जमानत देते हैं तो वो अपनी कार्यालयी जिम्मेदारी भी निभाएंगे क्या।

# सात उम्मीदवारों का नामांकन रद्द, 18 उम्मीदवार शेष, नौ मई तक ले सकते हैं अभ्यर्थिता वापस

संवाददाता

**बोकारो :** गिरिडीह लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को उम्मीदवारों के नामांकन की संवीक्षा हुई। गिरिडीह से कुल 25 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया था। इनमें 07 उम्मीदवारों के नामांकन को अयोग्य पाया गया। उनके नामांकन को रद्द कर दिया गया। सात उम्मीदवारों के नामांकन रद्द होने के बाद चुनावी मैदान में अब सिर्फ 18 उम्मीदवार शेष रह गये हैं। गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि कुल 25 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिला किया था। संवीक्षा में कुल 07 उम्मीदवारों का नामकन प्रपत्र में त्रुटि रहने के कारण रद्द किया गया। अब कुल 18 उम्मीदवार 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में शेष हैं। अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 09 मई 2024 है। जिन उम्मीदवारों का नामांकन प्रपत्र रद्द किया गया है, उनमें से निर्दलीय उम्मीदवार धीरन मदक, राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी प्रत्याशी नारायण गिरी, निर्दलीय प्रत्याशी ईमाम सफी, राकेश रोशन घोष, राजा हक, आल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक पार्टी प्रत्याशी जयराम महतो, निर्दलीय प्रत्याशी तुलसी महतो के नाम शामिल हैं।



इसके अलावा जो जिन उम्मीदवार के नामांकन प्रपत्र स्वीकृत किये गए हैं, उनमें से बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी कमल प्रसाद, आजसू पार्टी प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी, झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, बहुजन मुक्ति पार्टी प्रत्याशी मो. ऐनूल अंसारी, भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी प्रत्याशी पप्पु कुमार निषाद, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) प्रत्याशी प्रमोद राम, राइट टु रिकॉल पार्टी प्रत्याशी शिवजी प्रसाद, सर्व समाज पार्टी प्रत्याशी सुभाष कुमार ठाकुर, लोकहित अधिकार पार्टी प्रत्याशी ज्ञानेश्वर प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशी उषा देवी, उषा सिंह, कलावती देवी, निर्दलीय प्रत्याशी जयराम कुमार महतो, द्वारका प्रसाद लाला, पूजा कुमारी, रामेश्वर दुसाध, सुनिता टुडू एवं सुबोध कुमार यादव का नामांकन प्रपत्र स्वीकृत हुआ है।

## एक नजर

### पिरगुल हाई स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो :** कसमार प्रखंड के पिरगुल स्थित हरिजन आदिवासी विकास उच्च विद्यालय में मंगलवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान ग्रामीणों एवं अभिभावकों को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को वोटिंग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ० जीतलाल महतो ने कहा कि लोकतंत्र में वोट डालना वोटरों का कर्तव्य और जिम्मेदारी है। इसलिए 25 मई को यहां होने जा रहे लोकसभा के चुनाव में प्रत्येक मतदाता उस अधिकार का उपयोग अवश्य करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना जरूरी है। जितना ज्यादा मतदान होगा, हमारा लोकतंत्र भी उतना ही ज्यादा मजबूत होगा। मौके पर विद्यालय के सचिव गौरी नाथ नायक, डॉ० शिक्षाविद उमेश कुमार जायसवाल, दिनू राम मांझी, रूपेश कुमार पांडेय, राधा गोविंद महतो, हीरालाल महतो, धनंजय महतो, जेवा नाज, समीर अली, गोपी साव, समाजसेवी घनश्याम महतो आदि मौजूद थे।

### केंद्रीय विद्यालय में अभिभावकों संग प्राचार्य व शिक्षकों की बैठक

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित केंद्रीय विद्यालय में मंगलवार को बारहवीं के विद्यार्थियों उनके अभिभावकों संग स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई।



बैठक की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य डॉ बीआर डे ने करते हुए अनुशासन, एकेडेमिक उत्कृष्टता, पाठ्यगामी क्रियाकलाप, नैतिक शिक्षा, कक्षा उपस्थिति, अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यालय व समाज की भूमिका पर विस्तृत व सारगर्भित संबोधन किया। बैठक में सभी पक्षों पर खुलकर विचार विमर्श किया गया। प्राचार्य ने सभी को आश्वासन दिया कि संपूर्ण विद्यालय परिवार उनके बच्चों के समुचित व सर्वांगीण विकास हेतु दृढ़ संकल्पित है। उन्होने विद्यार्थियों के समुचित व सर्वांगीण विकास हेतु कार्य योजना प्रस्तुत की। तत्पश्चात विषयवार शिक्षकों ने अपने-अपने विषय से संबंधित विचार व्यक्त किए। कक्षाध्यापकों ने अप्रैल माह में आयोजित मासिक परीक्षा परिणाम का विश्लेषण प्रस्तुत किया एवं एकेडमिक सुधार हेतु लिए गए निर्णय की जानकारी दी। बैठक में उक्त विषय पर बहुत से अभिभावकों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव व समस्याओं को सभी के साथ साझा किया।

## चिन्मय विद्यालय ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को किया प्रेरित

संवाददाता

**बोकारो :** स्थानीय चिन्मय विद्यालय में मंगलवार को मतदाता जागरुकता अभियान आयोजित कर शिक्षकों ने मतदान करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लिया। बच्चे भविष्य के नागरिक हैं और उनके मतदान से ही भविष्य की सरकारें बनेंगी तथा देश का भविष्य बनेगा। इसी संकल्प के साथ मतदान के महत्व समझाने तथा इसके प्रति जागरुकता उत्पन्न करने हेतु विद्यालय में कई कार्यक्रम अयोजित किए गए। इन सभी कार्यक्रमों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मतदान के महत्व को समझा और संकल्प लिया कि जब वे मतदान के अधिकारी होंगे, तब निश्चित ही सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के नीति-निर्धारण में अपना योगदान देंगें और वर्तमान में अपने माता-पिता, सगे-संबधियों एवं पड़ोसियों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आग्रह करेंगे, ताकि मत प्रतिशत बढ़े। देश का लोकतंत्र मजबूत बने और सही निर्णय लेने वाली सरकारें बनें। इस अभियान के तहत नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, नुक्कड़-नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और बैनर बनाकर मतदाताओं में वोट के प्रति चेतना उत्पन्न करने और उन्हें जागरुक बनाने को लेकर शपथ ली गई।



प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से छात्र भविष्य में एक जागरुक नागरिक बनेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे। प्राचार्य ने इस प्रकार के अद्भुत कार्यक्रम के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। विद्यालय की ओर से व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये सभी अभिभावकों एवं कर्मियों को मतदान में भाग लेने के लिए संदेश भेजा जाएगा तथा विद्यालय स्तर पर इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब की स्थापना की गयी, जिसका उद्देश्य-भविष्य के मतदाताओं को तैयार करना एवं उन्हें एक जागरुक नागरिक बनाना होगा। स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती, आचार्या, चिन्मय मिशन बोकारो, विश्वरूप मुखोपाध्याय, अध्यक्ष, चिन्मय विद्यालय, महेश त्रिपाठी, सचिव, चिन्मय विद्यालय, आरएन मल्लिक, कोषाध्यक्ष, चिन्मय विद्यालय, सूरज शर्मा, प्राचार्य, नरमेन्द्र कुमार उप-प्राचार्य, ने मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम सुनियोजित ढ़ग से संपन्न करने के लिए बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों की प्रशंसा की। डॉ. रोशन शर्मा एवं शिक्षकों ने कार्यक्रम के संचालन में अहम भूमिका निभाई।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने की अपील

## जहां भी जानकारी मिले तुरंत 1098 पर सूचना दें : शंकर

संवाददाता

**बोकारो:** बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है और इसे सामाजिक तौर पर संगठित होकर हीं दूर किया जा सकता है। इसके पीछे अशिक्षा।और जन जागरूकता मूल कारण है। यह बातें बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहीं। उन्होंने कहा कि आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर सामूहिक बाल विवाह कई मंदिरों में होते हैं। इसके लिए हम लोगों ने कमर कस रखी है। लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और चाइल्ड हेल्पलाइन, सहयोगिनी संस्था, जिला बाल संरक्षण इकाई के सहयोग से हम लोग जिला प्रशासन के नेतृत्व में बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं से यह अपील है कि अपने प्रत्येक कार्यक्रम में बाल विवाह जैसी कुरीतियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दें। 1098 पर सूचना देकर किसी भी बालिका को वधू बनने से रोका जा सकता है। बाल विवाह से एक बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है उसके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 तथा किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 अंतर्गत धारा 75 पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यदि किसी बच्चे का बाल विवाह होता है तो वह क्रूरता का शिकार हो रहा है। इसके खिलाफ जेजे एक्ट की धारा 75 के तहत दो साल की सजा और एक लाख जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है। राज्य सरकार द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 धारा 16 की उप धारा 01 के तहत प्रत्येक क्षेत्र के प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी को बाल विवाह निषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है। किसी भी बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह नोडल बाल विवाह निषेध पदाधिकारी बाल विवाह घटना प्रपत्र में पूर्ण जानकारी बाल कल्याण समिति और उच्च



अधिकारियों को उपलब्ध कराएंगे। लेकिन बोकारो जिले में ऐसा व्यवहार में नहीं देखा जा रहा है। इसके लिए बाल कल्याण समिति सभी बाल विवाह निषेध अधिकारी को सूचना उपलब्ध करा रही है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 को अधिक प्रभावी बनाने हेतु बाल विवाह निषेध अधिकारी के रूप में निम्नलिखित पदों को भी नियुक्त किया गया है। जिसमें पंचायत सचिव पंचायत स्तर पर, महिला पर्यवेक्षिका, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, उपायुक्त, प्रमंडलीय आयुक्त और झारखंड राज्य के स्तर पर निदेशक समाज कल्याण शामिल है। यदि इन सबके अतिरिक्त कहीं भी बाल विवाह की सूचना प्राप्त होती है तो 1098, बाल कल्याण समिति,बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, सहयोगिनी, संबंधित पंचायत सचिव जनप्रतिनिधि के माध्यम से सूचना दे सकते हैं। अभी हाल ही में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह को लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय की खण्डपीठ ने एक अहम फैसले में यह कहा है कि जिस पंचायत में बाल विवाह की घटना पाई जाएगी वहां के पंचों और सरपंचों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से झारखंड के सभी जिलों में बाल विवाह के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके सुखद परिणाम निकल कर सामने आ रहे हैं।

## कोलकाता एक्सप्रेस वे के निर्माण को लेकर कैंप कोर्ट का आयोजन



संवाददाता

**गोमिया :** गोमिया प्रखंड मुख्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को भारतमाला परियोजना फेज टू वाराणसी से कोलकाता एक्सप्रेस वे के निर्माण को लेकर गोमिया अंचल में प्रभावित चार मौजा के लिए अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार महतो के नेतृत्व में कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। इस कैंप कोर्ट में चार मौजा अंतर्गत बारीदारी, इस हरदागढा, महुआटांड, बड़की पुन्नू के संबंधित रैयत ग्रामीण भूमि अधिग्रहण के एवज में अपनी मुआवजा राशि लेने पहुंचे। इसमें जिन रैयतों को अभी तक मुआवजा की राशि नहीं मिली है, उनकी भूमि के दस्तावेजों की जांच के बाद ऑन द स्पॉट मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा। इस कैंप में मुख्य रूप से बोकारो जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, रामगढ़ जिला के एनएचएआई महेश कुमार, लाईजनिंग ऑफिसर मनीष पांडेय, नितिन कुमार मौजूद थे। मौके पर भू-अर्जन पदाधिकारी ने कहा कि भारतमाला परियोजना फेज 2 का निर्माण कार्य गोमिया अंचल में बरसात से पूर्व चालू हो जाएगा।

इस कैंप कोर्ट में भूमि अधिग्रहण के एवज में रैयतों की लगान रसीद, वंशावली, खतियान, भूमि स्वामी प्रमाण पत्र, बॉन्ड पेपर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति लेकर मुआवजा राशि का भुगतान ऑन द स्पॉट होगा। इस दौरान भू अर्जन पदाधिकारी से कई रैयत ग्रामीणों ने अपनी भूमि संबंधी विवादित मामलों से अवगत कराया। इसपर भू अर्जन पदाधिकारी ने कहा कि मुआवजा की राशि लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज समेत भूमि स्वामी प्रमाण पत्र जरुरी है।

## जयराम का नामांकन प्रपत्र हुआ स्वीकृत, कार्यकर्ताओं में खुशी



संवाददाता

**बोकारो :** झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के नेता सह गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो का नामांकन प्रपत्र आखिरकार स्वीकार हो गया। इससे पहले तीन प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्र जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने रद्द कर दिया। इससे जेबीकेएसएस में खुशी की लहर है। उक्त बातें जेबीकेएसएस की महिला मोर्चा महामंत्री रजनी देवी ने बोकारो कोर्ट परिसर के बाहर कही। उन्होंने बताया कि हम सभी को इस पल का बेसब्री से इंतजार था। इसके साथ हीं चुनावी मैदान में जबरदस्त उपस्थिति दर्ज कराने की बात कही। कहा कि हमारी जीत सुनिश्चित है। रजनी देवी ने कहा कि हम सच्चाई और संविधान के साथ हैं तभी हमारी जीत हुई है। केंद्र और राज्य सरकार की मिली भगत से जयराम को चुनाव मैदान से बाहर रखने की साजिश रची गई थी, जो नाकाम साबित हुआ। सच्चाई की जीत हुई। उन्होंने कहा कि जो गलत कर रहे हैं, भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, आज तक विकास का काम नहीं किए हैं, ऐसे नेताओं को जयराम महतो से डर है। उन्हें डर है कि जयराम के आने पर उनका यह सब बंद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जयराम महतो का नामांकन रद्द होने की स्थिति को देखते हुए विकल्प के तौर पर पूजा कुमारी तथा उषा देवी का नामांकन प्रपत्र दाखिल कराया गया था। अब जयराम महतो का चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। इसलिए दोनों अपना नामांकन वापस लेंगे। इसके अलावा भी एक अन्य ने जयराम के विकल्प के तौर पर नामांकन प्रपत्र दाखिल किया था, वो भी नामांकन वापस लेंगे।

## बोकारो स्टील प्लांटः केबल टनल में अग्नि सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध



संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट के डीएनडब्लू विभाग के मेन स्टेप डाउन सब स्टेशन के बेसमेंट और उससे जुड़े केबल टनल में फायर रीटार्डेन्ट डोर और फायर बैरियर पैनल का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन तथा अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद ने किया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पी के बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बी पी सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (डीएनडब्लू) एन भाटिया, वितरण तंत्र विभाग, सुरक्षा अभियन्त्रण विभाग, सीईडी, अग्नि सेवाएं व अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे। पावर सप्लाई का वितरण केबल के माध्यम से समस्त विभागों को किया जाता है, जिसे सुचारू रूप से वितरित करने के लिए प्लांट के सभी विभागों को एचटी केबुल नेटवर्क से जोड़ा गया है। अग्नि रोधक द्वार की उपयोगिता तब होती है, जब किसी कारण केबल टनल में आग लग जाती है। अग्नि रोधक द्वार आग को एक कमपार्टमेंट से दूसरे कमपार्टमेंट में जाने से रोकती है। अग्नि रोधक पैनल केबल के आग को आगे बढने से रोकती है, जिससे जान माल का नुकसान कम से कम होता है और प्लांट को सुचारू रूप से चलाने में मदद मिलती है। डीएनडब्लू विभाग के अग्नि सुरक्षा के प्रबंधन के संदर्भ में दिलीप कुमार गोंड, महाप्रबंधक (डीएनडब्लू) ने बताया कि केबल टनल में अग्नि सुरक्षा के लिए और भी कदम उठाए जा रहे हैं तथा इसके लिए अग्नि रोधक द्वार और अग्नि अवरोधक पैनल जैसे उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है।

## वोटर जागरुकता को लेकर चलाया गया अभियान

संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल अंतर्गत सीसीएल गोविंदपुर स्थित इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग में मंगलवार को वर्ग नवम एवं दसवीं के स्कूली बच्चों, शिक्षकों एवं प्राचार्य ने जागरुकता अभियान चलाया। लोकसभा चुनाव में वोट का प्रतिशत बढ़ाने तथा ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को अपने सभी कार्य को छोड़कर पहले मतदान करने फिर जलपान करने को लेकर स्कूली बच्चों ने बैनरों एवं पोस्टरों के साथ अभियान में शामिल हुए। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकालकर अनिवार्य रूप से अपने मत का प्रयोग करने के लिए स्कूली बच्चों द्वारा मतदान का अधिकार के बारे में बताया गया। मौके पर प्राचार्य मनीष आनंद द्विवेदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी वोटरों को आवश्यक रूप से मतदान करना होगा, क्योंकि आपका मत ही आपका भविष्य तय करता है। वोटर जब अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करेंगे, तभी सही लोग चुनकर आते हैं और तभी विकास की नयी गाथा लिखी जाती है। कहा कि जागरुकता अभियान मतदान के लिए लोगों को उत्साहित करने के लिए चलाया गया है। मौके पर स्कूल के शिक्षकों में आरएस राम, डालिया डे, बुल्टी, सुनीता सिंह, शाहीन परवीन, अमित कुमार, मिहिर झा, अरविंद कुमार सिंह, अश्विनी, अनुराधा, प्रतिमा, मीनाक्षी, प्रमिता सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।



## भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में बोकारो में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सभा 10 को

संवाददाता

**बोकारो :** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आगामी 10 मई को बोकारो में जनसभा को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए बोकारो के विधायक बिरंची नारायण ने बताया कि 10 मई को बोकारो के सेक्टर 2 सी स्थित दुर्गा पूजा मैदान में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। बोकारो विधायक ने कहा कि कुशल संगठनकर्ता, प्रखर वक्ता, केंद्रीय रक्षा मंत्री सह- पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह है। उनकी सभा को सुनने के लिए क्षेत्र की जनता भी उत्साहित है। बोकारो विधायक बिरंची नारायण के आवासीय कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर तैयारी बैठक हुई, जिसमें लोकसभा के सह-संयोजक रोहित लाल सिंह, शरद महतो, शशिभूषण ओझा मुकुल, कमलेश राय, संजय त्यागी, वीरभद्र प्रसाद सिंह, इंद्र कुमार झा, माथुर मंडल, विनय किशोर, मनोज सिंह, अनिल सिंह, अभय कुमार गोलू, राजू गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## एक नजर

### प्रांतीय यादव महासभा की बैठक में लोस और गांडेय विस उपचुनाव को लेकर बनाई गई रणनीति



**गिरिडीह :** बेंगाबाद प्रखंड के छोटकी खरगडीहा पंचायत स्थित असगंदो जंगल के समीप प्रांतीय यादव महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में आगामी लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया और चुनावी रणनीति तैयार की गई। बैठक में यादव समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में दिलीप वर्मा को समर्थन देने का निर्णय लिया। मौके पर मौजूद सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव ने कहा कि यह जीत ऐतिहासिक जीत होगी और निश्चित रूप से इतिहास अपने आप को फिर से दुहराएगा। हम सभी दिलीप वर्मा के साथ हैं और निश्चित रूप से जनता का पूरा समर्थन उनके साथ है।।बैठक में समाज की अगुवाई करने वाले नेताओं ने दोनों प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सह झारखंड भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, गिरिडीह जिला सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, बेंगाबाद के पूर्व प्रमुख रामप्रसाद यादव समेत सैंकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### सभी 14 सीटें एनडीए जीतेगी : राजकुमार राज

बेरमो : गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में बेरमो में जनसंपर्क करने के बाद सोमवार की देर शाम राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने फुसरो में मनोज सिंह के आवास पर प्रेस कांफ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए हीं देश का विकास कर सकती है। कहा कि इस बार झारखंड के सभी 14 सीट एनडीए जीतेगी। साथ हीं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करना है। कहा कि पूरा विश्व में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बजता है। हम देश के गरीब जनता को अनाज, गैस चूल्हा, आवास, आयुष्मान कार्ड के तहत पांच लाख तक का मुफ्त इलाज जैसे सैकड़ों कार्य किये। जिससे गरीबों का भला हो सके। कहा कि प्रधानमंत्री को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से सिर्फ हमारा देश हीं नहीं पूरा विश्व गौरवान्वित महसूस करेगा। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज का स्वागत अंगवस्त्र देकर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। मौके पर लोजपा के युवा प्रदेश अध्यक्ष नितेश सिंह, भाजपा नेता कृष्ण कुमार, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

### महिलाओं ने प्रदूषण का जताया विरोध

कथारा : सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के जारंगडीह रेलवे साइडिंग प्लेटफार्म नंबर 1 पर मंगलवार की दोपहर जारंगडीह 16 न. की दर्जनों महिलाओं ने कांटा घर पहुंच कर विरोध जताया। महिलाओं को गोलबंद होते देख कोयला की सुरक्षा पर तैनात सीआईएसएफ जवानों ने मोर्चा संभाला। सुरक्षा के दृष्टिकोण से अतिरिक्त जवान तैनात कर दिया गया। विरोध प्रदर्शन की बात की जानकारी प्राप्त होते हीं स्थानीय पत्रकार गण भी पहुंचे। लेकिन विरोध प्रदर्शन कर रही महिलाओं का जत्था कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। हालांकि जब सूत्रों के माध्यम से कार्य कर रहे सीसीएल अधिकारियों से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उड़ती कोल डस्ट की समस्या की बात कहकर विरोध जता रही है। विडंबना यह देखने को मिली कि महिलाएं अपने अपने चेहरे को कपड़े से ढक अपनी पहचान छुपाते नजर आई। वहीं कुछ समय के बाद साइडिंग मैनेजर अवध बिहारी सिंह से महिलाओं की बात हुई जिसके बाद महिलाओं का जत्था वापस घर गई। साइडिंग मैनेजर अवध बिहारी सिंह से उनका पक्ष लेने के लिए दुरभाष पर सम्पर्क किया गया लेकिन मोबाइल बंद मिला। वंही इस संदर्भ में जारंगडीह उत्तरी पंचायत के मुखिया सुमंती देवी के पति सुदेश भूईयां से दूरभाष पर सम्पर्क कर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उड़ते कोल डस्ट से ग्रामीण त्रस्त थे और परेशानी बढ़ते देख आक्रोशित ग्रामीणों ने जारंगडीह कांटा घर पहुंच कर अपनी पीडा व्यक्त की।

### मानसून से पहले सभी काम पूरा होना चाहिए : जीएम

**बेरमो :** मानसून के पूर्व कार्यों का जायजा लेने ढोरी महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल मंगलवार को सुरक्षा सदस्यों के सुझावों पर ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम परियोजना पहुंचे। महाप्रबंधक श्री अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि यूनियन प्रतिनिधियों एवं सुरक्षा सदस्यों ने जो सुझाव दिये हैं वह सभी कार्य मानसून से पूर्व हो जाना चाहिए। विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर ने अमलो में पानी की समास्या की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस पर महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि एएडीओसीएम परियोजना के विस्तार में जितना सहयोग हमारे विस्थापित ग्रामवासियों का मिला वह अविश्वसनीय हैं। मुझे कोल इंडिया के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने का अनुभव है। लेकिन ढोरी का अनुभव सबसे अलग रहा। विस्थापितों के उत्थान के लिए हमारे कोल इंडिया के चैयरमैन पीएम प्रसाद का हमेशा निर्देश मिलता रहता है। विस्थापितों के बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पानी, बिजली सहित सीएसआर विभाग से हर कार्य होना चाहिए। इस तरह की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेवारी होगी। उन्होंने कहा कि सीसीएल कंपनी में प्रथम हाईवेल माइनिंग ढोरी क्षेत्र में आरंभ होना क्षेत्र के लिए और क्षेत्रवासियों के लिए लाभकारी होगा।

### लोकसभा व गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

# अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

संवाददाता

**गिरिडीह :** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में निर्वाचन की तैयारियों व विभिन्न कोषांगो की समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।



इस दौरान सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, निवार्ची पदाधिकारी, 31 गांडेय विधानसभा, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, वरीय/नोडल पदाधिकारी, डाक मत पत्र कोषांग, वरीय/नोडल कार्मिक कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, आदर्श आचार संहिता कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, अभ्यर्थी कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, जिला नियंत्रण कोषांग समेत निर्वाचन के कई अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा बारी बारी से सभी कोषांगवार समीक्षा की गई तथा निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की गई। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके कार्य दायित्व के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा निर्वाचन को लेकर सभी तैयारियों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ हीं उन्होंने आदर्श आचार संहिता कोषांग की समीक्षा करते हुए कहा कि एमसीसी से संबंधित मामले आते हैं तो उसका उचित रिकॉर्ड रखें और सी-विजिल के माध्यम से उन सभी का समाधान सुनिश्चित कराएं। इसके अलावा अभ्यर्थी व्यय लेखा कोषांग की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को सुनियोजित तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए।

साथ हीं डाक मत कोषांग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने डाक मत पत्र से मतदान होनेवाली प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की तथा अब तक कितने लोगों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया है, उसकी जानकारी ली तथा कई दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने सभी बीडीओ व सीओ को सख्त निर्देश दिया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जल्द से जल्द मतदाता सूचना पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराएं। साथ हीं साथ स्वयं भी उपस्थित रहकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करें। इसके अलावा उन्होंने कहा जिनको जो दायित्व सौंपा गया है, उसका उचित अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों मेंव्यवस्था की जानकारी ली और कई बिंदुओं पर सख्त निर्देश दिया। इसके अलावा जिला नियंत्रण कक्ष को संचालित करने के निर्देश दिए गए तथा समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं साथ प्रशिक्षण कोषांग और कार्मिक कोषांग को भी निर्वाचन संबंधी कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ करने का निर्देश दिया गया।

## प्रधानमंत्री ने कोडरमा और गिरिडीह की जनता से की वादाखिलाफी: विनोद सिंह

**पीएम का माइका की चमक लौटाने और गिरिडीह को आकांक्षी जिला बनाने की घोषणा टांय टांय फिस्स**

**सरकार जनता बनाती है लेकिन यहां ईडी और सीबीआई बना रही सरकार**



संवाददाता

**गिरिडीह :** देश में अब एक ऐसे आयोग की जरूरत है जो जनप्रतिनिधियों के जीतने से पहले और बाद की सम्पति की जांच करे। दोनों खेमों में यदि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कार्रवाई होती तो सबसे ज्यादा कार्रवाई की मात्रा भाजपा के नेताओं के यहां होती। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन उम्मीदवार विनोद सिंह ने कहा कि आजादी के बाद से खुद को जनता का सेवक कहने वाले प्रतिनिधियों की संपत्ति दिन दुगुनी-रात चौगुनी बढ़ी है।

आज जनता गरीब है और प्रतिनिधि करोड़पति, जिसमें सबसे ज्यादा संख्या भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की है। कहा कि दोनों खेमों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज आलम यह है कि भ्रष्टाचार करें लेकिन कमल के फूल के नीचे करें ताकि कीचड यहां जमा हो और कमल पुष्पित और पलवित हो। उन्होंने कहा कि आज देश में एक ऐसे आयोग की जरूरत है जो विधायक और सांसद के जितने से पहले और जितने के बाद की सम्पति की जांच करे।

कहा कि सरकार जनता बनाती है लेकिन यहां ईडी और सीबीआई ही सरकार बना रही है। विनोद सिंह मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के लिए गांवा प्रखंड गए थे। वापसी के क्रम में तिसरी चौक पर उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान उक्त बातें कहीं। साथ हीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री जनता के बीच किए गए सभी दावों पर विफल साबित हुए हैं। उन्होंने कोडरमा में जनसभा के दौरान कहा था कि क्षेत्र में माइका की चमक लौटेगी। जमुआ में कहा था कि गिरिडीह को आकांक्षी जिला बनाया जायेगा। नतीजा यह हुआ कि प्रधानमंत्री आवास भी बंद हो गया। उन्होंने कहा कि यह सरकार महंगाई, विकास और रोजगार के नाम पर बनी थी लेकिन हालात बदलने के जगह केवल नाम बदला गया। कहा कि जो चार सौ सीटों की मांग कर रहें हैं वे मनरेगा की मजदूरी 400 क्यों नहीं कर रहें हैं ।

## नौ दिवसीय श्री श्री रामचरितमानस मानस नवाह्न परायण यज्ञ हवन व पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न

**प्रभु श्री राम से जारंगडीह वासियों ने सुख, शांति, समृद्धि की मंगल कामनाएं की**



संवाददाता

**कथारा :** जारंगडीह में नौ दिवसीय श्री श्री रामचरितमानस नवाहन परायण यज्ञ मंगलवार को हवन व पूणार्हुति के साथ सम्पन्न हो गया। मंगलवार को अंतिम दिन पूजन के अवसर पर सुबह से हीं जारंगडीह सहित खेतको, कथारा, जरीडीह बाजार, संडे बाजार, कुरपनिया के लोग पूजा अर्चना व परिक्रमा को लेकर भारी संख्या में जुटे और पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के उपरांत यज्ञ आचार्य पुरेन्द्र जी महाराज के द्वारा तथा सहयोगी पुरोहित कपिल देव पांडेय के द्वारा हवन व पूणार्हुति पूरे विधिविधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न कराया जहां मुख्य यजमान के रूप में बंसत ओझा और उनकी धर्मपत्नी तथा योगेन्द्र सोनार और उनकी धर्मपत्नी के अलावे दर्जनों भक्त मौजूद थे। जो हवन और पूणार्हुति कर जारंगडीह सहित समस्त देशवासियों के लिए सुख समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं की। इस दौरान जारंगडीह का माहौल भक्तिमय बना रहा चहुं ओर वैदिक मंत्रोच्चारण की गूंज गूंजती रही।

वहीं यज्ञ के इस आयोजन में देश भर से मानस मर्मज्ञ और राम कथा के विद्वान अपनी ओजस्वी वाणी से लगातार नौ दिनों तक रामकथा का रसपान कराए। इसी क्रम में अयोध्या से पधारे मुख्य प्रवक्ता जगत गुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य जी महाराज तथा बाल विदुषी हर्शिका किशोरी जी का प्रवचन सुनने दूर दराज से श्रोतागण पहुंचे। जिनमें बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी, श्रमिक संगठन के नेताओं में वरुण कुमार सिंह ,राज कुमार मंडल, सचिन कुमार, रामेश्वर मंडल, अंजनी सिंह आदि शामिल हुए। जंहा शामिल लोगों ने प्रभु श्री राम की प्रतिमा का चरण स्पर्श कर जन कल्याण के लिए प्रार्थना कर आशीर्वाद लिया। यज्ञ को विधिवत सम्पन्न कराने में नेमचंद मंडल, निर्मल मंडल, नंदकिशोर आदि सहित यज्ञ कमेटी के तमाम सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

## निर्दलीय प्रत्याशी डॉ उषा सिंह सबसे बेहतर प्रत्याशी: रामकिंकर

संवाददाता

**बेरमो :** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. उषा सिंह के समर्थन में सुशासन दल के केंद्रीय अध्यक्ष रामकिंकर पांडेय लगातार क्षेत्र का दौरा कर वोट मांग रहे हैं। मंगलवार को श्री पांडेय ने फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत अपने आवासीय कार्यालय झब्बु सिंह मेमोरियल कॉलेज के निकट कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी पर निशाना साधा और कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से पहली बार सुशिक्षित निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में डॉ० उषा सिंह चुनाव मैदान में हैं जिनके पक्ष में जनता का रुझान बढ़ रहा है और वह निश्चित रूप से चुनाव जीतेगी और क्षेत्र से बेरोजगारी दूर करने के साथ-साथ क्षेत्र का विकास करेंगी यही जनता का भरोसा है। उन्होंने कहा कि शिक्षित वर्ग और जागरूक लोगों का समर्थन मैडम को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे एनडीए के आजसू पार्टी प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी हों या इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो हों दोनों विकास के मामले में फेल हैं।



पैसे से बाहर के लोगों का भीड़ जुटाना वोट नहीं होता। कहा कि चंद्रप्रकाश चौधरी विकास की पुस्तक बांट रहे हैं तो जमीन में विकास कहां है। जनता को विकास कार्य क्यों नहीं दिख रहा है। यदि विकास किए हैं तो पीएम मोदी जी के नाम पर क्यों वोट मांग रहे हैं। झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो का विधायक के रूप में टुंडी का विकास के नाम पर गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में वोट मांग रहे हैं जबकि टुंडी के गांवों में अच्छा सड़क तक नहीं है इस क्षेत्र के अधिकतर गांवों से बेरोजगार युवा दूसरे प्रदेशों में पलायन कर चुके हैं। अब जनता उन्हें रिजेक्ट कर चुकी है। जनता उन्हें वोट देने वाली नहीं हैं। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मैडम उषा सिंह का विकास और बेरोजगारी दूर करने का रोड मैप तैयार है चुनाव जीतकर उद्योग लगाकर बेरोजगारी दूर करना प्राथमिकता में रहेगी।

## मोटर वाहन दुर्घटना के लिए आयोजित विशेष लोक अदालत को लेकर बैठक का आयोजन

संवाददाता

**गिरिडीह :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मनोज प्रसाद के आदेशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवम राजेश कुमार बग्गा के नेतृत्व में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से आगामी बुधवार को मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों के लिए आयोजित किए जाने वाले विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवम राजेश कुमार बग्गा ने कहा कि मोटर वाहन दुर्घटना वाद में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए प्रदान किया गया है। इन दिशा निर्देशों का अनुपालन विभिन्न स्तरों पर किए जाने से मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित पक्षकारों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है तथा अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन हो सकता है।



इसी के तहत झालसा रांची के निदेर्शानुसार बुधवार को गिरिडीह न्याय मंडल में मोटर वाहन दुर्घटनावद से संबंधित मामलों के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत में पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने के लिए सभी स्टेकहोल्डर को मिल जुल कर कार्य करने की आवश्यकता है। इसमें बीमा कंपनी के विद्वान अधिवक्ताओं एवं क्लेमेंट के अधिवक्ताओं की अहम भूमिका हो जाती है। इसी कड़ी में आज आप लोगों के साथ विचार विमर्श करने हेतु इस बैठक का आयोजन किया गया है, ताकि इस विशेष लोक अदालत में गिरिडीह न्याय मंडल से मोटर वाहन दुर्घटना वाद संबंधित मामलों का अधिक से अधिक निष्पादन कर पक्षकारों को इसका त्वरित लाभ प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम में क्लेमेंट के अधिवक्ता, बीमा कंपनियों के अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमति सोनम बिश्नोई ने किया।

# अर्द्धसैनिक बलों से लदी बस पलटी, एक जवान की मौत

**कई जवानों के घायल होने की सूचना**

संवाददाता

**गिरिडीह :** बगोदर थाना क्षेत्र के घाघरा कॉलेज के समीप मंगलवार को अर्द्धसैनिक बलों से लदी एक बस पलट गई। घटना में एक जवान की मौत हो गई। जबकि करीब 12 जवान घायल हुए हैं। मृतक जवान की पहचान विकास भगत के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बस गिरिडीह से गढ़वा जा रही थी, इसी दौरान यह हादसा हुआ। घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए बगोदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते हीं एसपी दीपक कुमार शर्मा, एसडीपीओ धनंजय राम और बगोदर थाना प्रभारी सुख सागर सिंह सहित कइ अधिकारी घटनास्थल पहुंचे और राहत व बचाव कार्य में जुट गए।



### हादसा कैसे हुई ?

बताया गया कि शिखर ट्रेवल्स नामक बस जीटी रोड़ डुमरी की तरफ से बगोदर की ओर जा रही थी। इसी दौरान बस एक बाइक सवार को बचाने के क्रम में असंतुलित होकर डिवाइडर में चढ़ गयी और बस का टायर फटने से सीधे सड़क पर जाकर पलट गयी। इस घटना में बस में सवार एक पुलिस जवान की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं बस में सवार 12 जवान घायल हो गए। बताया जाता हैं कि बस में कुल 40 जवान सवार थे।

### राहत के साथ बचाव में जुटे ग्रामीण

घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गयी। वहीं सूचना पाकर बगोदर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बगोदर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायल जवानों को इलाज के लिए बगोदर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया।

जहां चिकित्सक ने गम्भीर रूप से घायल चार जवानों को प्राथमिक उवचार कर बेहतर इलाज के लिए धनबाद पीएमसीएच रेफर कर दिया। वहीं अन्य मामूली रूप से घायल जवानों का इलाज बगोदर अस्पताल में किया जा रहा है।

### बगोदर अस्पताल पहुंचे एसपी, घायलों से मिलकर बंधाया ढाढस

इधर घटना की सूचना मिलने के बाद गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा बगोदर अस्पताल पहुंचे और घायलो का हाल जाना। साथ हीं गभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद भेजने में सहयोग किया। घटना को लेकर बगोदर अस्पताल में घायल जवानों को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी हुई थी।

## जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है : डीपी लाला

संवाददाता

**फुसरो :** बोकारो से तोपचांची जाने के दौरान गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी द्वारका प्रसाद लाला ने अपने समर्थकों के साथ पेटरवार प्रखंड के पिछरी, फुसरो, बेरमो, मकोली आदि जगहों पर जनसंपर्क कर लोगों से समर्थन मांगा।



श्री लाला ने कहा कि मैं हिंद मजदूर किसान पंचायत का महामंत्री हूं जिसके कारण कोयला मजदूरों, किसानों और आम जनता का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है। चुनाव जीत कर कोल इंडिया के मजदूरों को अधिक से अधिक सुविधा दिलाऊंगा। आगामी 25 मई को मतदान के दिन जनता मेरे पक्ष में मतदान कर भारी मतों से जिताएगी। कहा कि दल से बंधे प्रत्याशी पार्टी के बिना आदेश के कुछ नहीं बोल सकते और मैं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कोई भी समस्या उठाने को स्वतंत्र होऊंगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव जीतकर प्राथमिकता के आधार पर बेरोजगारों को रोजगार दिलाकर पलायन रोकने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव जीतकर गांव-गांव में विकास और किसानों को अधिग्रहण के एवज में नौकरी मुआवजा दिलाने का आवाज लोकसभा में उठाऊंगा। कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास मेरी दूसरी प्रार्थमिकता रहेगी। उनके साथ अनेकों कार्यकर्ता थे।

## एक नजर

### सघन सड़क जांच अभियान में विभिन्न मामलों को लेकर डेढ़ लाख का जुर्माना



**धनबाद ।** सघन सड़क जांच अभियान के क्रम में धनबाद पुलिस ने मंगलवार को विभिन्न वाहनों की जांच कर लगभग डेढ़ लाख रुपए का जुमार्ना वाहन चालकों से वसूली है। यह जांच मेमको मोड़ सहित शहर के विभिन्न इलाकों में लगाकर पुलिस की टीम ने चार पहिया व दो पहिया वाहनों की जांच पड़ताल की। समाचार लिखे जाने तक सघन जांच अभियान जारी था। डीएसपी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि वैसे तो शहर के विभिन्न चेक पोस्ट पर जांच अभियान नियमित रूप से चलता ही है। लेकिन सोमवार की 8 लेन सड़क दुर्घटना को लेकर जांच अभियान तेज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए जिन वाहनों से जुमार्ना की वसूली की गई है उनकी समस्याएं इस प्रकार है। जैसे हेलमेट नहीं लगाना, सीट बेल्ट नहीं बांधना, ब्लैक फिल्म लगाकर चलना तथा ड्राइविंग लाइसेंस पास में न रहना सहित अन्य प्रकार की गड़बड़ियां पाई गई। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन न करने से न केवल वाहन चालक बल्कि समय-समय पर राहगीरों को भी परेशानियां झेलनी पड़ती है इसीलिए ऐसे मौके पर अभियान तेज करना पड़ता है।

### स्क्रूटनी में 3 प्रत्याशियों का नामांकन अस्वीकार

**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्राप्त सभी 28 नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की। स्क्रूटनी के दौरान कुछ उम्मीदवार स्वयं और कुछ उम्मीदवार के प्रतिनिधि मौजूद थे। स्क्रूटनी में 3 प्रत्याशी हीरा लाल शंखवार, नारायण गिरी तथा गौतम कुमार महतो का नामांकन अस्वीकार किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 9 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है। धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। 4 जून 2024 को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, आर.ओ. सेल के नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला तथा अन्य लोग मौजूद थे।

### ओबीसी मोर्चा की बैठक में शामिल हुए ढुल्लू

**कुमारधुबी ।** लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी प्रत्याशी पूरे दम खम के साथ मैदान में उतर चुके हैं और डोर टू डोर प्रचार कर अपना पसीना बहा रहे हैं और अपनी जीत का दावा भी कर रहे हैं। इसी कड़ी को लेकर मंगलवार को धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो एगयारकुंड के आशीर्वाद मैरिज हॉल में ओबीसी कार्यकर्ता के सम्मेलन में पहुंचे। वहीं उन्होंने कहा कि आपका बेटा आपके सुख दुख के लिए 24 घंटे खड़ा है और यहां जितनी भी समस्याएं है सबका समाधान करेंगे। इसलिए ऐसा प्रत्याशी चुनिए जिससे क्षेत्र का विकास हो सके। ढुल्लू महतो ने लोगों से आगामी 25 मई को कमल फूल छाप में वोट देकर भाजपा को भारी से भारी मतों से विजई बनाने की अपील की। मौके पर निरसा विधायक अर्पण सेनगुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, जिला अध्यक्ष महादेव कुंभकार, चिरकुंडा नगर परिषद के न्यूवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी, मंडल अध्यक्ष चरणजीत मोदी, विजय सिंह, मनु तिवारी, अनीष सिंह, विनोद दास, प्रशांत अजय चौधरी मनोज चंद्रवंशी, दुर्गा देवी मिथिलेश कुमार, संजय ठाकुर, गुड्डू सिंह, सहित भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अनूप खिनची ने किया वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**धनबाद ।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर धनबाद संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची ने मंगलवार को धनबाद संसदीय क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जोनल ट्रेंनिंग स्कूल भूली में मतदान केंद्र संख्या 78,79, 80,82 तथा 83 का निरीक्षण किया। इसके बाद वासेपुर स्थित धनबाद सिटी स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 56 57 वासेपुर कमर मजदूमी रोड स्थित उर्दू प्राइमरी स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 87,88 का निरीक्षण किया। साथ हीं उन्होंने मटकुरिया स्थित अपग्रेडेड मिडिल स्कूल में मतदान केंद्र संख्या 71, 72 और 73 का भी निरीक्षण निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित बूथ के बीएलओ सुपरवाइजर को सभी मतदान केदो के एपिसोड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने के अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

#### ईसीआरकेयू ने मंडल रेल प्रबंधक को लिखित ज्ञापन सौंपा

# रेलकर्मियों को पेयजल उपलब्ध कराएं : मो ज्याऊद्दीन



संवाददाता

**धनबाद ।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक धनबाद को रेलकर्मियों की विभिन्न मांगों को पूरा नहीं किए जाने तथा बुनियादी सुविधाओं की बहाली के प्रति प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा। इसमें मांगों के समाधान किए जाने के आग्रह के साथ साथ यह भी मांग की गई है कि रेल कर्मियों की लंबित समस्याओं के समाधान होने तक मंडलीय कर्मचारी कल्याण कोष की राशि से प्रस्तावित अंडमान टूर कार्यक्रम को स्थगित किया जाय। उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री एवं धनबाद मंडल पी एन एम प्रभारी मो० ज्याऊद्दीन ने बताया कि इन मांगों को यूनियन पिछले दो साल से पी एन एम फोरम पर उठा रहे हैं, लेकिन रेल प्रशासन उपेक्षित और उदासीन व्यवहार कर रहा है। प्रशासन के इस टालमटोल की नीति से मंडल के अधिकांश रेलकर्मी काफी आक्रोशित हैं। एक तरफ दुर्गम भौगोलिक क्षेत्र में काम कर रहे रेलकर्मी पेयजल जैसे बुनियादी सुविधाओं के अभाव को झेलने को विवश हैं। वहीं रेल प्रशासन ने कर्मचारियों के कल्याण कोष के पैसों से अंडमान टूर पर जाने के लिए आवेदन पत्र मंगाए हैं। अपने कठिन परिश्रम से रेलकर्मी धनबाद मंडल को नित नये ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं और बदले में प्रशासन उनके वाजिब भत्तों के भुगतान में असमर्थता जता रही है। सेक्शन में कुछ सुपरवाइजर निरंकुश व्यवहार कर रहे हैं और अपने मातहत कर्मचारियों का मानसिक व शारीरिक शोषण कर रहे हैं। मंडलीय अधिकारियों तक बात पहुंचाए जाने पर वो सुपरवाइजर का हीं पक्ष लेते हैं और निचले स्तर के कर्मचारियों का स्थानांतरण कर देते हैं। उन्होंने कहा कि ईसीआरकेयू की डिविजनल कमीटी की आपात जूम बैठक में इस बात को लेकर सर्व सहमति हुई है कि रेलकर्मियों की मांगें जब तक पूरी नहीं होती हैं तब तक टूर कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाना चाहिए। ईसीआरकेयू ने अपनी मांगों की सूची और टूर कार्यक्रम को निलंबित करने का आग्रह पत्र मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी को सौंप दिया है और अब निर्णय मंडल रेल प्रशासन के हाथों में है। यूनियन के मीडिया प्रभारी एन के खवास में बताया कि डिविजनल कमिटी की जूम बैठक में अपर महामंत्री मो० ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता और नेताजी सुभाष एवं एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा सहित चोपन टू शाखा सचिव सी पी पाण्डेय, चोपन वन के सचिव उमेश सिंह, डाल्टनगंज सचिव सुनील कुमार सिंह, पतरातू टू के सचिव अजीत कुमार, पतरातू वन सचिव आर एन चौधरी, बरकाकाना सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, चन्द्रपुरा सचिव चंदन शुक्ल, गोमो सचिव पी के सिन्हा, गझंडी कोडरमा सचिव बी बी सिंह, धनबाद वन सचिव बी के दूबे,धनबाद टू सचिव आर के सिंह, धनबाद लाईन सचिव जे के साव, कतरास सचिव आई एम सिंह, पाथरडीह सचिव बी के साव ने उपस्थित होकर अपने विचार रखे।

## बलियापुर बीडीओ में चलाया मतदान जागरूकता अभियान



संवाददाता

**बलियापुर ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेर्शानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी शैलेश कुमार पांडेय की उपस्थिति में मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर अभियान के तहत सिंदरी नगर निगम क्षेत्र स्थित मतदान केंद्र संख्या 388 एवं 392 बुनियादी विद्यालय बीआईटी सिंदरी ने इअङ्क की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से इस अभियान को चलाया जा रहा है एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने के लिए सभी सदस्यों को इस अभियान से जुड़ना है। इसी अभियान के तहत एक कार्यक्रम डीएवी पब्लिक स्कूल रांगामाटी सिंदरी में आयोजित हुई। कार्यक्रम में इएलसी सदस्य छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता प्रति, सेल्फी एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक व सभी शिक्षकों ने भाग लिया। निरीक्षण के दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी उपस्थित पाए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने गहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिंदरी थाना प्रभारी शैलेश कुमार पांडेय भी उपस्थित थे।

## कैंडल जलाकर व रंगोली बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक



संवाददाता

**धनबाद ।** धनबाद प्रखण्ड अन्तर्गत मुनीडीह बाजार के इंदिरा चौक में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कैंडल जलाकर एवं रंगोली बनाकर आम नागरिकों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत दुबराजडीह एवं बरडुभी के मुखिया रमेश कुमार सिंह तथा मनोज कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुधीर कुमार सिंह, राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य चन्द्रदेव प्रसाद, सहायक शिक्षक राजु कुमार, बूथ संख्या 449 की बीएलओ शीला सिंह, बूथ संख्या 443 की उषा देवी, बूथ संख्या 442 की रेशमी देवी, ग्राम रोजगार सेवक इनायतुल्लाह, जेएसएलपीएस की स्नेह लता भारती के अलावा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी मधुसूदन पासवान ने 25 मई को सभी से अपने - अपने मतदान केंद्रों पर जाकर निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की।

## मेगा रक्तदान शिविर सह रक्तदाता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता

**धनबाद ।** मधुमिता एंड मेड फाउंडेशन के संस्थापक गोपाल भट्टाचार्य की पत्नी स्वर्गीय श्रीमती मधुमिता भट्टाचार्य के जन्मदिन के अवसर पर आज गीता श्री भवन हीरापुर धनबाद में मेगा रक्तदान शिविर सह रक्तदाता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक द्वारा कुल मिलाकर 90 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। धनबाद के विधायक राज सिन्हा और सीआईएसएफ के डीआइजी विनय काजला की पत्नी श्रीमती सुमन काजला और कांग्रेस नेता वैभव सिन्हा ने भी रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रेरित करने के लिए श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह विधायक झरिया और विनय काजला डीआइजी सीआईएसएफ उपस्थित थे। आज के शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी रक्तदान किया। आज कुल 30 महिलाओं ने रक्तदान किया। 10 युवा लड़के और लड़कियों ने पहली बार रक्तदान किया और वे बहुत उत्साहित थे। शिविर के सभी दानदाताओं का धन्यवाद ज्ञापन किया गया । उन सभी मीडियाकर्मियों और सभी प्रेरकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया है।

## इंडिया गठबंधन की एग्यारकुण्ड में प्रखंड स्तरीय बैठक माले कार्यालय में हुई संपन्न



संवाददाता

**धनबाद ।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन की एग्यारकुण्ड में प्रखंड स्तरीय बैठक 7 मई को मैथन रोड स्थित माले कार्यालय में हुई। जिसमें गठबंधन के सारे दलों के नेताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता माले नेता नागेन्द्र कुमार ने की। बैठक में एग्यारकुण्ड प्रखंड स्तरीय 27 सदस्यीय चुनाव संचालन समिति की गठन की गई।जिसमें कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जियाउल हुसैन संयोजक बनाए गए और सह संयोजक झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन माले के प्रखंड सचिव मनोरंजन मलिक सीपीएम के प्रखंड सचिव सोमना लहरी सीपीआई के प्रखंड सचिव रामशोभित प्रसाद, राजद के घमण्डी यादव बनाए गए।

मौके पर मुख्य रूप से चुनाव प्रभारी श्यामल सरकार,सदन सिंह व संतोष घोष,शशीभूषण तिवारी,दुर्गा दास मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में मंहगाई-रोजगार विरोधी भाजपा हटाओ,लोकतंत्र-संविधान बचाओ नारे के साथ लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जिताने का आह्वान किया गया। एग्यारकुण्ड प्रखंड के सारे बूथों पर गठबंधन के मजबूत बूथ कमिटि बनाने का निर्णय लिये गए। मौके पर काशीम अंसारी, सिराजुद्दीन अहमद,बासुदेव महतो,फहीम अहमद, के के त्रिपाठी, जितेंद्र शर्मा, सत्येन्द्र चौहान, मुन्ना चौहान, कमलेश सिंह, सुरेन्द्र पासवान, रवि साव व दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## नव भारत साक्षरता समिति गोविंदपुर के प्रखण्ड समन्वयक के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



संवाददाता

**गोविंदपुर ।** प्रखण्ड साक्षरता कार्यालय गोविंदपुर में जिला नव साक्षरता समिति धनबाद प्रखंड इकाई गोविंदपुर व ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा नव भारत साक्षरता समिति गोविंदपुर के प्रखण्ड समन्वयक स्व० प्रकाश मिश्रा की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यरूप से संस्थापक सचिव जिला साक्षरता वाहिनी धनबाद सह भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ० काशी नाथ चटर्जी मौजूद थे व संचालन संचालन रामचंद्र सिंह ने किया। श्रद्धांजलि सभा में पुष्प अर्पित करने के पश्चात उनकी आत्म शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा में अपने विचार रखते हुए भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ० काशी नाथ चटर्जी ने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि स्व० प्रकाश मिश्रा का कम उम्र में चले जाना बहुत हीं दुखद है। वर्ष 1994 से जुड़कर साक्षरता आंदोलन से जुड़कर गोविंदपुर प्रखंड के अंतर्गत कार्य कर रहें थे। जिला साक्षरता समिति व ज्ञान विज्ञान समिति में काफी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, गोबिंदपुर साक्षरता आंदोलन के स्तंभ रहे है। उनकी मृत्यु से सामाजिक आंदोलन को बहुत हीं हानि हुई है। हम ज्ञान विज्ञान और साक्षरता आंदोलन के साथी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके याद में हर पंचायत में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करेंगे और साक्षरता आंदोलन तथा सामाजिक आंदोलन के विस्तार के लिए अब एक बैठक भी आयोजित करेंगे। श्रद्धांजलि सभा में प्रखण्ड नव भारत साक्षरता समिति व ज्ञान विज्ञान समिति से मनोज कुमार पंडित, भोला नाथ राम, विवेकानंद पांडेय, सफीक आलम, रामदेव कुमार महतो, मुस्तकीम अंसारी , मिनाहुल्लाह अंसारी , फिरोज , उकेश्वर पांडे , विजया लक्ष्मी , अर्चना देवी , रेखा शर्मा , जोबा देवी , सपना देवी , सुनीता देवी , गीता देवी , नीलम देवी , टूम्पा देवी , अताउल , सत्येंद्र रजक आदि लोगों ने अपने विचार रखे।

# मोदी के सपने का शहर है धनबाद: कुमार महतो

**विदित हो कि पिछले 8 लोकसभा में 7 बार यहां से लगातार भाजपा जीत चुकी है**





संवाददाता

**सिंदरी ।** आप सभी अपने एक वोट के महत्व को बहुत हीं अच्छी तरह जानते हैं। वर्ष 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया कि पुरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लग गई। आज भारत का पुरी दुनिया में डंका बज रहा है। धनबाद जिला जो फिलहाल संसदीय चुनाव को लेकर पूरा मशगूल है, उसमें भी भाजपा जिसके नाम से धनबाद की पहचान है। विदित हो कि पिछले 8 लोकसभा में 7 बार यहां से लगातार भाजपा जीत चुकी है। पिछले तीन चुनावों से पशुपतिनाथ सिंह सांसद के पद पर आशिन हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में उन्होंने 4,86,194 मतो से जीत हासिल की थी। पूरे भारत में जीत का यह सबसे बड़ा मार्जिन था। ऐसे में अन्य पार्टियों की बस्ता बंद है। सिंदरी विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि भगवा छोड़ कोई भी रंग धनबाद संसदीय क्षेत्र में ना दिखा है और अब ना दिखेगा। केंद्र सरकार के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने का शहर है धनबाद, इसलिए हर्ल का निर्माण भी हुआ और उद्घाटन भी। इतना हीं नहीं हर घर जल योजना, शौचालय बनवाना, मकान बनवाना, गरीबी रेखा से नीचे रह रहे लोगों के बीच रासन वितरण, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, तीन तलाक आदि। इतना ही नहीं बल्कि एक देश एक झंडा के अंतर्गत जम्मू कश्मीर में तिरंगा का फहराया जाना एक सुकून बाली बात है, हर सनातनियों के लिए। कुमार महतो ने ये भी कहा कि आनेवाले वक्त में पुरे देश में मात्र एक हीं पार्टी अस्तित्व में होगी, वो भाजपा है। इसी परिप्रेक्ष्य में भाजपा के संसदीय प्रत्याशी ढुल्लु महतो क्षेत्र में घूम रहे हैं, जहाँ उन्हें अपार स्नेह, आशीर्वाद एवं भरोसा दिया जा रहा है। जिससे जान पड़ता है कि पुनः भाजपा मय धनबाद की धरती हो जाएगी। सभी लोगों की जुबान पर एक ही नारा है, जय भाजपा, विजय भाजपा एवं अबकी बार 400 पार।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के आर्देशानुसार 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' स्वीप कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता

**कुमारधुबी ।** एगयारकुंड प्रखंड अंतर्गत 162 विभिन्न मतदान केंद्रों पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के आदेशानुसार बूथ जागरूकता समूह की बैठक आयोजित कर मतदाता शपथ का प्रतिज्ञापन एवं मतदाता जागरूकता संबंधित विविध गतिविधियों मैं भी इलेक्शन एंबेसडर के तहत स्वीप कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का अवलोकन करने प्रखंड विकास पदाधिकारी एगयारकुंड मधु कुमारी, मध्य विद्यालय एगयारकुंड स्थित मतदान केंद्र संख्या 327 ,328, 329 प्राथमिक विद्यालय मुंडापारा स्थित मतदान केंद्र संख्या 321, 332, पंचायत सचिवालय शिवलीवाडी मध्य 297, मध्य विद्यालय पोटारी कुमारधुबी स्थित मतदान केंद्र संख्या 294, 295 ,296 पहुंची। बीडीओ ने कहा कि आज संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे के मध्य सभी सोशल मीडिया हैंडल्स मै भी इलेक्शन एंबेसडर सोशल मीडिया कंपेजिंग संचालित किया जाना है। कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा, राजीव रंजन मिश्रा, कन्हैया सिंह, पुरुषोत्तम सिंह ,अरुण कुमार सिंह, पवन करण,कालीचरण कुमार ,मुखिया अजय राम, अनामिका देवी ,अनीता देवी ,रेखा बाउरी, सावित्री बाउरी, गीता देवी, प्रमोद राव ,ज्योति कुमारी, सोना कुमारी दास ,विदन मंडल, पंपी खां आदि लोग उपस्थित थे।

## सुभाषितम्

**नर हो न निराश करो मन को। कुछ काम करो, कुछ काम करो। जग में रहकर कुछ नाम करो? - मैथिलीशरण गुप्त**

## फाइव आइज की साजिश

हम सभी जानते हैं, भारत में इस वक्त लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। तीसरे चरण के बाद अब चौथे चरण की वोटिंग की तैयारी है। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है, जिसमें कि भारत विरोधी यही चाहते हैं कि भाजपा की सत्ता केंद्र में न आए, मोदी फिर से भारत के प्रधानमंत्री न बनें । भारत पहले की तरह ही कई मोर्चों पर संघर्ष करता हुआ कमजोर दिखाई दे। अब इसके लिए भाजपा एवं मोदी से विरोध करनेवाली शक्तियां तो देश के अंदर काम कर ही रही हैं, किंतु इन दिनों ऐसी शक्तियों को विदेशों में भी पुख्ता माहौल बनाते हुए देखा जा सकता है। वस्तुतः पाकिस्तान, चीन, समेत कई देश जो भारत को सहन नहीं कर पा रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते ही थे, लेकिन अब यूरोप समेत विशेष तौर पर इंग्लैण्ड और अमेरिका जैसे विकसित देशों ने भी लगातार केंद्र की मोदी सरकार को घेरना जारी रखा है, जिसमें कि उसके सामने आज का सबसे बड़ा कोई विषय है तो वह है भारत का अल्पसंख्यक वर्ग, विशेषकर यहां की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या यानी कि मुलसमान। इस संदर्भ में यह तथ्य सामने आया है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने मोदी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोलकर रखा है। इन पांच देशों की सरकार समर्थक मीडिया हर दिन भारत विरोधी कोई नई रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इन रिपोर्टों में तथाकथित सूत्रों के आधार पर मोदी सरकार को निशाना बनाया जा रहा है। वह मोदी सरकार पर लगाम कसने के लिए वामपंथी मीडिया और अपने स्वयं के वित्त पोषित ब्रॉडकास्टर को खुफिया जानकारी लीक कर रहे हैं तथा भ्रम फैलानेवाली झूठी रिपोर्ट बड़े स्तर पर स्वयं से तैयार करने के साथ ही करवा रहे हैं, जिसमें से एक नैरेटिव यह गढ़ा जा सके कि भारत में मुसलमान मोदी राज में बहुत कमजोर पड़े हैं। वे खतरे में हैं और उन पर हिन्दू नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए भयंकर अत्याचार हो रहे हैं। इस बात को समर्थन देने एवं जोर देते हुए आप ऑस्ट्रेलिया के अखबार ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू, अमेरिकी अखबार द वाशिंगटन पोस्ट, द न्यूयॉर्क टाइम्स, सीएनएन, टाइम मैगजीन, ब्रिटेन के अखबार द गार्जियन, बीबीसी, फ्रांस के प्रसिद्ध समाचार पत्र ले मोंड समेत अन्य कई को आप देख भी रहे थे, जिनमें कि इस प्रकार कि रिपोर्ट्स लगातार प्रकाशित की जा रही हैं। लेकिन इसी कड़ी में अब सीएनएन में शामिल हो गया है। अमेरिकन मीडिया संस्थान सीएनएन ने भारत के पवित्र शहर में बढ़ते हिंदू राष्ट्रवाद से मुसलमान डरे हुए हैं (Rising Hindu nationalism leaves Muslims fearful in India's holy city) शीर्षक से एक खास लेख कम विशेष स्टोरी प्रकाशित की है। इसमें इस बार वाराणसी (काशी) प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा चुनाव क्षेत्र को चुना है और यह बताने की कोशिश की है कि भारत के मुसलमाना मोदी राज में बहुत डरे हुए हैं और वे नहीं चाहते कि भाजपा केंद्र में सरकार बनाने में सफल हो और मोदी फिर से सत्ता में आए। इन सभी की यही सोच है कि यदि मोदी फिर से सत्ता में आ गए तो भारत को वे हिन्दू राष्ट्र बना देंगे। सनातनी भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बहुत अधिक बढ़ जाएंगे। सीएनएन कह रहा है कि मोदी की भाजपा की जड़ें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में हैं, जो एक दक्षिणपंथी अर्धसैनिक संगठन है जो भारत के भीतर हिंदू वर्चस्व की वकालत करता है। ऐसे में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में अब इसकी 200 मिलियन से अधिक मजबूत मुस्लिम आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मोदी के दोबारा चुने जाने की संभावना पर डर व्यक्त कर रहा है। वाराणसी के कई मुसलमान उपेक्षित महसूस करते हैं, यहां तक कि उनके साथ विश्वासघात होने की बात करते हैं, खासकर जब एक सदियों पुरानी मस्जिद ज्ञानवापी की बात हो।

## चिंतन-मनन

### व्यापारी के बेटे

एक व्यापारी के दो पुत्र थे। मरने से पहले उसने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बराबर-बराबर बांट दी। एक पुत्र ने अपने व्यापार को काफी बढ़ाया। वह अत्यंत संपन्न होकर समाज के प्रतिष्ठत लोगों में गिना जाने लगा। जबकि दूसरे को व्यापार में घाटा हो गया और उसके परिवार को दो जून की रोटी जुटाने में भी अत्यंत तकलीफें उठानी पड़ीं। अपने भाई की तरक्की और अपनी दुर्दशा देखकर दूसरा भाई एक संत के आश्रम में पहुंचा और बोला, महाराज, मुझे लगता है कि ईश्वर केवल कल्पना है और यदि उसका अस्तित्व कहीं है भी तो वह पक्षपाती है। क्या वह भी पक्षपात करता है? मैं और मेरे भाई दोनों एक ही पिता की संतान हैं। पिता ने दोनों को बराबर हिस्सा दिया। लेकिन वह लगातार तरक्की कर रहा है और मैं रसातल की ओर जा रहा हूं। भला ऐसा क्यों? उसकी बात सुनकर संत उसे अपने साथ एक बगीचे में ले गए और बोले, देखो, वहां एक कोने में गन्ना बोया हुआ है, दूसरे कोने में चिरायता है, एक ओर चमेली के फूल अपनी सुगंध बिखेर रहे हैं तो दूसरी ओर गुलाब के पौधों पर फूलों के साथ कांटे भी नजर आ रहे हैं । इनकी इस भिन्नता के लिए इन्हें पैदा करने वाली जमीन दोषी या पक्षपाती नहीं है। जैसा बीज बोया गया है वैसा ही फल मिला है। सुख-दुख और उन्नति-अवनति के लिए ईश्वर जिम्मेदार नहीं बल्कि स्वयं मनुष्य जिम्मेदार है। उसके कर्म और संस्कार जिम्मेदार हैं। तुम्हारे भाई ने मेहनत और योग्यता से अपने काम को संभाला तो उसकी उन्नति होती गई, इसके विपरीत तुमने आलस्य और भोग-विलास में अपना समय व्यतीत किया तो तुम्हारा धन धीरे-धीरे खत्म होता गया। तुमने मेहनत की ही कब थी जो ईश्वर को दोष दे रहे हो। जैसा कर्म तुमने किया है वैसा ही फल पाया है। ह सुनकर दूसरे पुत्र की आंखें खुल गईं। वह अपनी गलती सुधारने का निश्चय कर वहां से चला आया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।
**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।
**मिथुन :** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।
**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।
**सिंह :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।
**कन्या :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।
**तुला :** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।
**वृश्चिक :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।
**धनु :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।
**मकर :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।
**कुंभ :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।
**मीन :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

# पहाड़ का विनाश करती वनों की आग!



मनोज कुमार अग्रवाल

इस बार भी गर्मी बढने के साथ ही पहाड़ के वन क्षेत्र से आग की घटनाएं सामने आ रही है। यह कोई नया नहीं है हर साल पहाड़ पर आग की घटनाएं लगातार घटने के स्थान पर बढ़ती ही जा रही है ऐसी स्थिति में सबसे पहले उन कारणों पर गौर करना जरूरी है जिनके कारण जंगल जल रहे हैं। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों मे इन दिनों जंगल आग की चपेट में हैं। इस फायर सीजन में जंगल की आग की 886 घटनाएं हो चुकी हैं। जिसकी चपेट में आकर अब तक पांच की मौत और पांच लोग घायल हो चुके हैं। वहीं, 1107 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। उत्तरकाशी जिले की बाड़ाहाट रेंज से लेकर धरासू रेंज के जंगल अधिक जल रहे हैं। उत्तराखंड में जंगल की आग भयावह हो गई है। शुष्क मौसम के चलते तेजी से फैल रही आग काल बन रही है। लगातार बढ़ रही आग की घटनाओं में बीते रोज तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। जबकि, एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। शुक्रवार को 24 घंटे के भीतर प्रदेश में आग की 64 नई घटनाएं हुईं, जिनमें कुल 75 हेक्टेयर वन क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा है। विभाग के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो अब तक 19.55 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल गए हैं। जहां धुएं से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है, वहीं आग बुझाने में वन विभाग नाकारा साबित हो रहा है। आग का एक बड़ा कारण स्थानीय ग्रामीण लोगों की नादानी है वह सूखी पत्तियों के सफाए के लिए आग जलाने की गलती करते हैं यही आग बढ़ कर भारी क्षति का कारण बनती है।

उत्तराखंड में जंगलों के झुलसने का सिलसिला जारी है। वन विभाग सेना के सहयोग से लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। शरारती तत्व भी वन विभाग की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। अब तक इस सीजन में जंगल में आग लगाने पर वन संरक्षण अधिनियम और वन अपराध के तहत 350 मुकदमे दर्ज कराए जा चुके हैं। जिनमें 290 मुकदमे अज्ञात और 60 मुकदमे ज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध कराए गए हैं। साथ ही अब तक कुल 58 व्यक्तियों को जंगल में आग लगाने पर गिरफ्तार किया जा चुका है। वन विभाग की ओर से मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

गर्मी चरम पर है एक ओर देश के कई हिस्सों में तापमान 44 वर्ष के रिकॉर्ड तोड़ चुका है और 'आसमान से अग्निवर्षा अभी जारी है। वहीं, उत्तराखंड में भी पारा तीस से पार पहुंच गया है ऐसे में जंगल जलने लगे हैं। देखते ही देखते दावानल ने विकराल रूप धारण कर लिया है और अब जंगलों की इस आग को बुझाने के लिए सेना की मदद ली जा रही है। संभवतः यह कदम भी इसलिए उठाना पड़ रहा है क्योंकि नैनीताल में दावानल रिहायशी क्षेत्रों तक आ पहुंची है, पिछले शुक्रवार-शनिवार को नैनीताल की हाईकोर्ट कॉलोनी के घरों तक इसकी लपटें पहुंच गई। जंगलों में इस तरह की आग न पहली बार है और न ही आखिरी बार। हर साल लाखों पेड़ इसी तरह अग्नि की भेंट चढ़ जाते हैं। इससे निपटने के लिए सरकार क्या कर रही है? हर बार की तरह लकीर पीटी जा रही है। आग लगने से पहले बचाव कदम उठाने के बड़े-बड़े दावे कागजों पर किए जाते हैं, फिर जब आग लग जाती है तो पूरा अमला उसे बुझाने में जुटता है। हर बार की यही कहानी।

हर बार मीडिया में किसी कोने में छोटी-मोटी खबरों में दब जाने वाली जंगलों की आग का असर कितना है, पहले यह समझते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में जंगलों पर नजर रखने वाले ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच डेटा से पता चलता है कि भारत में 2000 के बाद से 23.3 लाख हेक्टेयर वृक्ष क्षेत्र नष्ट हो गया। इसके पीछे प्राकृतिक गड़बड़ी और मानव-प्रेरित दोनों कारकों को कारण माना गया है। कुल वृक्ष आवरण की बात करें तो पिछले 23 वर्ष में देश के वृक्ष आवरण में 6 प्रतिशत की कमी आ गई है।

आपको बता दें कि साल 1980 में वन संरक्षण अधिनियम बनने के बाद से अब तक देशभर में लगभग 10 लाख 26 हजार हेक्टेयर वन भूमि का गैर वनीय उपयोग के लिए डायवर्जन हुआ है। यह क्षेत्र कितना बड़ा है, इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि यह भूमि दिल्ली के क्षेत्रफल से लगभग 7 गुना अधिक है। उदारीकरण से ठीक पहले साल 1990 में सर्वाधिक 1 लाख 27 हजार से अधिक वन भूमि का डायवर्जन हुआ है। दूसरा सबसे बड़ा डायवर्जन साल 2000 में हुआ। इस साल 1 लाख 16 हजार से अधिक वन भूमि गैर वनीय उपयोग के लिए डायवर्ट की गई। सबसे अधिक डायवर्जन सड़कें बनाने और खनन के लिए किया जाता है। इसके अलावा ट्रांसमिशन लाइनों, सिंचाई परियोजनाओं, रक्षा परियोजनाओं, रेलवे, नहरों, वनग्रामों के कन्वर्जन, उद्योग, पाइपलाइन आदि के लिए भी बड़े पैमाने पर वनभूमि का डायवर्जन हुआ है।

साल दर साल ऐसी घटनाएं होने का सबसे बड़ा कारण यह है कि कोई भी सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही है । ताजा घटनाओं को ही ले लीजिए। वन जल रहा है 24 घंटे में वन में आग लगने की 31 घटनाएं हुई, 4 हैक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। लेकिन इतनी व्यापक वजूद आर्थिक क्षति मात्र 39,440 रुपये की बताई जा रही है। जब क्षति का आकलन इतना कम करके आंका जाएगा तो जंगल जलने से कैसे बचाया जाएगा। नेपाल सीमा पर स्थित जंगलों में लगी आग से जहां वन संपदा नष्ट हो रही है वहीं आग की चपेट में आकर वन्य जीव संकट में आ चुके हैं। आग से बचने के लिए वन्य जीव गांवो की तरफ आ रहे हैं उनके शिकार के लिए गुलदार दिनदहाड़े गांव में पहुंच रहे हैं। गेठीगड़ा के भेलानी गांव में दिन में ही आंगन में ही गुलदार पहुंच गया। सरकार की एजेंसिया ही सरकार को गलत रिपोर्टिंग कर गुमराह कर रही है और कागज पर आग लगा बुझा कर अपनी पीठ थपथपा रहीं हैं और सरकारी फंड को उदरस्थ कर रहीं हैं। जंगल जलने के दो सबसे बड़े कारण हैं पहला चीड़ के जाने वाला गोंद लीसा (रेजिन)। यह चीड़ के पेड़ में भारी मात्रा है, इसी से तारपीन का तेल निकलता है जो अत्यंत ज्वलनशील इस कारण गर्मी में हल्की-सी रगड़ से ही ये दहक उठते हैं। दूसरा है भेड़-बकरी पालने वाले चरवाहों की लापरवाही। इनको पशुओं के लिए ताजी घास की जरूरत होती है, इसलिए ये आग लगा देते हैं ताकि सूखे पत्ते जलें और बारिश आते ही नया घास उग आए।

# चुनावी विश्लेषक जमीनी हकीकत से नावाकिफ



आर.के. सिन्हा

हर बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है, इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां (उस संसदीय क्षेत्र में ) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है। पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के कोढ़ के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे।

अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है,जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इस्लाम जाति के कोढ को ललकारता भी है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्रायः अपने अलग-अलग कब्रिस्तान तो होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बार-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिन्दू पंडित थे।

खैर, अपने को बाबा साहब आंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, जाति तो राष्ट्र विरोधी है। ...पर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है।

भारत के कई राज्यों में ईसाई बहुमत में हैं और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी ईसाई हैं। पर इसका यह कतई मतलब नहीं है कि वहां जातियां नहीं हैं। ईसाई धर्म अनेक संप्रदायों में बिखरा हुआ है। ईसाई कैथोलिक, सीरियन, ओथोडीक्स, प्रोटेस्टेंट्स और अनेक असंगठित समूहों में फैला है। भारत में ईसाइयों का पहला प्रभावकारी स्वरूप कैथोलिक देश पुर्तगाल से 1498 ई. में पुर्तगालियों के आने से हुआ और ब्रिटिश, मूलतः एंग्लीकन या प्रोटेस्टेंट, का प्रभाव ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन 1757 से हुआ। उपर्युक्त सभी समूह स्वतंत्र हैं, परंतु अधिकांश लोगों द्वारा एक आस्था रखने वाले समूह के रूप में देखे जाते हैं। जब कभी भारतीय ईसाइयों की तरफ देखा जाए तो इन वास्तविकताओं को समझना चाहिए।

भारत में कैथोलिक तथा प्रोटेस्टेंट के बीच की दूरियों को कम करने की कोशिशें चलती रहती हैं। दक्षिण भारत इस बाबत आगे रहा। वहां पर कैथोलिक चर्च तथा प्रोटेस्टेंट चर्च ने प्राकृतिक आपदा के समय मिल-जुलकर काम किया। मसलन केरल में कुछ साल पहले आई बाढ़ और सुनामी के समय दोनों चर्च मिलकर पीड़ितों के पुनर्वास के लिये काम कर रहे थे। यह सुखद पहल है। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच उस तरह की कतई कटुतापूर्ण स्थिति नहीं है जैसी हम मुसलमानों के सुन्नी और शिया संप्रदायों में देखते हैं। वहां पर तो कटुता ना होकर दुश्मनी है। उनमें आपस में हमेशा तलवारें खिंची रहती हैं। इस्लाम के नाम पर बने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में शियाओं की लगातार हत्याएं हो रही हैं। उन्हें दोयम दर्जे का इंसान माना जाता है। अफगानिस्तान में तालिबानियों ने हजारों शिया मुसलमानों का कत्लेआम किया है। ईरान और सऊदी अरब में कुत्ते-बिल्ली वाला बैर का मुख्य कारण यही है कि ईरान शिया और सऊदी सुन्नी मुसलमानों का मुल्क है।

दरअसल कैथोलिक तथा प्रोटेस्टेंट में कुछ बिंदुओं पर मतभेद रहे हैं। कैथोलिक मदर मैरी की पूजा में भी विश्वास करते हैं। प्रोटेस्टेंट उन पर विश्वास नहीं करते हैं और उनके लिए मैरी केवल यीशु की भौतिक मां है। हां, दोनों संप्रदायों के लिये ईसा मसीह तथा बाइबिल परम आदरणीय हैं। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के लिए पवित्र दिन क्रिसमस और ईस्टर ही हैं।

सिख धर्म में जाति का मुद्दा काफी जटिल है। गुरु गोबिंद सिंह ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा की स्थापना के साथ सभी जातिगत असमानता को समाप्त कर दिया था। आस्थावान सिख जातिगत भेदभाव नहीं करते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सभी सिख आवश्यक रूप से अपनी आस्था के अनुसार कार्य करते हैं। नतीजतन, जाति सिख धर्म में मौजूद है, हालांकि शेष भारतीय समाज की तुलना में एक कमजोर रूप में। वैसे सिखों की कुछ प्रमुख जातियों में जाट, अरोड़ा, खत्री, रामगढ़िया, सैनी, छिम्बा आदि हैं। अब बड़ा सवाल वही है कि लोकसभा से लेकर ग्राम पंचायत के चुनावों में जातियों के महत्व पर बात करने वालों को सिर्फ हिन्दुओं की ही जाति क्यों दिखाई देती है। क्या उन्हें अन्य धर्मों में जाति के असर की जानकारी नहीं है या वे अपनी निगाहें सिर्फ हिन्दू धर्म से आगे लेकर ही नहीं जाना चाहते?

इससे साफ है कि बहुत सारे स्वयंभू विद्वान अपने को प्रगतिशील साबित करने के लिए हिन्दू धर्म में फैली गड़बड़ियों पर लिखते-बोलते हैं। यह सब करके वे अपने को पूरी तरह से एक्सपोज कर लेते हैं। अगर कोई लेखक बेखौफ होकर ईमानदारी से नहीं लिखता है तो समझ लें कि वह सच्चा लेखक नहीं है। खैर, यह सुखद है कि हिन्दू धर्म में जाति के कोढ़ के खिलाफ अरसे से आवाजें उठती रही हैं। हिन्दू धर्म में जात-पात के खिलाफ बहस चलती रहती है। यही हिन्दू धर्म की शक्ति भी है।

# नौटंकी का सितारा छोड़ गया मनोरंजन का विलक्षण संसार

**डॉ. रमेश ठाकुर**


एक जमाना था जब देहाती नौटंकी का मतलब होता था 'रपंत हरामी'। यानी नौटंकी का बेताज बादशाह। अस्सी के दशक में इस कलाकार का नाम सबकी जुबान पर हुआ करता था। ये आर्टिस्ट देशी मनोरंजन कही जाने वाली नौटंकी के न सिर्फ बेताज बादशाह कहलाते थे, बल्कि पर्यायवाची भी थे। रपंत फूहड़ कॉमेडी और देहाती नौटंकी के आखिरी चिराग थे। नौटंकी के वजूद को जिंदा रखने के लिए उन्होंने अपना समूचा जीवन न्योछावर कर दिया। 6 मई की देर शाम रपंत (59) का निधन हो गया। उनका जन्म 11 अक्टूबर 1965 में कानपुर जिले के कल्याणपुर गांव में हुआ था। उनके निधन के साथ ही नौटकी का संपूर्ण युग समाप्त हो गया। वह अपने पीछे मनोरंजन की ऐसी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर छोड़कर गए हैं जिनके शायद वह अंतिम पहरेदार या रक्षक जैसे थे। उनके नहीं रहने से नौटंकी का दौर अब आगे नहीं रहेगा। आधुनिक युग की चकाचौंध और मनोरंजन जगत में तेजी से बढ़ी पश्चिमी सभ्यता ने नौटंकी जैसी देशी और प्राचीन लोककला को बहुत पीछे छोड़ दिया है। आज की युवा पीढ़ी नौटंकी विधा को जानती तक नहीं? नौटंकी कलाकार रपंत का असली नाम रणपत सिंह भदौरिया था। जाति से राजपूत थे और उनके पिता पुलिस में नौकरी करते थे। मूल निवास कानपुर देहात था। फिर नाम उनका रपंत हरामी कैसे पड़ा? इसके पीछे का किस्सा भी बड़ा रोचक है। अस्सी-नब्बे के दशक में उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब जैसे राज्यों में नौटंकी का क्रेज अपने चरम पर हुआ करता था। रपंत के गांव में नौटंकी का कार्यक्रम था। तब ये दर्शक बनकर नौटंकी का लुत्फ उठा रहे थे। सामने मंच पर नौटंकी कलाकार प्रस्तुति दे रहा था, तभी बीच में वो अपना डायलॉग भूल गया। काफी देर तक याद नहीं आया तो नौटंकी में व्यवधान पड़ गया। तभी, रपंत उठे और उनका डॉयलॉग रपंत ने खुद सुना डाला। उसके बाद रपंत के सगे चाचा ने कह दिया रपंत तू तो बड़ा हरामी है। रंपत की किस्मत वहीं से चमक गई। चाचा ने तो मजाक में कह दिया था। लेकिन, रणपत भदौरिया वहीं से 'रपंत हरामी' से विख्यात हो गए। भविष्य में उन्हें इसी नाम से शोहरत और सम्मान मिला। रंपत नौटंकी का पूरा दौर जीकर गए हैं। अस्सी-नब्बे के दशक का शायद ही कोई ऐसा शख्स हो, जो इस कलाकार को न जानता रहा हो। इनकी मसखरी, अलहदा प्रस्तुति, हसोंड़ अंदाज और मंच पर जोकरी करना दर्शकों को भाता था। अस्सी के दशक में बिना नौटंकी के कोई शादी-ब्याह पूर्ण नहीं माना जाता था। लगन के वक्त ही दुलहन वाले रंपत हरामी की नौटंकी सुनने की डिमांड दूल्हे के घरवालों से करते थे। एक जमाना था जब गांव के अलावा कस्बों और शहरों तक नौटंकी की धूम होती थी। नौटंकी कार्यक्रम में रंपत हरामी की जोड़ी हमेशा उनकी महिला सहकलाकार रानीबाला के साथ ही फिट रही। हालांकि जोड़ी तो उन्होंने कइयों के साथ बनाई। पर, रानीबाला के साथ अच्छी जंची। दर्शक सिर्फ रपंत और रानीबाला को देखना और सुनना पसंद करते थे। 1982 में दोनों ने शादी कर ली थी। हालांकि दोनों के परिवार उनके फैसले से नाखुश थे।

रंपत हरामी के स्वयं लिखे द्विअर्थी संवादों को बोलने की शैली बेजोड़ थी। प्रत्येक लाइन में हंसी के फुहारे फूटते थे। जो बात उनमें थी, वो किसी और में नहीं। उन्हें कई आर्टिस्टों ने कॉपी करने की कोशिश की। कुछ वर्ष पहले एक साक्षात्कार में रंपत ने बताया था कि उनके पिता पुलिस में दरोगा थे। वो चाहते थे, नौटंकी छोड़कर पुलिस में भर्ती हों। लेकिन अंदर का चुलबुलापन उन्हें रपंत हरामी बनने की ओर खींच रहा था। रपंत हाजिर जवाबी में माहिर थे। जो एक बार डॉयलॉग पढ़ लेते, उसे कभी नहीं भूलते। नौटंकी के मंचों पर वह बिना होमवर्क किए प्रस्तुति देते थे।

देखने वालों को लगता था कि वो अभ्यास करके आते थे। रपंत कुछ वर्षों से बीमार थे। नौटंकी भी कम कर दी थी, क्योंकि उम्र हो चुकी थी। रंपत बीमारी की अवस्था में समझ चुके थे कि बदलते समय ने नौटंकी को समेट दिया है। हालांकि, उन्होंने नौटंकी के चढ़ते और उतरते दौर को करीब से देखा। वह अच्छे से देखकर गए हैं कि मोबाइल और टीवी ने मनोरंजन के तरीकों को कैसे बदला? 2024 की बात करें, तो नौटंकी पूरी तरह सिमट गई है। जबकि, ये ऐसी सांस्कृतिक विरासत है जिसे सहेजने की जरूरत है। पर, दुर्भाग्य किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। रपंत ने ऐसा भी दौर भी देखा जब लोग उनका विरोध भी करने लगे थे। लोगों को आरोप था कि रपंत अपनी प्रस्तुति में अश्लीलता परोसते हैं। सभी जानते हैं कि नौटंकी में द्विअर्थी बातों का होना स्वाभाविक होता है। हिन्दुस्तान के अलावा पाकिस्तान और बांग्लादेश में भी मशहूर थे। पंद्रह हजार से ज्यादा स्टेज शो, सैकड़ों फिल्में और दर्जनों यू-ट्यूब शो से भी रम्पत ने अपनी फूहड़ कॉमेडी से सबको लोटपोट किया था। वैसे, उनका विरोध तब हुआ जब लोगों का नौटंकी से मोहभंग हुआ। वरना, अपने समय में बुजुर्गों से लेकर युवाओं में भी वह लोकप्रिय थे। नौटंकी के मंच पर बोले उनके डायलॉग लाजवाब होते थे।

## दैनिक पंचांग

**08 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



**बुधवार** 2024 वर्ष का 129 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 08.52 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 13.34 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 17.41 बजे को समाप्त। **करण** नाग 08.52 बजे तदनन्तर किंस्तुघ्न 19.34 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 10'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871973
**जूलियन दिन** 2460438.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल **तारीख** 28
**विशेष** मासिक कार्तिगाई, वैशाख अमावस्या, विश्व रेडक्रास दिवस।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.48 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मिथुन | 07.47 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.00 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.16 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.28 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 16.39 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 18.53 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.09 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.15 बजे से |
| | | कुंभ | 01.01 बजे से |
| | | मीन | 02.34 बजे से |
| | | मेष | 04.04 बजे से |

**राहुकाल** 12.00 से 1.30 बजे तक

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक | |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक | |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक | |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक | |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ-** शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagratidaur.com, Bangalore

प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश सिंह ने किया ऑनलाइन संबोधन, बोले

# भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगेंगे एनसीपी कार्यकर्ता

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** एनडीए के घटक दल एनसीपी अजीत गुट के कार्यकताओं की बैठक हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में पार्टी द्वारा प्रतिनयुक्त पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह हुए शामिल। बैठक को एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि उन्हें खुद भी बैठक में रहना था। मगर चुनावी कार्यक्रमों में व्यस्तता की वजह वह शामिल नहीं हो सके। इसका उन्हें काफी मलाल भी है। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया



कि घर घर पहुंच कर एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में किसान गरीब मजदूर व आम लोगों के हित में किए गए कार्यों से जनता को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि देश की मजबूती व लोकतंत्र को कायन रखने के लिए नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी होगा।

इसके लिए हमे अपना अपना बूथ जीतना जरूरी है। एनसीपी के पलामू लोस प्रभारी अजीत

**एक एक कार्यकर्ता अपने अपने गांव के एक एक घर में केंद्र सरकार की उपलब्धियां पहुंचने के साथ उनका वोट मांगने का काम करेंगे**

सिंह ने कहा कि पार्टी तन मन धन से तैयार है। एक एक कार्यकर्ता अपने अपने गांव के एक एक घर में केंद्र सरकार की उपलब्धियां पहुंचने के साथ उनका वोट मांगने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन अधिक से अधिक लोगों को बूथ तक जाकर मतदान करने को भी प्रेरित करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव देश में स्वाभिमान की रक्षा के लिए एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाने का दायित्व सभी का है।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने की। संचालन प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। बैठक में हुसैनाबाद के सभी प्रखंडों के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने एकजुटता के साथ एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया।

## 9 मई तक समाहरणालय परिसर के दूसरे तल्ले में मतदान करने को लेकर दी गयी सुविधा

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स के लिये मंगलवार से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हो गया। अब्सेंटी वोटर्स के मतदान हेतु समाहरणालय के दूसरे तल्ले में सुविधा केंद्र का अधिष्ठापन कराया गया है, जो आगामी 9 मई को शाम 5 बजे तक क्रियाशील रहेगा। इस दौरान जो लोग आवश्यक सेवा में लगे है और वे फॉर्म 12 डी भरकर अपने नोडल पदाधिकारी के समक्ष आवेदन समर्पित किये थे, वो सुविधा केंद्र (समाहरणालय) में वोटर आईकार्ड या भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वैकल्पिक दस्तावेज के रूप में चिह्नित किए गए 12 दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज को अपने साथ



अनिवार्य रूप से लाकर मतदान कर सकते हैं। इसी क्रम में आज कुल 55 वोटर्स ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

ज्ञातव्य है कि आवश्यक सेवा में लगे कुल 293 मतदाताओं से दिनांक 9 मई के शाम 5 बजे तक मतदातान कराने का लक्ष्य रखा गया है इसके अतिरिक्त 7 से 9 मई के बीच पुलिस लाइन मेदिनीनगर के अलावा 7 मई को छत्तरपुर,8 मई को हुसैनाबाद व 9 को विश्रामपुर के पुलिस लाइन में भी चुनाव कार्य में संगलन पदाधिकारियों/ कर्मचारियों से मतदान कराया जा रहा है।

## एक नजर

### हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, जय श्रीराम जय हनुमान की उदघोष से वातावरण हुआ भक्तिमय



**हुसैनाबाद/पलामू।** जिला के चर्चित बराही धाम परिसर में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट वा बराही धाम परिवार के सौजन्य से दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव का अयोजन किया गया। भगवती जागरण वा भव्य भंडारे के साथ मंगलवार को कार्यक्रम संपन्न हो गया। सोमवार को धार्मिक अनुष्ठान के साथ वैदिक मंत्रोचार के साथ पुजा अर्चना की गई, सुबह से धाम परिसर में श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ने लगी लोगों धाम परिसर स्थित शिव मंदिर, देवी मंदिर में पुजा अर्चना की, लोगों जय श्रीराम जय हनुमान की जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय माहौल बना रहा, लोगो की देर रात आने का सिलसिला जारी रहा, वही रात्रि में भगवती जागरण का अयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित वा फिटकाट कर किया गया, वहीं शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा अतिथियों वा कलाकारों को अंगवस्त देकर सम्मानित किया गया,कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड के बराही धाम के यूवा भोजपुरी गायक मनीष यादव ने वंदना गीत प्रस्तुत कर किया, वहीं बिहार के मशहूर भोजपुरी गायक दीनदयाल बंधु और अक्षरा गुप्ता ने एक से बढ़ एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया।

### मदीने वाले से मेरा सलाम कहना, नारों के साथ हज पर रवाना हुए जेएमएम नेता एजाज हुसैन



**हुसैनाबाद /पलामू।** शहर के लंबी गली मोहल्ला निवासी समाजसेवी सह वरिष्ट जेएमएम नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान मंगलवार को हज यात्रा पर रवाना हुऐ। हज पर जाने के पूर्व जामा मस्जिद के पास लोगों ने उन्हें माला पहनाकर विदा किया। विदा होने के दौरान नारे तकबीर अल्लाहु अकबर के आवाज बुलंद की गई। रवाना होने के पूर्व एजाज हुसैन उर्फ. छेदी खान ने कहा की हर मुसलमान की तमन्ना रहती है कि मक्का मदीना की हज यात्रा का सौभाग्य प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा मक्का मदीना में देश में अमन चैन और झारखंड राज्य की खुशहाली के लिऐ अल्लाह पाक से दुआ करूंगा, एजाज हुसैन 9मई को कोलकाता एयरपोर्ट से मक्का के लिऐ रवाना होंगे। रवाना होने के नगर अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्धिकी, डॉक्टर एजाज आलम, जाकिर अली उर्फ.राज अली आमीन खान, अली अहमद उर्फ.अल्लु खान, इस्लाम खान, जज्जू खान, वसीम अंसारी, पत्रकार गौतम पटेल , नेहाल असगर, समेत कई लोग मौजूद थे।

### टेंपो पलटने से आठ लोग जख्मी, पांच रेफर

**छतरपुर।** छतरपुर नौडीहा बाजार मुख्य पथ के मंदेया गांव के समीप नवसिखिया टेंपो चालक के द्वारा टेंपो पलट जाने से आधे दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए। जख्मी लोगों को गंभीर हालत को देखते हुए पांच लोगों को एमएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया है। इस संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार साप्ताहिक हाट बाजार के दिन छतरपुर से बाजार करके चिरू पंचायत के भलही व पटखाही की महिलाएं वापस अपने गांव लौट रही थी, इसी बीच अचानक मंदेया के पास टेंपो पलट गई जिसमें शांति देवी, मोहनी देवी, रामप्रीत उरांव, सुनीता देवी, बसंत उरांव, लावणी देवी, शांति देवी, जगनी कुंवर घायल हो गए जिसमें पांच गंभीर रूप से घायल लोगों को एमएमसीएच मेदिनी नगर भेजा गया।

### छतरपुर के मजदूर को काम के दौरान मुंबई में हुई मौत, गांव में मातम का माहौल

**छतरपुर।** एक बार फिर छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के चराई पंचायत के बभनडी निवासी मजदूर प्रवेश भुईयां पिता शिव भुईयां (40) वर्ष का मुम्बई में रेलवे लाइन में कार्य के दौरान रेल के चपेट में आ जाने से मौत हो गयी। इस सम्बंध में परिजनों ने बताया कि प्रवेश लगभग तीन माह पूर्व एक वाराणसी के ठेकेदार के माध्यम से मुंबई (महाराष्ट्र) के भांडुप रेलवे स्टेशन के बगल में राम मंदिर रेलवे स्टेशन एवम जोगेश्वरी के आसपास रेलवे लाइन में काम करने गया था।इसी बीच को रात्रि में रेलवे लाइन में काम करने का दौरान सुबह 4:00 बजे सुबह में ट्रेन से कटकर घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। प्रवेश की मृत्यु की सूचना परिजनों को वही आसपास के मजदूरों ने दिया। इधर घर का इकलौते कमाऊ सदस्य के अचानक मृत्यु की खबर से घर के परिजनों में शोक का माहौल है। गौरतलब हो कि छतरपुर प्रखंड क्षेत्र में पलायन के विभीषका से प्रत्येक वर्ष कई लोगो की मौत हो जाती है। बीते तीन माह के दौरान सडमा के शिव भुइया,मुंकेरी के दो युवक चराई के ही दो युवक कालापहाड़ के एक युवक समेत कई लोगो की मौत दूसरे राज्यों में कार्य करने के दौरान हो गयी। छतरपुर प्रखंड की पहचान पूरे जिले में सबसे अधिक सरकार को सरकारी राजस्व देने की रहती है। छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के छतरपुर -नौडीहा बाजार, पिपरा में पत्थर उत्खनन के मामले में पूरे जिले में सबसे अधिक है।

उपायुक्त ने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व सीएपीएफ को ठहराने के लिये चयनित विद्यालयों का किया निरीक्षण

# गर्मी में बूथों पर पेयजल व धूप से बचाव को लेकर टेंट लगाने का निर्देश

● सभी स्थानों पर एएमएफ की सुविधायों को हर हाल में बहाल रखने के निर्देश

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को सीएपीएफ को ठहारने के लिये चयनित राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय चैनपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय विद्यालय के आसपास फैले झाड़ियों को साफ-सफाई करने पर बल दिया। वहीं राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय में भी सभी सुविधाओं



को दुरुस्त करने को लेकर चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये चिन्हित सदगुरु प्रताप हरि+2 उच्च विद्यालय का भी जायजा लिया। उन्होंने चैनपुर बीडीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बनाई गई इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से मतदान केंद्रों की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

**सदगुरु प्रताप हरि+2 उच्च विद्यालय व मतदान केंद्र संख्या 118 व 119 को मॉडल बूथ बनाने के निर्देश**

निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रंजन ने चैनपुर के बीडीओ को सदगुरु प्रताप हरि+2 उच्च विद्यालय व मतदान केंद्र संख्या 118 व 119 को मॉडल बूथ बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सभी बूथों में एएमएफ के तहत सभी सुविधाओं को अनिवार्य रूप से बहाल करने के निर्देश दिये।इस दौरान विशेष कर पेयजल की सुविधा व धूप से बचने हेतु टेंट लगाने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त व चैनपुर सीओ उपस्थित रहे।

### अवैध मवेशी के साथ तीन हिरासत में

**बरवाडीह (लातेहार)।** बरवाडीह थाना पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर केचकी मुख्य सड़क से टाटा कम्पनी का कंटेनर से कुल 32 मवेशी को जब्त किया है जिसमे 13 मादा भैस और 19 नर भैस शामिल है। सहायक पुलिस अधीक्षक सह थाना प्रभारी ललित मीणा ने बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के केचकी मुख्य सड़क के पास टाटा कम्पनी का एक कंटेंटर जिसका निबंधन संख्या बी आर 24 जी 77 22 उसमे अवैध मवेशी लदा हुआ है और बिहार के औरंगाबाद जा रहा है। जनकारी मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक ललित मीणा ने एक टीम का गठन करते हुए केचकी के पास पहुंचकर 32 मवेशी लदा कंटेनर को जब्त किया है जिसमे 13 मादा भैस और 19 नर भैस शमिल है। इसके साथ चालक समेत तीन लोगो को हिरासत मे लेकर पूछ ताछ की जा रही है हिरासत मे लिए गए लोगो मे कंटेनर चालक मनीष कुमार याद,, शेख सद्दाम और जाहिद मिया को हिरासत मे लेकर पूछ ताछ की जा रही है। वही छापेमारी दल मे सहायक पुलिस अधीक्षक ललित मीणा, पुअनि राधेश्याम सिंह,राजन अधिकारी,याकिन अंसारी के साथ थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

श्राद्धकर्म में शामिल होकर पर्यावरणविद ने उनके पुत्र को पौधा दान किया

# पर्यावरण धर्म के तहत पौधा दान करने से ही मिलेगी मृतक की आत्मा को शांति : कौशल

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची के कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में हटिया विधायक नवीन जायसवाल की दिवंगत मां शांति जायसवाल के श्राद्धकर्म में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने मृतक की आत्मा की शांति व कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए विधायक नवीन जायसवाल को घर का प्रदूषण मुक्त करने वाला सिंगापुर का पौधा फीडललीफ व थाईलैंड का बारहमासी आम का पौधा दान कर उसे बच्चों की भांति सुरक्षा देकर लगाने व बचाने की अपील की। मेदिनीनगर निवासी श्री जायसवाल ने पौधा समर्पित करते हुए यह भी कहा कि इससे न सिर्फ मृतक की आत्मा को शांति मिलेगी



वरना उसकी छाया भी आपके जीवन में मां की आशीर्वाद की तरह अनवरत मिलता रहेगा जिससे आप सदैव प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे।

पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि उक्त श्राद्धकर्म में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से भी उनकी मुलाकात हुई। श्री मरांडी ने पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल से पर्यावरण में बढ़ रहे प्रदूषण पर वृहद चर्चा करते हुए उसके निदान पर भी लंबी बातें की। उन्होंने पर्यावरण के क्षेत्र में कौशल किशोर के उल्लेखनीय कार्य व योगदान की सराहना की। इस दौरान उन्होंने अपने जन्मभूमि पर जून माह में विलुप्त प्रजाति के पौधे लगाने की अपील की। बात विचार के दौरान पौधरोपण का कार्यक्रम तय किया गया।

मौके पर दिवंगत शांति जायसवाल के पति शिव शंकर जायसवाल, पुत्र सह हटिया विधायक नवीन जायसवाल पुत्र निशित जायसवाल, गोपाल भगत, विनय जायसवाल, अविनाश जायसवाल संजीव जायसवाल के अलावे प्रतिपक्ष के नेता अमर बावरी रांची के सांसद संजय सेठ, राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, दीपक प्रकाश, व भाजपा संगठन के पदाधिकारी पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया समेत दर्जनों विधायक एवं हटिया विधानसभा क्षेत्र के हजारो नेता और कार्यकर्ता महिला पुरुष श्राद्धकर्म में शामिल होकर मृतक की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## शहर में खुला भारतीय मानवाधिकार परिषद पलामू इकाई का जिला कार्यालय



संवाददाता

**मेदनीनगर।** शहर के सुदना में एल्युमिनियम फैक्ट्री के निकट भारतीय मानवाधिकार परिषद पलामू इकाई का जिला कार्यालय का उद्घाटन परिषद के अध्यक्ष संध्या देवी ने किया। मौके पर परिषद के जिला महासचिव महेंद्र नाथ शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ सीमा कुमारी, सचिव चंचला कुमारी व सह सचिव किरण कुमारी एवं अविनाश कुमार राजा, जिला समन्वयक शिला कुजूर व संजीव कुजूर एवं सक्रिय सदस्य असतोरा देवी सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत अध्यक्ष संध्या देवी ने वहां उपस्थित लोगों को मानवाधिकार के कर्तव्यों एवं दायित्वों के विषय में जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समाज के पीड़ित वैसे लोगों को जिन्हें न्याय नहीं मिल रहा हो या फिर बिलम्ब हो रहा है उसमें यथोचित सहयोग उन्हें न्याय दिलाने का कार्य करने की प्रतिबद्धता दुहरायी। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग हैं जिन्हें उचित न्याय नहीं मिल पाता है वैसे लोग कार्यालय में पहुँचकर अपनी समस्या बताएं उन्हें हर सम्भव सहयोग कर न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि कार्यालय खोलने की जानकारी जिले के तमाम अधिकारियों को दे दी गयी है। सभी लोगों ने सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिया है।

# इटको में आग से दो खपरैल घर जलकर खाक, लाखों की नुकसान



संवाददाता

**नावा बाजार (पलामू)।** नावा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत इटको के हनुमान मंदिर समीप गत रात्रि में अचानक आग लगने से दो खपरैल घर रामनंदन प्रजापति पिता स्वर्गीय गुलाबी प्रजापति तथा अर्जुन प्रजापति पिता स्वर्गीय लखराज प्रजापति का जलकर खाक हो गया तथा घर में रखें चावल दाल गेहूं प्याज खाद्य सामग्री सहित कपड़ा कागजात बासन बर्तन भी जल गए। ग्रामीणों के सहयोग से रात्रि में ही कुंआ चापाकल मोटर सहित अन्य जगहों से पानी लाकर आग पर काबू पाया गया। आग की सूचना रात्रि में नावां बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार को दिया गया जहां थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर अग्निशामक दंमकल को बुलाकर आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार रामनंदन प्रजापति के घर में आग की घटना अपने ही गोतिया परिवार पर शंका जताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हम लोग गोतीया परिवार का काफी जमीन एनएच 98 मुख्य मार्ग से सटा हुआ है, जो हमारे कुछ वंशज को वंशावली पर गलत तरीके से मुखिया का फर्जी साइन कर हम लोग को वंशावली से अलग कर लक्ष्मण प्रजापति संजय प्रजापति परीखा प्रजापति, गणेश प्रजापति जितेंद्र प्रजापति, हरेंद्र प्रजापति, मुकेश प्रजापति द्वारा जमीन को बिक्री कर दी गई थी जहां हम लोग अपने जमीन पर काबिज पहले से थे। खरीदार द्वारा उक्त भूमि पर तीन दिन पहले जेसीबी चलाया गया जहां हम लोग को मना करने पर अपने ही गोतिया परिवार हम पर जानलेवा हमला कर बलुआ टांगी से परिवार को घायल कर दिया जहां नावा बाजार थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई। तत्पश्चात् हम लोग रात्रि में घर में सोए हुए थे। बाहर से दरवाजा का सीकरी लगाकर सभी परिवार मिलकर आग से दो भाइयों का घर को हवाले कर दिया।

हम लोग आननफानन में अपने घर के आंगन से सीढ़ी लगाकर बाहर निकले जहां हम लोग के जान बची।

### हुसैनाबाद क्षेत्र में ओलावृष्टि के साथ हुई बारिश वज्रपात से एक बच्चे की मौत



**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को मोहम्मद गंज थाना में गांव गाजी विहरा निवासी विनोद कुमार पासवान के चार बर्षिय पुत्री साक्षी कुमारी अपने घर के बाहर खेल रही थी। उसकी दौरान संध्या चार बजकर 40 मिनट के करीब ओलावृष्टि गर्जन बारीश के साथ हुई वज्रपात वहीं वज्रपात के चपेट में आने से गंभीर रूप से हुई घायल घायल अवस्था में तात्कालिक हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक से मृत घोषित किया।

### चुनाव प्रशिक्षण के दौरान शिक्षक की बिगड़ी तबीयत, रिम्स ले जाते वक्त रास्ते में हुई मौत



**हुसैनाबाद/पलामू।** प्रखंड हुसैनाबाद के सहायक अध्यापक अवध किशोर राम, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्सेरा ( महुदंड) में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। बतलाया जाता है कि उनकी लोकसभा चुनाव प्रशिक्षण दिनांक 05/05/ 2024 रविवार को 10:30 बजे दिन में हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल चियांकी, मेदिनीनगर में था। पत्र में उल्लेखित समयानुसार प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर इन्होंने अपना मतदान देने के लिए लम्बी कतार में लग कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। तभी अचानक उल्टी हुआ और अचेत गिर पड़े स्थिति को देखते हुए कुछ शिक्षकों के द्वारा इन्हे तुरंत इलाज के लिए शहर के सदर अस्पताल मेदिनीनगर लाया गया और इनके परिजन को दूरभाष से सूचना दिया गया। इधर सदर अस्पताल में चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। उन्हें तत्काल एंबुलेंस से रांची ले जाया जा रहा था, परंतु रांची पहुंचने से पहले ही बीच रास्ता में उनकी मौत हो गई। इधर मौत की खबर सुनकर आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद गहरा दुःख प्रकट किया है तथा परिवार के एक सदस्य को नौकरी और उचित मुआवजा की मांग चुनाव आयोग और उपायुक्त पलामू से की है। दुःख प्रकट करने वालों में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हुसैनाबाद रामनरेश राम और आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, मीडिया प्रभारी अनिल, पप्पू कुमार पटेल बैधनाथ पासवान, रामप्रवेश राम, विंध्याचल, अविनाश, रजनीश कुमार, अभय राम, पप्पू, वीरेंद्र पाल,सुनील यादव, अनिल कुमार सिंह, विपुल तिवारी, फरजाना, संजय, बलिराम, योगेंद्र, विनय शर्मा, कृष्ण कुमार राम, दिलीप भगत, अभिषेक, उपेंद्र आदि ने गहरा दुःख प्रकट किया है।

एक नजर

### जयंती पर कवि गुरु रविंद्रनाथ टैगोर को किया गया नमन



**भागलपुर।** जिले के मध्य विद्यालय जगदीशपुर में मंगलवार को कवि गुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ कवि गुरु के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा पुष्प अर्पित कर विद्यालय परिवार ने उन्हें नमन किया। इस अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रांकन तथा भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रधानाध्यापक आशुतोष चन्द्र मिश्र द्वारा रविंद्रनाथ टैगोर के के जीवन पर प्रकाश डालते हुए स्वदेशी आंदोलन तथा शांति निकेतन के बारे जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में अभिनाश सरोज, बिन्दु कुमारी, शाहिना खातून, अंजुम रागीब अहसन, प्रतिमा मिश्रा, नवल किशोर पंजियारा, नीरज कुमार, मुरली कुमार मंडल, भारती कुमारी, राजीव कुमार, कौशिल्या कुमारी,वीवी नाहीदा, पुष्पलता कुमारी, मिनाक्षी कुमारी, राहुल कुमार सहित दर्जनों बच्चे मौजूद थे।

### डीएम ने मतदान केंद्र संख्या 213 पर डाला मत

**अररिया।** अररिया में तीसरे चरण के तहत मतदान सुबह से जारी है। मतदान को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था किया गया है।अररिया के प्लस टू हाई स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 213 पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी इनायत खान ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और आम मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भयमुक्त वातावरण में निष्पक्ष तरीके से मतदान हो रहा है। किसी प्रकार की कोई परेशानी या जानकारी मिलने पर उसका निराकरण शीघ्र कर लिए जायेगा।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम इनायत खान ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों से मतदान का प्रयोग करने की अपील की।

### चुनाव कार्य में लगे पीठासीन अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत

**पटना।** सुपौल जिले के सरायगढ़ में चुनाव कार्य में लगे एक पीठासीन अधिकारी की मंगलवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। साथ ही उनके परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है। पीठासीन अधिकारी की पहचान शैलेंद्र कुमार के रूप में हुई है। वे पिपरा थाना क्षेत्र के महेशपुर का रहने वाले थे। उनकी ड्यूटी सरायगढ़ के चांदपीपर स्थित मतदान केंद्र संख्यां 157 पर लगाई गई थी। बताया गया कि मतदान शुरू होने से पहले सुबह उनकी तबीयत खराब होने पर सरायगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां शैलेंद्र कुमार की मौत हो गई। इसके बाद शैलेंद्र कुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। डीडीसी सुधीर कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी सरायगढ़ के बीडीओ से मिली है। कार्रवाई की जा रही है।

### बूढ़ी काली मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में हुई वैशाख अमावस्या पर पूजा

**किशनगंज।** शहर के लाइन स्थित बूढ़ी काली मंदिर व रुईधासा कालितला मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में मंगलवार को वैशाख अमावस्या पर पूजा हुई। बूढ़ी काली मंदिर में मंदिर के पुरोहित मलय मुखर्जी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां काली की पूजा अर्चना की गई। पूजा को लेकर मंदिर में आने वाले श्रद्धालु उत्साहित थे। भक्त सुबह से ही माता के दर्शन के लिए मंदिर पहुंच रहे थे। भक्त बढ़ चढ़ कर पूजा में शामिल हुए थें। मंदिर में मां काली की पूजा की गई। पूजा के दौरान पुष्पांजलि भी दी गई। कमिटी के अमित दास, मनोज मजूमदार, कल्याण बोस व साधन दास ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे या अंतिम सप्ताह में अमावस्या पूजा आयोजित की जाती है। अमावस्या पूजा धूमधाम से की जाती है। पूजा के बाद भक्तों के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाकाल मंदिर में मंगलवार को अमावस्या पूजा की गई। महाकाल मंदिर के पुरोहित गुरु साकेत ने बताया कि इस बार वैशाख अमावस्या 8 मई को मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में वैशाख अमावस्या का विशेष महत्व बताया गया है।

### बीजेपी सूती में घुघनी-मुढ़ी देकर मतदाताओं को प्रभावित कर रही है

**कोलकाता।** वोट देने से मुढ़ी और घुघनी से भरा पैकेट मिल रहा है। मंगलवार को मतदान के दौरान मुर्शिदाबाद के जंगीपुर लोकसभा अंतर्गत महिसैली-2 ग्राम पंचायत के पारुलिया गांव में ऐसे आरोपों से तनाव फैल गया। आरोप लगाया गया है कि उस गांव के न्यू पारुलिया प्राइमरी स्कूल नंबर 17 के बूथ नंबर 206 पर जब देकर निकलते ही बीजेपी कैंप ऑफिस से मुढ़ी और घुघनी से भरे पैकेट दिए जा रहे हैं। मतदाता 'कुछ चिह्नों' पर वोट डालने के बाद भाजपा कैंप कार्यालय से मुढ़ी और घुघनी लेकर घर लौट रहे हैं। इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय तृणमूल नेतृत्व ने बीजेपी पर घुघनी और मुढ़ी से मतदाताओं को प्रभावित करने का आरोप लगाया है।

गर्मी की बीच राहत भरी बारिश हुई , तूफान हर किसी के लिए सुखद नहीं था

# कालबैसाखी तांडव में 9 लोगों की मौत

### मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को मदद का दिया आश्वासन



संवाददाता

**कोलकाता।** गर्मी की बीच बारिश सोमवार शाम को प्रदेश में राहत भरी बारिश हुई। हालाँकि, तूफान हर किसी के लिए सुखद नहीं था। कालबैसाखी की भारी बारिश और बिजली गिरने से राज्य में 9 लोगों की मौत हो गई है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उस घटना में मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने हर तरह की मदद का वादा किया। गतकाल भारी बारिश और बिजली गिरने से राज्य भर में कई लोगों की मौत की खबर है। मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा, 'कल रात तूफान और बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत से दुखी हूं। पूर्वी बर्दवान में बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई। पश्चिम मेदिनीपुर और पुरुलिया में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। नादिया में दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा दक्षिण 24 परगना में एक पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हमारे जिला प्रशासन ने आपदा से निपटने के लिए रात भर काम किया। प्रशासन की ओर से गाइड लाइन के अनुरूप राहत एवं हर प्रकार की सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही उन्होंने लिखा, "आपदा में जिन 12 परिवारों ने अपने परिजन खोये हैं, उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। "इस बीच मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि राज्य के 11 जिलों में भारी बारिश की संभावना है। पूवार्नुमान के मुताबिक, कोलकाता समेत हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व और पश्चिम बर्दवान, बांकुरा और झाड़ग्राम में आंधी-तूफान आने की संभावना है। 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्वी मेदिनीपुर में भारी बारिश हो सकती है। बुधवार से शुक्रवार तक दक्षिण बंगाल के विभिन्न जिलों में छिटपुट बारिश की संभावना है। 40-60 कि.मी. की तेज हवाओं चल सकते है। बीरभूम, मुर्शिदाबाद और नादिया में बारिश और तूफान की संभावना अधिक है।

### अपराधियों ने किराना दुकान में की 20 हजार रुपये की लूट

**पूर्वी चंपारण ।** जिले में पताही थाना क्षेत्र के बखरी बजार स्थित एक किराना दुकान में सोमवार के देर रात्रि हथियारबंद अपाची बाइक सवार तीन अपराधियो ने धावा बोलकर किराना दुकानदार से 20 हजार रुपये लूट लिया।पीड़ित दुकानदार बखरी गांव निवासी अशोक साह ने बताया है,कि दिन की बिक्री कर दुकान के गला में 20 हजार रुपये रखे थे।तभी देर रात को अपाची बाइक सवार तीन अपराधी ग्राहक बन आये और दुकान पर पहुंच हथियार के बल 20 हजार रुपये लूट लिया।अपराधी रुपये लूटने के बाद बखरी महमदी पथ के रास्ते भाग निकले । इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि बखरी बाजार स्थित अशोक साह के दुकान से अपराधियो द्वारा 20 हजार रुपये लूट लेने की जानकारी दुकानदार द्वारा दिया गया है ।

## बीजेपी सरकार तोड़ने में विश्वास नहीं रखती: सुकांत

संवाददाता

**कोलकाता।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने इस बात से इनकार नहीं किया कि पार्टी में नाराजगी का माहौल पैदा हो रहा है। सोमवार को पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा, "थोड़ी दिक्कत है। हर किसी का लक्ष्य सांसद-विधायक बनने का होता है। जिन्हें टिकट नहीं मिला वे दुखी हैं। कुछ लोग 'अतिप्रतिक्रिया' कर रहे हैं।" बेशक इसके बाद सुकांत ने दावा किया, 'पार्टी बड़ी हो रही है। युवावस्था के दौरान थोड़ी समस्या होती है।" बीजेपी के बांकुरा जिले के पूर्व अध्यक्ष जीवन चक्रवर्ती निर्दलीय उम्मीदवार बन गये हैं। कांथी और तमलुक में भी स्वतंत्र कांटे हैं। कई नाराज लोग बैठ गये हैं। इस संदर्भ में सुकांत मजूमदार ने कहा, "राजनीति में जो भी नेतृत्व करेगा, उसके विरोधी भी होंगे। दिलीप घोष के समय में बांकुरा के जीवन चक्रवर्ती निलंबित हुए थे। बीजेपी ने अभी तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। सुकांत के शब्दों में, "विष्णु प्रसाद अब विधायक हैं।



अगली बार टिकट नहीं मिलेगा।" बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने इस दिन दावा किया, "बीजेपी को इस लोकसभा चुनाव में बंगाल में तृणमूल से एक भी सीट ज्यादा मिलेगी। और अगर ऐसा हुआ तो अगला विधानसभा चुनाव सामने आ जाएगा।

हाल ही में एक इंटरव्यू में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर बंगाल में बीजेपी को तृणमूल से ज्यादा सीटें भी मिलें तो भी सरकार तोड़ने का कोई कारण नहीं है। विधानसभा चुनाव समय पर होंगे। लेकिन सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुकांत ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी को तृणमूल से ज्यादा सीटें मिलेंगी। विधानसभा चुनाव भी आएंगे। सफाई में सुकांत ने कहा, "बीजेपी सरकार तोड़ने में विश्वास नहीं रखती। लेकिन अगर सरकार ऐसे गिरी तो और क्या होगा।" संदेशखाली के स्टिंग वीडियो के बारे में सुकांत ने आज कहा, "वीडियो सही नहीं है। और अगर हम तर्क के तौर पर मान भी लें कि वीडियो सही है तो भी मामला मेल नहीं खाता। 1,000 महिलाओं ने कोर्ट और सीबीआई को प्रताड़ना के बारे में हलफनामा दिया। तो फिर उसी की बात मान लो या सच बता दो कि हजारों महिला ने शिकायत की है।"

बाद में, निश्चित रूप से, सुकांत ने सीधे तौर पर दावा किया, ₹संदेशखाली का वीडियो नकली है। संदेशखाली की घटना को छुपाने के लिए तृणमूल ने यह वीडियो बनाया है।" सुकांत ने तृणमूल सरकार की लोकप्रिय परियोजना लक्ष्मी भंडार का जिक्र करते हुए कहा, "जब हम राज्य में सत्ता में आएंगे तो लक्ष्मी भंडार का नाम बदलकर अन्नपूर्णा भंडार कर दिया जाएगा।" पैसा तीन गुना हो जाएगा।" एक बार बीजेपी नेताओं ने इस लक्ष्मी भंडार की आलोचना की थी, लेकिन इसकी लोकप्रियता को देखते हुए राजनीतिक हलकों का मानना है।

विधान परिषद में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए लालू

## मुस्लिमों को आरक्षण मिलना चाहिए : लालू

**लालू यादव से जब सवाल किया गया कि पीएम मोदी जब बिहार आते हैं तो कहते हैं कि लालू यादव और कांग्रेस धर्म आधारित आरक्षण लागू कर देंगे**



एजेंसी

**पटना।** बिहार विधान परिषद में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को आरक्षण को लेकर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए मुसलमानों को आरक्षण देने की वकालत की। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों को आरक्षण मिलना चाहिए। लालू यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उन आरोपों के भी जवाब दिए, जिसमें वे चुनावी जनसभाओं में आरोप लगाते रहे हैं कि कांग्रेस ने ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दिया।

इसका जवाब देते हुए लालू यादव ने मुस्लिम आरक्षण की वकालत की और बोले कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना ही चाहिए। लालू यादव से जब सवाल किया गया कि पीएम मोदी जब बिहार आते हैं तो कहते हैं कि लालू यादव और कांग्रेस धर्म आधारित आरक्षण लागू कर देंगे। इसके जवाब में लालू यादव ने कहा कि वो आरक्षण के पक्षधर हैं न ?

वो लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहते हैं। जनता को सब समझ में आ गया है। पत्रकारों ने लालू यादव से सवाल किए कि अमित शाह जब बिहार आते हैं तो जंगलराज की बात कहते हैं। इसपर लालू यादव ने कहा कि वो लोगों को भड़का रहे हैं। दरअसल, वो डरे हुए हैं। इतना डर गए हैं कि लोगों को वो भड़का रहे हैं। लालू से सवाल किया गया कि पीएम कह रहे हैं कि जब कांग्रेस के साथ आप आएंगे तो लोगों की संपत्ति छीन ली जाएगी। इसपर लालू यादव ने कहा कि वो संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं।

## पुलिस ने 8 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**नवादा।** पुलिस ने मंगलवार को वारसलीगंज थाने के गौसपुर में छापेमारी कर 8 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है । उनके पास से नगद रुपये सहित भारी संख्या में ठगी में प्रयुक्त होने वाले सामानों की भी बरामद की की है।



नवादा में ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम ठगी करने वाले 8 साइबर अपराधियों को पुलिस ने दबोचा है। इनके पास से 13 मोबाईल, 05 एटीएम कार्ड और 1,83,670 रुपये बरामद किए गए हैं। नवादा जिला साईबर क्राईम का सुरक्षित जोन बन गया है। लगातार यहां से साइबर क्राइम की घटना सामने आ रही है। पूरे देश के लोगों को नवादा में रहकर साईबर फ्रॉड किया जा रहा है। नवादा जिले के वारिसलीगंज थानाक्षेत्र के गोसपुर ग्राम में मंगलवार को वारिसलीगंज थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि गोसपुर ग्राम में कुछ साईबर क्राईमर इकट्ठा हुए हैं। जिनके द्वारा भोले-भाले जनता को ठगने का काम किया जा रहा है। सूचना मिलने पर तुरंत थानाध्यक्ष ने नवादा पुलिस अधीक्षक को सूचना दिया। जिसके बाद एक टीम गठित कर उक्त स्थान पर घेराबंदी कर छापेमारी किया। पुलिस ने देखा कि कि गोसपुर हॉल्ट के सौ मीटर दूरी पर उतर दिशा में वाल्मीकि सिंह के अर्धनिर्मित मकान में कुछ साईबर अपराधी अपराध कारित कर रहे हैं। पुलिस को देखकर साईबर अपराधी भागने लगे। लेकिन पुलिस ने कुल 08 साईबर अपराधी को धर दबोचा । पुलिस ने बताया कि एक साईबर अपराधी दीवार कूदकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने सभी अपराधी को स्थानीय थाना लाकर पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस को बताया कि इन लोगों द्वारा एक योजना के तहत फेसबुक पर धनी फाईनेंस एवं अन्य विश्वसनीय संस्था के नाम से फर्जी आईडी बनाई जाती है। कस्टमर से नंबर निकालकर धनी फाईनेंस के नाम से ऑनलाईन लोन दिलाने के लिए ग्राहक को फोन करते हैं। जब कोई ग्राहक इनके जाल में फंस जाते हैं तो उनको विश्वास दिलाने के लिए उनके डॉक्यूमेंट जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं ईमेल आदि की छायाप्रति की मांग की जाती है। इसके बाद एनओसी के नाम पर ग्राहक से छोटी रकम मांगी जाती है। उसके बाद डॉक्यूमेंट अप्रूव होने के नाम पर प्रोसेसिंग शुल्क की मांग की जाती है। इसी तरह ग्राहकों से हजारों की ठगी कर ली जाती थी। पुलिस ने जो 08 साईबर ठगों को गिरफ्तार किया है। उनमें दिलखुश कुमार उम्र 22 वर्ष पिता मनोज सिंह, त्रिपुरारी कुमार उम्र 28 वर्ष पिता संजय कुमार ,प्रशांत कुमार उम्र 28 वर्ष पिता योगेन्द्र सिंह, बिट्टू कुमार 28 वर्ष पिता वाल्मीकि सिंह, अंकुर कुमार उम्र 26 वर्ष पिता शंभू शरण सिंह, खिखर सिंह उम्र 29 वर्ष पिता स्व. परमानंद सिंह, रोहित कुमार उम्र 27 वर्ष पिता राजेश सिंह इन सभी वारिसलीगंज थानाक्षेत्र के गोसपुर ग्राम के निवासी हैं। एक अन्य नालंदा जिले के कतरीसराय थानाक्षेत्र के कटौना ग्राम निवासी गौतम कुमार पिता भूषण सिंह शामिल है ।

## इस बार लौट सकती है 'शीतलकुची' की याद!

संवाददाता

**कोलकाता।** 2021 विधानसभा चुनाव के दौरान शीतलकुची मामले में हुई मौतों ने राजनीतिक हलकों में खलबली मचा दी थी। तब से लगभग तीन साल बीत चुके हैं। इसकी चर्चा अभी भी होती है।

शीतलकूची का मुद्दा बार-बार सत्ताधारी नेताओं की जुबान पर उठता रहा है। तीसरे चरण की वोटिंग के दिन जंगीपुर के बीजेपी उम्मीदवार ने शीतलकुची के बारे में बात की। तृणमूल ने एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर कर निंदा की। जंगीपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी धनंजय घोष मंगलवार सुबह अजगरपाड़ा बूथ संख्या 88 पर गये। बीजेपी प्रत्याशी पर उस बूथ पर मतदाताओं को भड़काने का आरोप लगा था। वहीं शिकायत होते ही बीजेपी प्रत्याशी अपना आपा खो बैठे। कथित तौर पर रघुनाथगंज 1 ब्लॉक के तृणमूल अध्यक्ष गौतम घोष से झगड़ा हो गया। यह भी आरोप है कि बीजेपी उम्मीदवार ने तृणमूल नेता को धक्का दिया। स्थिति से निपटने के लिए केंद्रीय बल दौड़ पड़े। उनकी मध्यस्थता से स्थिति सामान्य हो गयी है। इस घटना के बाद तृणमूल ने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में बीजेपी उम्मीदवार को यह कहते हुए सुना गया है, 'अगर जरूरत पड़ी तो आयोग फोर्स के साथ एक और कार्रवाई कर सकता है।' सत्ताधारी खेमे ने उस वीडियो को शेयर कर बीजेपी की निंदा की। सत्तारूढ़ खेमे के शीर्ष भाजपा को टैग किए गए पोस्ट में, खुले तौर पर बंगाल में एक और शीतलकुची की बात की गई। बंगाल के प्रति नफरत पारिस्थितिकी तंत्र में गहराई तक समा गई है।

छात्र-शिक्षक के बिच अच्छी संबंध बनाने के लिए हाई कोर्ट ने गाइडलाइन जारी किया


# छात्र शिक्षकों का सम्मान करें और उन्हें महत्व दें

संवाददाता

**कोलकाता।** कॉलेजों या विश्वविद्यालयों जैसे शैक्षणिक संस्थानों में, जहां राजनीति सीधे तौर पर जुड़ी हुई है, यह आवश्यक है कि सहायक शिक्षण वातावरण बनाने के लिए शिक्षक छात्रों का सम्मान करें और उन्हें महत्व दें। इसके अलावा, कोलकाता उच्च न्यायालय के अनुसार, शिक्षकों के लिए शैक्षिक और प्रशासनिक मामलों में ईमानदार होना बहुत महत्वपूर्ण है।

हाल ही में इसी कॉलेज के छात्र संगठन के सचिव ने एक प्रिंसिपल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। पिछले हफ्ते दायर मानहानि केस को खारिज करते हुए कोर्ट ने शिक्षकों और छात्रों के बीच अच्छे संबंध बनाए रखने की गाइडलाइन बांध दिए है। हाईकोर्ट की

**● शक्षकों को कैसा व्यवहार करना चाहिए। साथ ही किसी भी मामले में राजनीति न खींचने की सलाह दी है**



सिंगल बेंच की न्यायाधीश शंपा दत्ता (पाल) ने यह स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षकों को कैसा व्यवहार करना चाहिए। साथ ही किसी भी मामले में राजनीति न खींचने की सलाह दी है।

जज के मुताबिक, शिक्षकों को कॉलेज में पढ़ने के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं या शोध में छात्रों की मदद के लिए हाथ बढ़ाना चाहिए। इससे दोनों पक्षों के बीच अच्छे रिश्ते बने रहेंगे। इसके साथ ही न्यायाधीश ने न्यायालय के मार्गदर्शन के अनुसार शिक्षकों के आदर्श आचरण में छात्रों का सम्मान, योग्यता, व्यावसायिकता, ईमानदारी, आपसी सहयोग, निष्पक्षता एवं निष्पक्षता, संस्थागत नीति का पालन करने समेत कई सुझाव दिये हैं। याचिकाकर्ता के वकील अपलक बसु ने कहा कि 2015 में हुगली महिला कॉलेज की प्रिंसिपल बनने के बाद से याचिकाकर्ता सीमा बनर्जी के नाम पर कई काल्पनिक साजिशों के बारे में झूठी अफवाहें फैला रही हैं। इतना ही नहीं, अगस्त 2018 में हुगली महिला कॉलेज के एक कार्यक्रम में आवेदक शिक्षिका ने सार्वजनिक साक्षात्कार में कॉलेज की समग्र स्थिति की आलोचना भी की थी। प्रिंसिपल ने दावा किया कि साक्षात्कार उसी वर्ष अगस्त में एक प्रमुख अखिल भारतीय समाचार चैनल पर दिखाया गया था। वहां याचिकाकर्ता ने कॉलेज की वर्तमान स्थिति की आलोचना की और शिकायतकर्ता शिक्षक और प्रियंका अधिकारी का नाम लिया।

## अररिया में चुनाव को लेकर भारत-नेपाल बॉर्डर पर दोनों देशों के सुरक्षाकर्मी तैनात

एजेंसी

**अररिया।** अररिया में तीसरे चरण के तहत हो रहे मतदान को लेकर भारत नेपाल सीमा सील है।दोनों देशों की सरहद की सुरक्षा में लगे जवान एक दूसरे के बॉर्डर पर तैनात हैं और शांतिपूर्ण मतदान के लिए किसी अवांछित तत्वों को प्रवेश करने नहीं दे रहे हैं। जिले के जोगबनी स्थित मुख्य बैरियर को नीचे गिरा हुआ है। दोनों देशों के बीच आवागमन को ठप्प है। चुनाव को लेकर सड़क से लेकर सीमा तक की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। कस्टम,एसएसबी समेत जोगबनी थाना पुलिस की मौजूदगी है।बॉर्डर को पूरी तरह सील कर दिए जाने के कारण नेपाल में फंसे



लोगों की मुश्किलें भी बढ़ी है। वहीं भारतीय सीमावर्ती क्षेत्र के मतदाताओं का पहचान पत्र दिखाकर मतदाताओं के साथ इमर्जेंसी वाले की में लोगों को पैदल प्रवेश करने दिया जा रहा है।अररिया जिला प्रशासन के साथ नेपाल के मोरंग जिला प्रशासन के अधिकारी बॉर्डर पर मुस्तैद है। इंडो नेपाल अधिकारियों की पिछले दिनों मीटिंग के आलोक में चुनाव से 48 घंटे पहले ही बॉर्डर को सील कर दिया गया था।जिससे खुली सीमा का फायदा उठाकर एक दूसरे देश के असमाजिक तत्व वाले लोग आवाजाही न कर सके। एसएसबी के जोगबनी कैंप प्रभारी आनंद सिंह भंडारी ने सीमा सील के बाद लोगों के आवाजाही पर रोक लगाने की बात कही।

## एक नजर

### एसएसपी ने थाना प्रभारियों के साथ की बैठक



**जमशेदपुर ।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा को लेकर मंगलवार को एसएसपी किशोर कौशल द्वारा एसपी ग्रामीण ऋषभ गर्ग के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय सभागार घाटशिला में ग्रामीण क्षेत्रों के सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों को चुनावी प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया गया।

### बूथ अवेयरनेस ग्रुप की हुई बैठक



**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत कोडरमा लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। आज सामान्य प्रेक्षक आलोक कुमार सिंह डोमचांच प्रखंड के मध्य विद्यालय फुलवारिया मतदान केंद्र संख्या 19 में बूथ अवेयरनेस ग्रुप के बैठक में शामिल हुए। उन्होंने बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। आप स्वयं मतदान करें और अपने आस पास के मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर लायें। मतदान दिवस पर लिखे तिथि का गुब्बारे आकाश में उड़ाया गया सामान्य प्रेक्षक आलोक कुमार सिंह की अगुवाई में पदाधिकारी और कर्मचारियों ने गुब्बारे आकाश में उड़ाए। इस दौरान सभी ने 20 मई 2024 को नैतिक और विश्वास के साथ मतदान करने का संकल्प लिया। नैतिक मतदान की शपथ दिलाया गया सामान्य प्रेक्षक आलोक कुमार सिंह के द्वारा नैतिक मतदान करने का शपथ दिलाया गया।हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।" की शपथ दिलाया गया। उपस्थितिः इस मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर समेत विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी व नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**पतरातू(रामगढ़)।** मतदाता जागरूकता अभियान में सशक्त भूमिका निर्माण के उद्देश्य से पीवीयूएन पतरातू और स्पर्श-ई वॉइस संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को पतरातू प्रखंड परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। बताया गया कि स्पर्श-ई वॉइस संस्था द्वारा कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

### लोकतंत्र महापर्व के अवसर पर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**कोडरमा।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति के द्वारा लोकतंत्र के महापर्व के शुभ अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया । यह अभियान विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति झारखंड प्रांत के सह प्रमुख योगाचार्य सुषमा सुमन ने गांव गांव में जाकर मतदान का महत्व बताया और आपका मतदान से 5 वर्षों के लिए सरकार बनती है और आप मतदान देते हैं तो लोकतंत्र मजबूत होती है और एक मजबूती सरकार बनती है, इसलिए आपका मतदान आने वाले पीढ़ी और समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाता है, इसलिए मतदान अवश्य करें। सुषमा सुमन ने सभी को शपथ दिलाया और सभी लोग शपथ लेते हुए बोले पहले मतदान करेंगे ।

### ग्रिजली विद्यालय में एनडीए के लिए काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन

# सेना में शामिल होना हर छात्र का सपना है

**संवाददाता**

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय के सभागार में कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए स्टूडेंट सर्विस सेल के द्वारा भारतीय सेना में कमीशन अफसर के तौर पर अपनी सेवा देने के इच्छुक युवाओं को कैरियर के अवसरों के बारे में युवा मन को प्रेरित और प्रबुद्ध करने के लिए एक कैरियर काउन्सलिंग सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर भारतीय सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर अमर नारायण शामिल हुए और भारतीय सशस्त्र बलों में जीवन और अवसरों के बारे में बहुमूल्य जानकारी को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से साझा किया। सैनिक स्कूल तिलैया के पूर्व छात्र ब्रिगेडियर अमर नारायण ने 1981 में नेशनल डिफेंस अकादमी में प्रवेश प्राप्त किया था एवम 1985 में आर्मी एयर डिफेंस में कमीशन हुए थे। स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड के प्रेसिडेंट के तौर पर ब्रिगेडियर अमर नारायण ने 3 साल के सेवा अवधि में 3000 से ज्यादा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवम स्क्रीनिंग किया है। कार्यक्रम की शुरूवात में विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर अमर नारायण का स्वागत पौधा देकर किया। अपने स्वागत संबोधन में प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करना हर छात्र का सपना होता है मगर सभी सफल नहीं हो पाते है परंतु संपूर्ण जानकारी एवम तैयारी के द्वारा ये सपना जरूर पूरा हो सकता है और ऐसे सेमिनार के माध्यम से छात्र अपने इस सपने के और करीब आ सकते है। मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर अमर नारायण ने छात्रों को भारतीय सेना में उपलब्ध कैरियर की संभावनाओं की गहरी समझ प्रदान कराई एवम उनसे जुड़ी अनूठी जीवनशैली और मूल्यों पर भी प्रकाश डाला। ब्रिगेडियर अमर नारायण ने अपने व्यापक अनुभव और ज्ञान को छात्रों के सामने प्रस्तुत करते हुए उन्हें देश सेवा में जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एनडीए, सीडीएस और एएफसीएटी, टीईएस, अग्निवीर सहित विभिन्न प्रवेश मोड पर चर्चा की, जिसके माध्यम से छात्र भारतीय सेना में अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने छात्रों को एसएसबी में होने वाली प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।, जैसे अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की मजबूत भावना। सत्र के दौरान, छात्रों को सशस्त्र बलों में चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण और जीवन के बारे में प्रश्न पूछने और अपने संदेहों को स्पष्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया गया जिसमे शामिल होकर छात्रों ने मुख्य वक्ता से अनेक प्रश्न किये और जिनका जवाब मुख्य वक्ता के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक विजय कुमार सिंह, जीतेन्द्र चौधरी, बुद्ध देब नस्कर, सुधांशु कुमार, पंकज उपाध्याय, सुनील साव, शिक्षक कुमार राजीव, शफीक आलम, संजीव कुमार जयसवाल, नागेंद्र कुमार, संतोष कुमार आदि का योगदान सराहनीय था।



## उपायुक्त के निर्देशानुसार सोशल मीडिया कैंपेन #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर अभियान चलाया गया

**संवाददाता**

**कोडरमा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के प्राप्त मार्गदर्शन पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार #मैं भीइलेक्शनएंबेसडर #मैंभीइलेक्शनएंबेसडर अभियान चलाया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाये गये सोशल मीडिया कैंपेन हैशटैग #मैंभीइलेक्शनएंबेसडर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत सारे ओद्योगिक प्रतिष्ठान, निजी/सरकारी कार्यालय, तमाम कृषि उत्पाद समूह, महाविद्यालय/ विद्यालय, निजी एवं सरकारी बैंक एवं अन्य प्रतिष्ठानों में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मतदाता पहचान पत्र की जांच करना एवं मतदाता पहचान पत्र के साथ एकल व समूह में फोटो लेना, हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी प्वाइंट के साथ सेल्फी ली और सोशल मीडिया कैंपेन हैशटैग #मैंभीइलेक्शनएंबेसडर अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कृषक संगठन दीदियों के द्वारा मेंहदी, मतदाता शपथ, लोकतंत्र की महापर्व की जय एवं अन्य कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। 20 मई 2024 को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ लिया गया। इसी तहत सभी मतदान केन्द्रों में गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप की भी बैठक किया गया, जिसमें सभी सदस्यों को कम से कम 10 सदस्यों को 20 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही जिन मतदान केंद्रों पर पिछले चुनाव में कम मतदान हुआ था, उन मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। बैठक में सभी ने मतदाता शपथ कर नैतिक मतदान करने का संकल्प लिया। #मैंभीइलेक्शनएंबेसडर सोशल मीडिया कैंपेन के तहत शशि शेखर सुमन प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा की अगुवाई में कार्यालय के पदाधिकारियों/ कर्मियों, सुपरवाइजरों, ड्राइवरों, सफाई कर्मियों एवं नगर पंचायत कोडरमा अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के साथ बैठक कर मतदाता शपथ दिलवाया गया ' समूह की महिलाओं के द्वारा जन जागरूकता के लिये रंगोली बनाया गया एवं सेल्फी तथा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया ।



## बिरसानगर को बनाएंगे शानदार कॉलोनी : सरयू राय

**संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने कहा कि बिरसानगर में जल निकासी सबसे बड़ी समस्या है। ऊंची नीची जमीन पर बसे बिरसानगर में अब तक जो भी नालियां बनी हैं, वो घरों के पानी को बाहर निकालने में सफल नहीं हो पा रही हैं। वहीं बरसात के दिनों में निचले और गहरे स्थानों पर जल जमाव हो जाता है। जिसके कारण पानी का प्रवाह नालियों से नहीं होकर घरों में प्रवेश कर जाता है। जिसके तहत उन्होंने बिरसानगर में समेकित नाली विकास योजना का कार्यान्वयन करने का आश्वासन नागरिकों को देते हुए कहा कि चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही इसका प्रस्ताव जमशेदपुर अक्षेस और जिला प्रशासन को देंगे। वहीं मंगलवार की सुबह 7 से लेकर 10 बजे तक उन्होंने बिरसानगर के विभिन्न क्षेत्रों का पैदल भ्रमण करने के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। बिरसानगर के प्रायः सभी मुख्य सड़कें कालीकृत हो चुकी हैं और बाकी में काम चल रहा है। अब केवल छोटी सड़कें और गलियां ही रह गई हैं। जिनका निर्माण आचार संहिता खत्म होने के बाद आरंभ होगा। इस दौरान लोगों ने सड़कें बनाने के लिए उनका फूल माला पहनाकर स्वागत भी किया। साथ ही घरों से निकलकर खुशी भी जाहिर की। विधायक ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे बिरसानगर को न केवल जमशेदपुर का बल्कि झारखंड का सबसे सुंदर और आदर्श कॉलोनी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बिरसानगर में बन रहे पीएम आवास क्षेत्र का भ्रमण कर पाया कि काम की गति काफी धीमी है। ईंटे एवं अन्य भवन सामग्रियों की गुणवत्ता सुधारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास का निर्माण होने के बाद जल निकासी यहां की सबसे बड़ी समस्या बन जाएगी। पीएम आवास के कई खंड ऊंचाई पर बन गये हैं। जबकि कई खंड नीचे गहराई में बने हैं। उन्होंने कहा कि पीएम आवास की प्रगति की समीक्षा के लिए वे नगर विकास विभाग, जमशेदपुर अक्षेस और जुडको जैसी संस्थाओं को चार जून के बाद विधानसभा समिति में हाजिर कराएंगे और योजना की समीक्षा करेंगे। मौके पर विधायक के निजी सचिव सुधीर सिंह, भाजमो के जिला मंत्री विकास गुप्ता, प्रकाश कोया, अमित शर्मा, शंकर कर्मकार, महेश तिवारी, एसएन मिश्रा, नांदिता गगराई, रेखा महानंदी, राजेन कुजूर, मोनि नाग, सरस्वती खमरी, भानू देवी, हैपी सिंह, खोखन बनर्जी, डॉ गोपीनाथ परिडा, दिलिप साव, जीतन मिंज समेत स्थानीय निवासी मौजूद थे।



## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सदस्यों ने हजारीबाग के कई स्थानों का भ्रमण किया



**संवाददाता**

**झुमरी तेलैया ।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सदस्यों ने स्टाफ वेलफेयर सेल के अंतर्गत हजारीबाग स्थित विभिन्न मनोरम स्थानों कनेहरी हिल, निर्मल महतो उद्यान, जुबी डूबी वाटर पार्क, हजारीबाग झील, कैफेटेरिया, , वृद्धा आश्रम, इत्यादि का भ्रमण कर उक्त स्थान के मनमोहक , खूबसूरत, चर्चित व्यंजन आदि का लुत्फ उठाते हुए वहां के सौम्य वातावरण से अभिभूत हुए । इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि भ्रमण से स्टाफ वर्ग तनाव मुक्त होते हैं एवं उनकी मानसिक एवं शारीरिक स्थिति शत प्रतिशत स्वस्थ्य होती है ।जिससे उनके अंदर निहित विविध शक्तियां क्रियाशील होती है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने कहा कि आउटिंग से हमारे भीतर समूह भावना, समूह मन एवं स्फूर्तिपन जैसे विभिन्न ऊर्जा का सृजन होती है। महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा,डॉ. मनीष कुमार पासवान, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, मनीष कुमार सिन्हा, सीताराम यादव, डॉ. रविकांत तिवारी, डॉ. पुजा कुमारी, वीरेन्द्र यादव, स्वर्ण सिंह, गौतम कुमार, पवन कुमार एवं शिक्षेकेतर कर्मचारी सुचित कुमार, दीपक पाण्डेय, रोहित कुमार, चुन्नु कुमार, सुधीर साव, नागेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सामान्य प्रेक्षक आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में कोडरमा लोस संसदीय क्षेत्र के सभी कोषांग की बैठक

## निर्वाचन कार्यों को सुनियोजित तरीके से करेंगेः आलोक कुमार सिंह



**संवाददाता**

**कोडरमा।** 05 कोडरमा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त आज समाहरणालय सभागार में सामान्य प्रेक्षक महोदय, आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के निमित्त सभी कोषांग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, मेघा भारद्वाज द्वारा सामान्य प्रेक्षक महोदय को 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के निमित्त सभी कोषांग द्वारा की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक महोदय, आलोक कुमार सिंह के द्वारा सभी कोषांग की बारी-बारी से समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को सुनियोजित तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं सामान्य प्रेक्षक ने सभी कोषांगों का समीक्षा करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन को लेकर अधिकारियो को कई बिंदुओं पर निर्देश दिया। उन्होंने सभी कोषांग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य के लिए उपलब्ध इवीएम व वीवीपैट की संख्या, सी- विजिल, इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम, एफएसटी, वीएसटी व वीवीटी की संख्या की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा सामान्य प्रेक्षक के द्वारा सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप का वितरण जल्द से जल्द सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण सामान्य प्रेक्षक महोदय ने डोमचांच एवं कोडरमा प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण कर वहां सारी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही वहां शौचालय, पेयजल की उपलब्धता, बिजली की व्यवस्था, मोबाइल चार्जिंग आदि व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखेंगे। इसके अलावा उन्होंने मॉकपोल की व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली तथा सभी संबंधित अधिकारियों को कम्युनिकेशन को बेहतर रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में मशीनरी का बहुत महत्वपूर्ण रोल होता है, इसलिए सभी मशीनरी को सुव्यवस्थित रखेंगे। डिस्पैच सेंटर व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण सामान्य प्रेक्षक महोदय ने डिस्पैच सेंटर और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उपस्थितिः बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु समेत विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी व नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अन्नपूर्णा देवी ने गांवों में किया जनसंपर्क



**संवाददाता**

**कोडरमा ।** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और कोडरमा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जनता को अराजक, हिंसक और मतलबपरस्त भाकपा माले से सावधान रहने की जरूरत है। एक वायरल वीडियो का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भाकपा माले के गुंडे अपने प्रभाव क्षेत्र में आए दिन राहगीरों, छोटे दुकानदारों, वाहन चालकों आदि से अवैध वसूली करते हैं और इनकार करने पर मारपीट और गाली गलौज करते हैं। अभी तक तो इनकी अराजकता एक खास इलाके तक सीमित है लेकिन ये अपनी गुंडागर्दी का विस्तार पूरे कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में करने का मंसूबा पाले बैठे हैं। झामुमो, कांग्रेस और राजद को इनकी गुंडागर्दी से फायदा है और भाकपा माले इन दलों के गठबंधन वाली सरकार की लूट में हिस्सेदार है। यही कारण है कि इन दिनों ये साथ साथ हैं। ये लुटेरा गठजोड़ झारखण्ड और खासकर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की शांतिप्रिय मेहनतकश जनता के लिए खतरनाक है। इस गठजोड़ के मंसूबे को किसी कीमत पर पूरा नहीं होने देना है। सतगांवा प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के क्रम में अन्नपूर्णा देवी ने ये बातें कहीं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कल पूरे देश ने देखा कि राज्य सरकार के एक मंत्री के पीएस के नौकर के घर से करीब 35 करोड़ रुपए मिले। लेकिन भाकपा माले प्रत्याशी या गठबंधन के किसी नेता के मुंह से एक शब्द नहीं निकला। यह चुप्पी सिद्ध करती है कि लूट के माल में सबका हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भाकपा माले के लोग अपनी चोरी और नाकामी छिपाने के लिए हमेशा झूठ का सहारा लेते हैं। झारखण्ड के बच्चे बच्चे को पता है कि अभ्रक, ढिबरा, बालू और पत्थर का कारोबार राज्य का विषय है और हेमंत सरकार की उपेक्षा के कारण इन सबका वैध कारोबार संकट में हैं। लोगों को यह भी पता है कि राज्य सरकार के संरक्षण में झामुमो, भाकपा माले, कांग्रेस और राजद के लोग धड़ल्ले से बालू, पत्थर, ढीबरा आदि का अवैध कारोबार कर रहे हैं। इसके बावजूद बेशर्मी के साथ इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार को जिम्मेवार ठहराया जा रहा है। लोग जागरूक हैं, साजिश - सियासत - सेवा - सरोकार सब कुछ समझते हैं। उन्हें पता है कि एक तरफ लुटेरों की जमात है जो जहां मौका मिलता है, जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर अपनी तिजोरी भर लेता है। एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में सेंधमारी कर धर्म के आधार पर अपने वोट बैंक को आरक्षण देता है। दूसरी तरफ, चौकीदार है जो इन चोरों की काली कमाई पकड़कर इन्हें जेल भेज रहा है। लूट का माल इन्होंने अपने सीए के पास छिपाया हो, अपने पीएस के नौकर के घर रखा हो या अपने दलालों को दे रखा हो, सब पकड़ा जा रहा है। ये चौकीदार मुस्तैदी से संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण की पहरेदारी कर रहा है। इसलिए मेरे सभी परिवारजन एक स्वर में कह रहे हैं कि कोडरमा को चोर नहीं, चौकीदार चाहिए। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भाजपा और इन चोरों की जमात के बीच के भारी फर्क को जनता समझ रही है।

## होली चाइल्ड स्कूल की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली गई रैली



**संवाददाता**

**कोडरमा।** लोकसभा में 20 मई को मतदान होना है और इसको लेकर मंगलवार की सुबह झुमरीतिलैया के बिशुनपुर रोड स्थित होली चाइल्ड स्कूल की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक रैली निकाली गई` इस जागरूकता रैली में स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका ओझा सहित सभी शिक्षकगण व नवमी और दशमी के बच्चे शामिल थे । यह रैली बिशुनपुर होते हुए कोरिया बस्ती , नवादा बस्ती , सीडी कॉलोनी और नरेश नगर होते हुए पुनः स्कूल जाकर एक अच्छे भारतीय होने की शपथ लेते हुए कार्यक्रम में तब्दील होते हुए समाप्त हो गई। अपना फर्ज निभाना है, 20 मई को वोट करेगा कोडरमा आदि जैसे नारों से लोगों को जागरूक कर रहे थे। शिक्षक गण व बच्चों ने लोगों को अपने साथ-साथ आसपड़ोस में रहने वाले लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया` प्रिंसिपल प्रियंका ओझा ने बताया कि स्टूडेंट्स की अपील का लोगों पर काफी प्रभाव पड़ता है और इसी को ध्यान में रखकर होली चाइल्ड स्कूल द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया । प्रियंका ने लोगों से अपील करते हुए कहा की 20 मई को छुट्टी का दिन न समझें, बल्कि इस दिन को सबसे अहम दिन मानते हुए जलपान से पहले मतदान करें । कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका सीमा सिंह,मुस्कान सिन्हा, प्रीति सिंह, काजल कुमारी, साध्वी पांडे, काजल सिन्हा, पायल कुमारी, सृष्टि कुमारी, पूनम सिन्हा, रूपाली कुमारी सहित शिक्षक शौर्य पांडे,कुणाल कुमार, प्रवीण कुमार यादव, अफजल हुसैन, असगरी खातून, रितु कुमारी सहित सभी बच्चे शामिल थे ।

## एक नजर

### टी-20 क्रिकेट : पीजीडीएवी ने सीवीएस कॉलेज को 80 रनों से हराया



नई दिल्ली। श्रेष्ठ यादव के शानदार शतक की मदद से पीजीडीएवी कॉलेज ने सी.वी.एस. कॉलेज को द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूनामेंट के लीग मैच में 80 रनों से से हरा दिया। टॉस जीतकर पीजीडीएवी कॉलेज ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 210 रन बनाए। श्रेष्ठ यादव ने 69 गेंदों में 115 रन बनाए। जवाब में सीवीएस कॉलेज की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 130 रन ही बना सकी और 80 रन से मैच हार गई। प्रथम गोसाईं ने 38 एवं ऋषि आर्यन ने 33 रन बनाए। डॉ. मुकेश कुमार (सहायक प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज) ने श्रेष्ठ यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

### विल्सन ने जीता पहला स्नूकर विश्व खिताब



लंदन। विश्व के 12वें नंबर के खिलाड़ी काइरेन विल्सन ने सोमवार को स्नूकर विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में क्वालीफायर जैक जोन्स को 18-14 से हराकर पहली बार विश्व चैंपियन का खिताब जीता। विल्सन ने रविवार के पहले सत्र में पहले सात फ्रेम अपने नाम कर लिए। जोन्स की जोरदार वापसी के बावजूद उन्होंने तीन फ्रेम तक अपनी बढ़त बनाए रखी। 32 वर्षीय विल्सन ने फाइनल में 50 से अधिक अंकों के साथ चार सेंच्यूरी और आठ ब्रेक बनाए, जिससे वह शेफील्ड के क्रूसिबल थिएटर में ट्रॉफी उठाने वाले 23वें खिलाड़ी बन गए। वर्ल्ड स्नूकर टूर की वेबसाइट पर विल्सन के हवाले से कहा गया, जब मैं छह साल का था, तब से मैंने इसका सपना देखा है। अपने पूरे परिवार के साथ इसे जीतना, बिल्कुल वैसा ही था जैसा मैंने सोचा था। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि मैं कई बार विश्व चैंपियन बन सकता हूं। पहला विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतना सबसे मुश्किल होता है।

### ब्राजील पहली फीफा फुटसल महिला विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर



जिनेवा। सोमवार को प्रकाशित पहली फीफा फुटसल महिला विश्व रैंकिंग में ब्राजील शीर्ष पर है। ब्राजील के बाद क्रमशः स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना, कोलंबिया, थाईलैंड, रूस, ईरान, जापान और इटली शीर्ष 10 में हैं। कोस्टा रिका (20वें), न्यूजीलैंड (26वें) और मोरक्को (59वें) अपने-अपने क्षेत्रों से सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीमें हैं। पहला फीफा फुटसल महिला विश्व कप 2025 में आयोजित किया जाएगा, हालांकि फीफा ने अभी तक टूनामेंट के मेजबान और तारीख की घोषणा नहीं की है। अक्टूबर में ब्राजील ने लगातार तीसरी बार फुटसल कोपा अमेरिका फेमिनिना का खिताब जीता, जिसमें 51 गोल किए और सिर्फ एक गोल खाया। विल्सन सबोइया की टीम ने मार्च में फेफ टूर्नामेंट भी जीता, जिसमें जापान, पुर्तगाल और स्पेन जैसी टीमें शामिल थीं। ब्राजील की टीम में महिला फुटसल इतिहास की सबसे रोमांचक और महान खिलाड़ी अमांडिन्हा के साथ-साथ गोलाजो देवी एमिली मार्कोंडेस भी शामिल हैं। अन्य उत्कृष्ट ब्राजीलियाई खिलाड़ियों में टैटी, लुसिलिया और तेजी से उभरती हुई एना लुइजा हैं। वहीं, स्पेन ने तीनों यूईएफए महिला फुटसल यूरो जीते हैं, जिनमें से आखिरी फाइनल में यूक्रेन को 5-1 से हराया था। अनीता लुजान, जो अभी-अभी एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट सर्जरी से वापस लौटी हैं, और पेक, जो पिछले महाद्वीपीय फाइनल में एमवीपी थीं, को व्यापक रूप से इस खेल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी माना जाता है।

# आईपीएल: सनराइजर्स और सुपर जायंट्स में आज होगा मुकाबला

- कमिंस के अलावा उसके अन्य गेंदबाज अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं
- टीम की गेंदबाजी यश ठाकुर के अलावा रवि बिश्नोई के पास रहेगी



हैदराबाद। एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद बुधवार को आईपीएल में अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करेगी। दोनो ही टीमें इस मैच को जीतकर प्लऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बरकरार रखने का प्रयास करेगी। जो भी टीम इस मैच में हारी उसका बाहर जाना तय है। ऐसे में इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। इस मैच के परिणाम से अन्य टीमों की प्लेऑफ की संभावनाओं पर भी प्रभाव पड़ेगा।

सनराइजर्स को पिछले मैच में मुम्मई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसका मनोबल कमजोर हुआ है। शुरूआती मैच में जमकर रन बनाने वाले सनराइजर्स के बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों से विफल रहे हैं। टीम हालांकि इस मैच में अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड से आक्रामक शुरूआत की उम्मीद करेगी। उसका लक्ष्य अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा क्योंकि उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी कमजोर है। कप्तान पीट कमिंस के अलावा उसके अन्य गेंदबाज अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं। दूसरी ओर केएल राहुल की कप्तानी में लखनऊ की टीम भी पिछले मैच में केकेआर से हारी थी। तब लखनऊ की टीम बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में भी नाकाम रही। उसकी बल्लेबाजी की कमान राहुल के अलावा मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन के पास रहेगी। टीम की गेंदबाजी यश ठाकुर के अलावा रवि बिश्नोई के पास रहेगी। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर हो गए हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को भी चोट लगी है इससे उसे नुकसान हुआ है। हेड को छोड़कर सनराइजर्स के अन्य बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी।

हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। इस मैच में हालांकि बारिश से बाधा आ सकती है। हैदराबाद में मैच के दिन सुबह मौसम साफ रहने की उम्मीद है पर मैच शुरू होने से पहले बारिश के आसार हैं। ऐसे में अगर बारिश के कारण ये मैच नहीं होता है तो लखनऊ और सनराइजर्स को झटका लगेगा।

## रहमानुल्लाह गुरबाज केकेआर की टीम से जुड़ने को तैयार

कोलकाता। एजेंसी



अफगानिस्तान के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में अपनी फ्रैंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से दोबारा जुड़ने को तैयार हैं। इससे पहले, 22 वर्षीय अफगान खिलाड़ी अपनी मां के साथ रहने के लिए आईपीएल छोड़ कर चले गए थे, जो स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। एक्स पर एक पोस्ट में, गुरबाज ने केकेआर ₹परिवार₹ में अपनी वापसी की पुष्टि की, सभी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और खुशखबरी साझा की कि उनकी मां बेहतर महसूस कर रही हैं। गुरबाज ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अपनी मां की बीमारी के कारण आईपीएल से थोड़े समय के ब्रेक के बाद, मैं बहुत जल्द अपने केकेआर परिवार में शामिल हो जाऊंगा, सभी संदेशों और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद, अल्हम्दुलिल्लाह अब वह बेहतर महसूस कर रही हैं।

22 वर्षीय दाएं हाथ के बल्लेबाज को आईपीएल के इस सीजन में अभी तक केकेआर के लिए खेलने का मौका नहीं मिला है। इसका कारण फिल साल्ट और सुनील नरेन की ओपनिंग जोड़ी को मिली सफलता है।

गुरबाज ने पिछले सीजन में केकेआर के लिए 11 टी20 मैच खेले और आईपीएल में पदार्पण करते हुए 133 से अधिक की शानदार स्ट्राइक रेट के साथ 20.64 की औसत से 227 रन बनाए। पूरे सीजन में उन्होंने दो अर्द्धशतक लगाए। 8 जीत और 16 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहने वाली केकेआर का अगला मुकाबला शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में मुंबई इंडियंस से होगा। दो बार की विजेता के लिए केवल तीन लीग मैच, 11 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ, 13 मई को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ और 19 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ, बचे हैं।

### सरे ने विटालिटी टी20 ब्लास्ट के लिए स्पेंसर जॉनसन के साथ किया करार

लंदन। सरे ने 2024 विटालिटी ब्लास्ट के पहले आठ मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन के साथ अनुबंध किया है। टी20 विश्व कप से बाहर रहने के बाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जॉनसन, रीस टॉपली, क्रिस जॉर्डन, सैम करन और विल जैक्स की अनुपस्थिति में खेलेंगे, इन खिलाड़ियों को इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा, सरे को मार्च में तब झटका लगा जब ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर आरोन हार्डी को उनके कार्यभार को नियंत्रित करने के लिए तीन महीने बाद टीम से बाहर कर दिया गया। जॉनसन विदेशी विकल्प के रूप में सीन एबॉट के साथ जुड़ेंगे। जॉनसन प्रतियोगिता से पहले टीम में शामिल होंगे और 30 मई को यूटिलिटा बाउल में सरे और हैम्पशायर के बीच होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनका पहला घरेलू मैच 2 जून को द किआ ओवल में समरसेट के खिलाफ डबल-हेडर मैच होगा। उनका अंतिम मैच 21 जून को द किआ ओवल में ग्लैमरगन के खिलाफ मैच होगा। जॉनसन ने क्लब की ओर से जारी एक बयान में कहा, ₹मैं सरे से जुड़कर बहुत उत्साहित हूं।

## दो मैत्री मैच खेलेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

नई दिल्ली। एजेंसी



भारतीय सीनियर महिला टीम आगामी फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान 31 मई और 4 जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ ताशकंद में दो दोस्ताना मैच खेलेगी। मुख्य कोच लंगम चाओबा देवी ने सोमवार, 6 मई, 2024 को 30 खिलाड़ियों की संभावित सूची की घोषणा की, जो 16 मई से हैदराबाद में शुरू होने वाले राष्ट्रीय टीम शिविर में शामिल होंगे। दो सप्ताह का प्रशिक्षण शिविर हैदराबाद में श्रीनिदी डेक्कन एफसी के डेक्कन एरिना में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम 29 मई को उज्बेकिस्तान के लिए रवाना होगी। भारत ने आखिरी बार फरवरी में तुर्की महिला कप के दौरान भाग लिया था, जहां वे अलान्या में कोसोवो के बाद उपविजेता रहे थे। भारत ने आखिरी बार नवंबर 2023 में एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर राउंड 2 में उज्बेकिस्तान का सामना किया था, जो ताशकंद में ही आयोजित किया गया था। उस अवसर पर मेजबान टीम ने 3-0 से जीत हासिल की थी।

## आईपीएल में एक शतक और लगते ही बनेगा सबसे अधिक शतकों का रिकार्ड

नई दिल्ली। एजेंसी

- सूर्यकुमार ने टी20 क्रिकेट में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए चौथा शतक बनाया है

आईपीएल में इस बार जिस प्रकार से शतक लग रहे हैं। उससे साफ है कि शतकों के मामले में एक नया रिकार्ड बनेगा। आईपीएल में मुम्बई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार यादव के शतक के साथ ही इस सत्र में अब तक 12 शतक लग गये हैं। इससे पहले 2023 सत्र में इतने शतक लगे थे। वहीं एक और शतक के साथ ही आईपीएल में सबसे अधिक शतक का नया रिकॉर्ड बन जाएगा क्योंकि सत्र में अभी 19 मैच और होने हैं। सनराइजर्स के खिलाफ 102 रन की पारी खेलने के साथ ही सूर्यकुमार ने भी एक उपलब्धि हासिली की है। वह ऐसे दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने मुंबई इंडियंस की ओर से दो शतक बनाए हैं। उनसे पहले केवल रोहित शर्मा ने यह रिकार्ड बनाया था। मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 51 गेंद पर 102 रन बनाये। यह आईपीएल 2024 में 12वां मौका है, जब किसी बल्लेबाज ने शतकीय पारी खेली है।

सूर्यकुमार ने टी20 क्रिकेट में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए चौथा शतक बनाया है। इस नंबर पर उनसे ज्यादा शतक सिर्फ ग्लेन मैक्सवेल 5 ही लगा सके हैं। डेविड मिलर 4 शतक के साथ बराबरी पर हैं। सूर्यकुमार ने शतकीय पारी के दौरान तिलक वर्मा 37 के साथ 143 रन की नाबाद साझेदारी की। यह मुंबई इंडियंस के लिए चौथे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड है। आईपीएल की बात करें तो ये लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। सूर्या-तिलक महज एक रन से रिकॉर्ड तोड़ने से दूर रह गए। 144 रन की साझेदारी का यह रिकॉर्ड गुरकीरत सिंह और शिमरन हेटमायर के नाम है। सूर्या का यह टी20 क्रिकेट में ओवरऑल छठा शतक है। भारतीय बल्लेबाजों में सबसे अधिक टी20 शतक बनाने के मामले में सूर्या संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर हैं।

## अभी राष्ट्रीय टीम में जगह पाने की काबिलियत हासिल नहीं की : मैकगर्क

नई दिल्ली। एजेंसी



विस्फोटक बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने ऑस्ट्रेलिया की टी 20 विश्व कप टीम में न चुने जाने पर कहा कि उन्हें लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार फॉर्म के बावजूद उन्होंने अभी राष्ट्रीय टीम में जगह पाने की काबिलियत हासिल नहीं की है। फ्रेजर-मैकगर्क ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए छह मैचों में 233.33 की स्ट्राइक रेट से 259 रन बनाए हैं, जिससे पूर्व खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में उनके चयन की मांग की थी, लेकिन उन्हें अगले महीने अमेरिका और कैरेबिया में होने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम में नहीं चुना गया।

22 वर्षीय विक्टोरियन ने द विलो टॉक पॉडकास्ट को बताया डेढ़ महीने पहले तो मैं तस्वीर में भी नहीं था। इससे मुझे बहुत ज्यादा परेशानी नहीं हुई क्योंकि मैं इस स्थिति में नहीं था, मुझे लगे कि मैंने अभी तक यह सब अर्जित किया है। विश्व कप, आईपीएल और फ्रैंचाइजी क्रिकेट से बहुत अलग है।

कुछ ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट लेखकों ने फ्रेजर-मैकगर्क को बाहर किए जाने पर दुख जताया है क्योंकि 15 सदस्यीय टीम में कई खिलाड़ी फिटनेस या फॉर्म की समस्याओं से जूझ रहे हैं। लेकिन युवा बल्लेबाज ने कहा कि डेविड वार्नर और ट्रैविस हेड तीनों प्रारूपों में हमारे अब तक के सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाज हैं और कप्तान मिशेल मार्श जैसे शीर्ष क्रम में फिट होना मुश्किल था।

# वाणिज्य

## मजबूत शुरूआत के बाद लुढ़का बाजार लाल निशान में पहुंचे सेंसेक्स और निफ्टी

नई दिल्ली। एजेंसी



घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। लेकिन बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही मंदड़ियों ने अपना दबाव बना दिया, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत और निफ्टी 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंदुस्तान युनिलीवर, ब्रिटानिया आईटीसी, नेस्ले और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के शेयर 3.78 प्रतिशत से लेकर 1.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एचसीएल टेक्नोलॉजी, बजाज ऑटो, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, अपोलो हॉस्पिटल और डिवीज लेबोरेट्रीज के शेयर 1.93 प्रतिशत से लेकर 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 2,114 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 911 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,203 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 8 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 22 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 77.76 अंक की मामूली बढ़त के साथ 73,973.30 अंक के स्तर पर खुला।

कारोबार शुरू होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 74,026.80 अंक तक पहुंचा। लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया।

### कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के मुल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.25 डॉलर यानी 0.30 फीसदी की उछाल के साथ 83.58 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.27 डॉलर यानी 0.34 फीसदी की बढ़त के साथ 78.75 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### सोना और चांदी की कीमत बढ़ी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में सोने के भाव में 200 रुपये से 250 रुपये तक का उछाल दर्ज किया गया है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 72,060 रुपये से 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 65,890 रुपये से 66,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी में भी तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 84,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 72,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी का माहौल

नई दिल्ली। एजेंसी



ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में आमतौर पर मजबूती का माहौल बना हुआ है।

टेक शेयरों की खरीदारी के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार तेजी बनी रही। डाउ जॉन्स 172 अंक की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.26 प्रतिशत उछल कर 5,127.79 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 315.37 अंक यानी 1.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,156.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 182.87 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 38,858.55 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार तेजी का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,213.49 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,996.64 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 173.61 अंक यानी 0.96 प्रतिशत बढ़ कर 18,175.21 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर तेजी का माहौल बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 3 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 6 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,533.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.13 प्रतिशत टूट कर 3,136.62 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। हैंग सेंग इंडेक्स में आज बड़ी कमजोरी नजर आ रही है।

## एक नजर

### हमास ने इजराइल के साथ संघर्ष-विराम प्रस्ताव को स्वीकार किया

**काहिरा।** इजराइल के साथ पिछले सात महीने से जारी युद्ध को रोकने के लिये चरमपंथी समूह हमास ने मिस्र और कतर की ओर से पेश किये गए संघर्ष-विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। हमास की तरफ से जारी एक बयान में इसकी पुष्टि की गई। संघर्ष विराम प्रस्ताव के संबंध में हमास ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि हमास के सर्वोच्च नेता इस्माइल हानिया ने कतर के प्रधानमंत्री और मिस्र के खुफिया मामलों के मंत्री को फोन पर यह जानकारी दी। मध्य पूर्व के ये दो देश इजराइल और हमास के बीच महीनों से जारी बातचीत में मध्यस्थता कर रहे हैं।

### ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस चैरिटी कोप्पाफील की संस्थापक क्रिस हालेंगा का निधन



**लंदन।** ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस चैरिटी कोप्पाफील की संस्थापक क्रिस हालेंगा का 38 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने इंग्लैंड के कॉर्नवाल में अपने घर पर आखिरी सांस ली। हालेंगा ने अपने जीवन के आखिरी समय तक लाखों महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया। दरअसल, ब्रेस्ट कैंसर को लेकर जागरुकता फैलाने वाली क्रिस हालेंगा को 15 साल पहले टर्मिनल ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था। एक साल से ज्यादा समय तक अपने अभिभावकों से दूर रहने के बाद हालेंगा का 23 साल की उम्र में ब्रेस्ट कैंसर का इलाज हुआ था। क्रिस हालेंगा के मित्र और लेखक फर्ने कॉटन ने उनके निधन पर कहा, जितना मैंने किसी को जीवित देखा है, वह उससे कहीं अधिक जिंदगी जीती थीं। उल्लेखनीय है कि कोप्पाफील मिशन युवतियों को ब्रेस्ट कैंसर के बारे में शिक्षित करता है। संस्था की जागरुकता की वजह से कई युवतियों को दोबारा अपनी सामान्य जिंदगी जीने में मदद मिली।

### मुरम खदान में भरे पानी में नहाने गए दो बच्चे डूबे

**भोपाल/छतरपुर।** प्रदेश के छतरपुर जिले के खजुराहो के भरवा गांव में पानी से भरे मुरम की खदान में दो नाबालिग बच्चों की डूबने से मौत हो गई। जहां सोमवार देर रात तक दोनों के शव को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू किया। एक बच्चे के शव को देर शाम को ही बाहर निकाला गया, जबकि दूसरे नाबालिग के शव आज मंगलवार सुबह निकाला गया। वहीं दोनों नाबालिग के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। यह घटना छतरपुर जिले के खजुराहो के बमीठा थाना चन्द्रनगर चौकी अंतर्गत सूरजपुरा ग्राम पंचायत के भरवा गांव की है। जहां गर्मी के मौसम में पानी से भरे मुरम की खदान (पोखर तालाब) में कृष्णा पुत्र कल्लू अहिरवार उम्र 15 वर्ष और बॉबी पुत्र मनसुख लाल अहिरवार उम्र 11 वर्ष नहाने गए थे। तालाब गहरा होने के कारण दोनों नाबालिग उसमें डूब गए और उनकी मौत हो गई।
घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और गोताखोर पहुंचे।

### पानी की समस्या पर सिंचाई विभाग अलर्ट मोड पर : मुख्य अभियंता

**देहरादून।** गर्मियां बढ़ते ही नदियों के मायके उत्तराखंड में पेयजल की समस्या बढ़ने लगती है। राजधानी देहरादून भी अपवाद नहीं है। यहां भी पेयजल समस्या लगातार बढ़ रही है। इस संबंध में मुख्य अभियंता जयपाल सिंह का कहना है कि पानी की कमी से निबटने का हर संभव प्रयास यिका जा रहा है। मंगलवार को उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश के 1720 ट्यूबवेल से लगभग 308 ट्यूबवेल का मैदानी और तराई क्षेत्रों में सिंचाई के अलावा पेयजल के लिए भी प्रयोग हो रहा है। पेयजल समस्या के सुधार के लिए शासन पूरी तरह प्रयासरत है। उत्तराखंड में लगातार बढ़ती गर्मी के चलते पानी की समस्या विकराल रूप लेती हुई नजर आ रही है। वहीं पेयजल के अलावा किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए भी पानी की कमी देखने को मिल रही जिससे निपटने के लिए सिंचाई विभाग हर संभव कर रहा है। इस बात को लेकर सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता जयपाल सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश के 1720 ट्यूबवेल में से लगभग 308 ट्यूबवेल का मैदानी और तराई क्षेत्रों सिंचाई के अलावा पेयजल के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है।

### जल संस्थान की लापरवाही से पानी को परेशान हरिद्वार की जनता : सेठी

**हरिद्वार।** महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जल संस्थान के गैर जिम्मेदार अधिकारियों की शिकायत की है। सेठी ने कहा कि गर्मी सीजन शुरू होते ही सभी काम विभागों को याद आते हैं। सर्दी के समय जरूरी काम क्यों नहीं निपटाए जाते। जल संस्थान द्वारा इस पर जिम्मेदार अधिकारियों को तलब किया जाना चाहिए। कहाकि यात्रा सीजन शुरू हो चुका है और श्रद्धालु हो या आमजनता पानी के लिए महंगी बोतल खरीदने को मजबूर है। जहां सरकारी नल हैं वहां ही पानी नहीं बल्कि बोतले बिक रही हैं। कई जगह शहर में पानी की लीकेज है। जहां मन करता है ठेकेदारों द्वारा सड़कें खोद कर छोड़ दी जाती हैं। लीकेज का स्थाई समाधान नहीं किया जाता है। पानी का बिल पूरे 24 घंटे का और पानी सिर्फ 4 घंटे जिसमें 2 घंटे सुबह 2 शाम मिलता है। इसके बावजूद उसमें भी लो प्रेशर की समस्या है। कई कालोनियों में पूरा-पूरा दिन पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है। कहाकि अनुभवहीन ठेकेदारों से मरम्मत कार्य करवाकर लाइनों का नुकसान किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में चुनावी रैली को सम्बोधित किया, कहा

# देश ने ठान लिया है फिर भाजपा सरकार

● जनता-जनार्दन के उत्साह से साफ है कि चार जून को विपक्ष का सूरज अस्त होने वाला है



**धार/भोपाल। एजेंसी**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में चुनावी रैली में कहा कि जनता-जनार्दन के उत्साह से साफ है कि चार जून को विपक्ष का सूरज अस्त होने वाला है। चार जून को एक माह भी नहीं बचा है। आज तीसरे चरण की वोटिंग चल रही है। पहले चरण में विपक्ष पस्त पड़ गया था, दूसरे चरण में विपक्ष ध्वस्त हो गया था, आज तीसरे चरण के बाद जो इधर-उधर के टिमटिमाते तारे दिख रहे हैं, वो भी अस्त हो जाएंगे, क्योंकि पूरे देश ने ठान लिया है फिर एक बार भाजपा सरकार। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यहां से महू ज्यादा दूर नहीं है। महू में ही डॉ. आम्बेडकर का जन्म हुआ। ये भूमि मेरे जैसे न जाने कितने लोगों के लिए किसी तीर्थ से कम नहीं है। बाबा साहब के संविधान के कारण ही आप सभी ने मुझे यहां तक पहुंचा पाया, नहीं तो मोदी कहीं नहीं होता। ये संविधान नहीं होता तो आज भी एक ही परिवार का नाम चल रहा होता। नामदार ही हर जगह दिखाई देते, कामदार का तो कोई हिसाब ही नहीं होता, लेकिन यह बाबा साहब के संविधान की ताकत है कि नामदार को हटाकर देश ने कामदार को बैठा दिया और यही वजह है कि कांग्रेस बाबा साहेब से नफरत करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इसी नफरत के चलते कांग्रेस चाहती है कि संविधान बनाने का श्रेय बाबा साहेब को न मिले, इसलिए अब कांग्रेस ने कहना शुरू कर दिया है कि संविधान बनाने में बाबा साहेब का योगदान तो बहुत कम था, इसे बनाने में सबसे ज्यादा भूमिका पंडित नेहरू जी की थी। मोदी ने जनता से पूछा कि क्या यह बात आपके गले उतरती है? फिर कहा कि आज देश का बच्चा-बच्चा जानता है कि संविधान बाबा साहेब के योगदान का परिणाम है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि इन परिवारवादियों ने पहले देश का इतिहास तोड़ा मरोड़ा, आजादी के महानायकों को विस्मृत कर दिया, फिर अपना महिमामंडन करने के लिए झूठा इतिहास लिखा और अब ये संविधान को लेकर भी झूठ गढ़ने लगे हैं, उस पर भी कब्जा करने के फिराक में हैं। उन्होंने कहा कि सच यही है कि कांग्रेस का ये परिवार डॉ. आम्बेडकर से घोर नफरत करता है। कांग्रेस ने आम्बेडकर की राजनीति को खत्म करने की हर साजिश रची। मैं इसे भाजपा का और भाजपा सरकार का सौभाग्य मानता हूं कि भाजपा के समर्थन वाली केंद्र सरकार ने कुछ वर्ष पहले बाबा साहब को भारत रत्न दिया था।

### महाराष्ट्र में बोले मोदी कांग्रेस ने कई दशकों तक नागरिकों के साथ विश्वासघात किया

मुंबई। भाजपा के शीर्ष नेता नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अहमदनगर जिले की एक चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस पार्टी कई दशकों से देश के नागरिकों के साथ विश्वासघात करती आ रही है। इस बार भी कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप नजर आ रही है। इस घोषणा पत्र में देश के नागरिकों के विकास के मुद्दे ही नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस नीत इंडी गठबंधन के नेता कह रहे हैं कि सत्ता में आते ही एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण में से मुस्लिमों को आरक्षण देंगे। इनकी नजर एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण पर हैं और यह सभी लोग इन वर्गों का आरक्षण खत्म कर देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे जीवन की आखिरी सांस तक देश के संवैधानिक ढांचे को बदलने नहीं देंगे। मोदी ने कहा कि 26/11 का आतंकवादी हमला पाकिस्तान ने महाराष्ट्र की धरती पर किया था। किसने हमारे सैनिकों को मारा, किसने हमारे निर्दोष लोगों को मारा? ये सच्चाई दुनिया जानती है। हमारे देश की अदालतों ने फैसला दे दिया है, पाकिस्तान ने भी इसे स्वीकार कर लिया है लेकिन कांग्रेस पार्टी आतंकवादियों को निर्दोष होने का प्रमाणपत्र दे रही है। यह मुंबई हमलों में मारे गए सभी निर्दोष नागरिकों का अपमान है। यह उन सभी सुरक्षा बलों का अपमान है, जिन्होंने मुंबई हमले में सभी आतंकवादियों को मार गिराया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के प्रचार के लिए सीमा पार से ट्वीट किए जा रहे हैं। बदले में कांग्रेस पाकिस्तान को आतंकी हमलों में क्लीन चिट दे रही है। पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव में पराजय देख कर कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के नेता बौखला गए हैं और बयानबाजी करने लगे हैं, जबकि भाजपा का लक्ष्य देश हित, भारत का विकास, कल्याण, सुरक्षा और सम्मान है।

## राहुल गांधी के डीएनए में गड़बड़ी अखिलेश दिग्भ्रमित : ब्रजेश पाठक

**झांसी। एजेंसी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी के डीएनए में गड़बड़ी है तो सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव दिग्भ्रमित हैं। कांग्रेस हमेशा इस प्रकार की कृत्यों को करती रही है जो सनातन धर्म के खिलाफ हो। कांग्रेस की केन्द्र में जब सरकार थी तब श्रीराम मंदिर के मामले में कोर्ट के फैसले को रोकने के लिए पूरा प्रयास किया। यह बातें मंगलवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही। वह सोशल मीडिया वालिंटियरर्स के सम्मेलन व सम्मान समारोह में शिरकत करने दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आये थे। उन्होंने अखिलेश यादव द्वारा महंगाई पर उठाए सवाल के जबाब पर कहा कि अखिलेश यादव को पता नहीं है, वह दिग्भ्रमित हैं। भाजपा द्वारा 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है। जीडीपी में बढ़ोतरी हुई है। भारत विश्व में इंफ्रास्ट्रक्कर में नंबर एक पर आगे बढ़ रहा है। राहुल गांधी क्या श्रीराम मंदिर पर कुछ कर सकते हैं? इस पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के डीएनए में गड़बड़ी है, यह जरूर गड़बड़ी कर सकते हैं। कांग्रेस हमेशा इस प्रकार की कृत्यों को करती रही है, जो सनातन धर्म के खिलाफ हो।
इससे पूर्व सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की खास बात यह है कि जो ज्यादा डालेगा वही दिखेगा। जितनी पोस्ट आप भाजपा की डालोगे, भाजपा उतनी दिखेगी और विपक्ष साफ हो जाएगा। उन्होंने बचपन की याद दिलाते हुए लौकी, भिंडी और मटके का उदाहरण देकर बताया कि अम्मा ने हमें यही सिखाया था।

## दिग्विजय चुनाव हार रहे, मध्य प्रदेश में 29 कमल खिलेंगे : शिवराज सिंह

**भोपाल। एजेंसी**



मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए आज मतदान जारी है। इस बीच अपने परिवार समेत वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह चुनाव हार रहे हैं और राज्य में 29 लोकसभा सीटों पर पूरे 29 कमल खिलेंगे। उल्लेखनीय है कि तीसरे चरण के मतदान के लिए आज प्रदेश के नौ संसदीय क्षेत्रों भिंड, मुरैना, ग्वालियर, गुना, राजगढ़, भोपाल, विदिशा, सागर और बैतूल में 20, 456 मतदान केंद्रों पर वोटिंग हो रही है। इस चरण में विदिशा से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राजगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और गुना से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मैदान में हैं और इन सभी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने परिवार के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला। उन्होंने कहा कि मेरी बहनें मुझे आशीर्वाद देने आई हैं। यही मेरी पूंजी है। दिग्विजय सिंह को लेकर उन्होंने कहा है कि राजगढ़ में दिग्विजय हार रहे हैं, छिंदवाड़ा में भी कमल खिलेगा। प्रदेश की सभी 29 सीटें भाजपा जीतेगी।
शिवराज ने कहा, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत पूरा विपक्ष इस वक्त बौखलाया हुआ है। विपक्ष लोकतंत्र की हत्या जैसी बातें करता है, जबकि सब जानते हैं कि लोकतंत्र की हत्या तो कांग्रेस ने की थी । इंदिरा गांधी ने क्या किया? शिवराज सिंह ने दावा किया कि देश भर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लहर है। जनता विकास को चुन रही है और इसलिए इस बार भाजपा ने जो अपना नारा दिया है, वह 400 पार होकर रहेगा। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मप्र में हर बार की तरह जनता कांग्रेस को जवाब देगी।
इस दौरान कम मतदान होने को लेकर शिवराज का साफ कहना रहा कि , जीत कितने मतों से होगी, मैं यह नहीं सोचता हूं। बीते दो चुनाव में मतदान काम हुआ है। इस बार उम्मीद करता हूं कि मेरे सभी भाई, बहन, माताएं अपने मत का दान करेंगी। मेरी अपील है निकलें और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करें अपना मतदान अवश्य करेंगे। उन्होंने लोगों ने मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान करना लोकतंत्र के प्रति हमारी निष्ठा का प्रतीक है और इसीलिए वोट जरूर डालें।

### कोटा संभाग के स्कूलों में मोबाइल के उपयोग पर पाबंदी

कोटा। शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर की ओर से सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के मोबाइल उपयोग करने पर आपत्ति दर्ज कराने के बाद कोटा संभाग में सरकारी और निजी स्कूलों में मोबाइल के उपयोग पर पाबंदी लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस निर्देश के अनुसार स्कूल पहुंचने पर शिक्षकों को मोबाइल प्रिंसिपल के पास जमा करवाना होगा। स्कूल शिक्षा विभाग की संयुक्त निदेशक तेज कंवर का कहना है कि हमने आदेश डेढ़ महीने पहले ही निकाल दिए थे। इसका रिमाइंडर दो मई को दोबारा भेजा गया है। इसके बाद यह आदेश कोटा संभाग के सभी सरकारी स्कूलों में पहुंच गया है। आदेश में जॉइंट डायरेक्टर तेज कंवर के हवाले से लिखा गया है कि स्कूलों निरीक्षण के समय पाया गया है कि शिक्षक व कर्मचारी स्कूल टाइम में मोबाइल का प्रयोग निजी कार्यों के लिए कर रहे हैं। जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है, इसलिए मोबाइल फोन के यूज पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। इसी के तहत सभी राजकीय व मान्यता प्राप्त गैर राजकीय विद्यालयों में स्टूडेंट, टीचर और अन्य स्टाफ क्लासरूम और स्कूल कैंपस में मोबाइल पर बात करने पर पाबंदी रहेगी।

### सब्जी मंडी में शार्ट सर्किट से लगी आग

मथुरा। थाना राया क्षेत्र अंतर्गत बीते मध्य रात्रि में रेलवे लाइन के किनारे लगने वाली सब्जी मंडी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते मंडी की करीब 40 दुकानें धू-धू कर जलने लगीं। लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वो नाकाफी रहा। कुछ ही देर में सभी दुकानें जलकर खाक हो गईं। सूचना पर आधा दर्जन से अधिक दमकल पहुंची और किसी तरह आग पर काबू पाया। मंगलवार की तड़के करीब दो बजे राया स्टेशन की रेलवे लाइन एवं सड़क के बीच स्थापित सब्जी मंडी में शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। अग्निकांड स्थल तक अंदर जगह न होने के कारण यातायात ठप्प हो गया। सूचना पर पहुंची फायर विग्रेड की गाड़ियां हाथरस-मथुरा मार्ग पर खड़ी होकर रेलवे लाइन के ऊपर से पानी के पाइप से आग बुझाई। रेलवे लाइन के सहारे काठ के खोको में आग लगने की वजह से रेल संचालन दो घण्टे बन्द रहा।

## बांग्लादेश के विश्वविद्यालयों में फलस्तीन के समर्थन में छात्रों ने किया मार्च

**ढाका। एजेंसी**



फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन अब अमेरिका के विश्वविद्यालयों से होते हुए बांग्लादेश के विश्वविद्यालयों में पहुंच गया है। बांग्लादेश में सत्तारूढ़ पार्टी की छात्र शाखा से जुड़े छात्रों ने इजराइल-हमास युद्ध समाप्त करने और स्वतंत्र फलस्तीन के निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को देश भर के विश्वविद्यालयों में मार्च किया। ढाका विश्वविद्यालय के परिसर में बांग्लादेश छात्र लीग के कार्यकर्ताओं ने इजराइल विरोधी नारे लगाते हुए बांग्लादेशी और फलस्तीनी का झंडा लेकर मार्च किया। वे फलस्तीन को मुक्त करो, नरसंहार बंद करो लिखे बैनर लेकर चल रहे थे। छात्र समूह ने कहा कि उसने अमेरिका में विरोध प्रदर्शनों के साथ एकजुटता दिखाने और गाजा में इजरायली सैन्य कार्रवाई के खिलाफ बढ़ते गुस्से के कारण प्रदर्शनों का आयोजन किया। उन्होंने नरसंहार और मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान किया। इस बीच, अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय ने विरोध प्रदर्शन को देखते हुए 15 मई को होने वाले विश्वविद्यालय स्तर के मुख्य आयोजन को टाल दिया है। इसकी जगह छोटे-छोटे स्तर पर कार्यक्रम के आयोजन का फैसला लिया गया है।
मैनहट्टन में आईवी लीग स्कूल के अधिकारियों ने कहा कि छात्रों से मिले फीडबैक के आधार पर हमने अपने कक्षा दिवसों और स्नातक समारोहों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया है।

## जीवन में उन्नति के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है: संजय गुप्ता

**हरिद्वार। एजेंसी**



लक्सर क्षेत्र से पूर्व विधायक वरिष्ठ भाजपा नेता संजय गुप्ता ने आज कई विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों को पानी की बोतलें वितरित कीं। पानी की बोतल पाकर बच्चे काफी खुश नजर आए। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की नसीहत दी। वरिष्ठ भाजपा नेता संजय गुप्ता आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय कनखल, डॉ. हरिराम आर्य इंटर कॉलेज तथा गर्ल्स सेकेंडरी हाई स्कूल कनखल पहुंचे, जहां उन्होंने स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को पानी की स्टील की बोतलें वितरित कीं। स्टील की पानी की बोतलें पाकर बच्चे खुश दिखाई दिए। इस दौरान भाजपा नेता संजय गुप्ता ने कहाकि भीषण गर्मी में पानी की बोतलें बच्चों के लिए लाभकारी होंगी। कहाकि भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने बच्चों को स्वच्छ व ठंडा पानी मिल सके इसलिए बोतलें वितरित की हैं। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहाकि जीवन में उन्नति के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है। शिक्षा ही एक ऐसा धन है, जिसे कोई छीन नहीं सकता, बल्कि इसे जितना बांटोंगे यह उतना ही बढ़ता है। उन्होंने कहाकि जिस प्रकार हम किसी मनपसंद वस्तु का पाने के लिए बेहतर परिश्रम करते हैं।

**राजनीति**

सीएम योगी ने बहराइच लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित

# पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है: योगी

● आज बहराइच विकास के नये आयाम गढ़ रहा है, यहां पर महर्षि बालार्क के नाम पर अस्पताल और महाराज सुहेलदेव के नाम पर मेडिकल कॉलेज खुल चुका है



**बहराइच। एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है, जबकि पाकिस्तान की 24 करोड़ की आबादी भूखों मर रही है। इसके बाद भी कुछ लोग अपने राजनीतिक फायदे के लिए पाकिस्तान का नारा लगाते हैं। उनका वही हाल होगा जो महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद का किया था। ये वीरों की धरती है। उनसे बोलिए कि जिस भिखमंगे पाकिस्तान का वह नारा लगाते हैं, वहीं जाकर भूखो मरें। यहां भारत पर बोझ मत बनें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बहराइच लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा की सरकार में देश में कहीं भी आतंकी विस्फोट हो जाते थे। उस समय भारतीय जनता पार्टी जनता जनार्दन की आवाज उठाती थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। देश में आतंकवाद पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। दुनिया में देश का सम्मान बढ़ने के साथ विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं।
आज प्रदेश में बमबाजी नहीं बल्कि हर-हर बम-बम के साथ कांवड़ यात्रा निकल रही मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज बहराइच विकास के नये आयाम गढ़ रहा है। यहां पर महर्षि बालार्क के नाम पर अस्पताल और महाराज सुहेलदेव के नाम पर मेडिकल कॉलेज खुल चुका है।
इसकी पहले कल्पना नहीं की जाती थी, लेकिन मोदी हैं तो मुमकिन है। महाराजा सुहेलदेव का भव्य विजय स्तंभ बनकर तैयार है। वह राष्ट्र रक्षक थे। इसलिए सम्मान देना हमारा काम है। वहीं उनका भव्य स्मारक भी बनाया जा रहा है। हमने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के पंच तीर्थ का निर्माण भी किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार देश के महापुरुषों का सम्मान करना जानती है। वहीं कांग्रेस और सपा महापुरुषों का अपमान करना ही अपना धर्म मानते हैं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। देश की जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी।

## भाजपा सरकार में हर वर्ग को मिल रहा धोखा : अखिलेश यादव

● डबल इंजन की सरकार में विकास की गंगा बह रही है

**कानपुर। एजेंसी**



भाजपा सरकार में देश की जनता से वायदों की भरमार की गई और जब जवाबदेही होती है तो कह देते हैं कि वह जुमला था। एक वादा पूरा नहीं होता और दूसरा वादा प्रचारित होने लगता है। इस सरकार में हर वर्ग को अगर कुछ मिला है तो वह है सिर्फ धोखा। इनके सारे वायदे खोखले साबित हो रहे हैं और युवाओं के साथ जिस तरह से खिलवाड़ किया गया है इस लोकसभा चुनाव में युवा इनको बाहर का रास्ता दिखा देगा। यह बातें मंगलवार को कानपुर पहुंचे समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अकबरपुर लोकसभा सीट के अर्न्तगत रमईपुर में पार्टी उम्मीदवार राजाराम पाल के पक्ष में जनसभा के दौरान कही। अखिलेश ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि प्रचारित किया जा रहा है कि डबल इंजन की सरकार में विकास की गंगा बह रही है, जबकि हकीकत कोसों दूर है।
किसान हो या युवा सभी के साथ केवल धोखा हुआ है। अग्निवीर के नाम पर सरकार ने युवाओं को चार वर्षों का लॉलीपॉप दिया है जो नौजवान पेपर देकर आते है वो परीक्षा लीक हो जाती है। अगर यही सरकार रही तो धीरे-धीरे करके सरकारी नौकरियां ही खत्म हो जाएंगी। किसान खेतों में फसलों की रखवाली करके परेशान है।

# ऊर्जा और उत्साह से भरा महापरिवर्तन का संकेत



संवाददाता

**हजारीबाग।** कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने महागठबंधन से लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के पक्ष में चुनावी सरगर्मी को और तेजी दी। उन्होंने कटकमदाग प्रखंड के कटकमदाग पंचायत में बांका गांव, संलगांवा पंचायत में पकरार गांव, और कटकमसांडी प्रखंड के कंचनपुर पंचायत में गोविंदपुर और हेदलाग गांवों का दौरा किया। मुन्ना सिंह ने लोगों के साथ स्थानीय चुनावी मुद्दों पर चर्चा की और उनके समस्याओं को सुना। उन्होंने चुनावी लक्ष्यों और कांग्रेस पार्टी के उत्कृष्ट योजनाओं को लेकर लोगों को जागरूक किया तथा पार्टी के नयाय पत्र से अवगत कराया। इस संवाद के माध्यम से, सिंह ने लोगों की समस्याओं का हल निकालने का आश्वासन दिया और उन्होंने जनता के विकास और सुधार के लिए पार्टी के कामकाज की भूमिका पर भी चर्चा की। वहीं स्थानीय लोगों का लगातार मिल रहा समर्थन ये बता रहा है कि इस बार बदलाव निश्चित ही तय है। मुख्य रूप से कटकमदाग प्रमुख प्रतिनिधि उदय साव, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, सुधीर कुमार कुशवाह, नारायण कुशवाहा विकास कुशवाहा रंजीत यादव, उपेंद्र कुशवाहा, अदित्य कुमार, अजय कुमार, प्रमोद कुमार साव, विजय रविदास, लखन साव, महावीर साहू, विपिन कुमार, यश कुमार, अभय कुमार, पोखर साव, बेगन टुन्नी साव, प्रकाश कुमार, रिंकू कुमार, बृजेश कुमार, करण कुमार, डेगन कुमार, राजकुमार कुशवाहा, महावीर राम, प्रमोद कुमार, सुधीर कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, विक्रम कुमार कुशवाहा, सुभाष कुमार, अरुण कुमार, विपिन कुमार सिंह, करण कुमार, मुकेश कुमार, संजय कुमार, अंशु कुमार, रोहित कुमार, संजय कुमार, मुबारक अंसारी, वारिस हुसैन, जियाउल अंसारी, मनव्वर अंसारी, असलम अंसारी, मुस्लिम अंसारी, सुरेंद्र कुमार साहू, ि वरुण वर्मा, रंजीत कुमार, जगदीश साहू, प्रयाग प्रसाद, सोनू कुमार, छोटेलाल प्रसाद, वीरू प्रसाद, अजय राम, सोहन राम, सचिन कुमार, गोवर्धन राम, अर्जुन कुशवाहा, मुंशी साव, रंगदार खान, अजमल खान इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# हॉलपैक अनलोडिंग करने के दौरान कोयला चुनने वालों की लगती है भारी भीड़, पुनः हो सकता है हादसा

संवाददाता

**गिद्दी।** अरगड्डा प्रक्षेत्र के सिरका परियोजना के न्यू वर्कशॉप के समीप रिहायसी इलाका में स्थानीय प्रबंधन के द्वारा सुरक्षा को ताक पर रखकर बैखौफ तरीके से पत्थर, मिट्टी( ओबी ) डालकर नया कोयला डंपिंग यार्ड बनाया जा रहा है। इसके बाद कोयला डंपिंग होनें से कोयला चुनने वालों की भीड़ यहां लग जाती है। खुली खदान सिरका से हॉलपैक मशीन के द्वारा ओबी, कोयला उठाकर उक्त स्थल पर गिराया जा रहा है। जिसके लिए महिला, पुरुष व बच्चों की डंपिंग इलाके में कोयला चुनने को लेकर जमावड़ा लग जाता है।



इससे हॉलपैक बैक करने के दौरान हादसा होने की संभावना प्रबल होते जा रही है। हॉलपैक के द्वारा ओबी, कोयला को अनलोडिंग करने के दौरान कोयला लूटने के लिए ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर दौड़ पड़ते है। लेकिन स्थानीय सिरका प्रबंधन के द्वारा इसे रोकने के लिए कोई भी उपाय नहीं किया जा रहा है। बताते चलें कि विगत 21 अप्रैल को पत्थर, मिट्टी ओबी डंपिंग पर एक व्यक्ति का शव दबे होने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। इसके बावजूद स्थानीय प्रबंधन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता न कर इसी हाल पर छोड़ दिया जा रहा है, इससे कोलियरी क्षेत्र असुरक्षित होता जा रहा है। वहीं सूत्रों की माने तो सिरका में चुनाव को लेकर सुरक्षा कर्मियों का भी अभाव होने की चर्चा है। लेकिन वरीय प्रबंधन गलत फैसले लेते हुए रिहायसी इलाके के समक्ष अब नया डंपिंग यार्ड बनाने का काम स्थानीय प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है, जो खतरे से खाली नहीं है।

## एक नजर

### 11 स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया



**रामगढ़ ।** रामगढ़ शहर के 11 स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया,भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल जी का तूफानी दौरा रहा । आगामी 20 मई को ईवीएम के क्रम संख्या 2 पर कमल का बटन दबाकर,अपना बहुमूल्य वोट देकर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से जीतने का आग्रह किया। इसमें मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा के प्रभारी अभय सिंह, लोकसभा सह संयोजक कुंटू बाबू , जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी जी विधान सभा सह संयोजक विजय जायसवाल, रणजीत पाण्डे,महामंत्री छोटन सिंह मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवस्त्व मंडल महामंत्री ऋषिकेश सिंह ,पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो, मीडिया प्रभारी भीम सेन चौहान राजीव रंजन , सत्यजित सिंह,शीतल सिंह जय किशोर ठाकुर, धिरज साहू, ब्रजेश पाठक ,संतोष साव मुख्य रूप से उपस्थित थे । सर्वप्रथम गुरुद्वारा रोड से प्रारंभ की गई, विकास नगर ,छोटका काना वार्ड, के बाद क्षत्रिय महासभा वार्ड नंबर 1 शास्त्री नगर, दिनेश पाठक ब्राह्मण समाज के बीच बैठक, हरिजन समाज के बीच कोइरी टोला पतरातू बस्ती कुशवाहा धर्मशाला लायंस क्लब चैंबर ऑफ कॉमर्स मेंबरों के साथ बैठक कर आज का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### सुरक्षा इंस्पेक्टर व हवलदार पर कोयला चोरों ने किया हमला



**गिद्दी।** सिरका परियोजना में मंगलवार दोपहर तकरीबन डेढ़ बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब सुरक्षा में तैनात सीसीएल सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम व हवलदार गंगा राम के ऊपर गस्ती के दौरान कोयला डिपो रेलवे लाइन के समीप कोयला चोरों ने घेरकर हमला कर दिया। हमले में सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम को चेहरे पर व हवलदार गंगा राम को छाती, पीठ समेत शरीर के अंदरूनी हिस्से में चोट लगी है। घटना के बाद इलाज के लिए दोनों स्वयं सीसीएल के नईसराय अस्पताल पहुंचकर इलाज करवाया। जहां समाचार लिखे जाने तक इलाज जारी था। इस संबंध में सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम व हवलदार गंगा राम ने बताया कि हम लोग बाइक में सवार होकर सिरका परियोजना क्षेत्र का निरीक्षण के लिए नया कोयला डंप रेलवे लाइन की ओर गए थे। जहां कुछ अवैध कोयला ले जाने वाले साइकिले दिखी, कोयला चोरों की नजर पड़ने पर वे भाग गए, बाइक से उतरने के बाद पैदल निरीक्षण के दौरान एकाएक घेराबंदी कर करीब आधा दर्जन कोयला चोरो ने हम लोगों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। इसकी सूचना सिरका प्रबंधन को दी गई है। लेकिन अभी तक प्रबंधन बेखबर है घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र की है।

### मतदाता जागरूकता को लेकर लिया गया शपथ हस्ताक्षर

**गिद्दी।** अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को डाड़ी प्रखंड के द्वारा लोकसभा 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्किल ऑफिसर डाड़ी प्रखंड शांतनु मुखर्जी, नोडल पदाधिकारी अजित तिवारी,जीएम अरगड्डा क्षेत्र संजय कुमार झा उपस्थित हुए। इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव में अपना मतदान देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही प्रतिज्ञा के तौर पर हस्ताक्षर व सेल्फी पॉइंट पर तस्वीर ली गई। सभी ने पहले मतदान फिर जलपान और लोगों को जागरूक करने के लिए संकल्प लिया।

### पोस्टल बैलट के माध्यम से किया जा रहा है मतदान



**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान पोस्टल बैलट के माध्यम से आकस्मिक सेवाओं के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों, कर्मियों, पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, मतदान कर्मियों आदि के द्वारा मंगलवार को अपने-अपने केंद्र पर मतदान किया गया वहीं पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां निम्न है। पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों के मतदान हेतु 13 मई 2024 से 16 मई 2024 तक पुलिस लाइन रामगढ़ दो (सुविधा केन्द्रों पर) 22 बड़कागांव, 23 रामगढ़, 24 मांडू, 25 हजारीबाग सहित अन्य विधानसभा के मतदान कर्मियों के लिए 13 मई 2024 से 16 मई 2024 तक गांधी मेमोरियल जिला सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस रामगढ़।आवश्यक सेवाओं, चालकों, कंडक्टर, सफाई कर्मियों सहित अन्य कर्मी 6 मई 2024 से 30 मई 2024 तक समाहरणालय परिसर रामगढ़ में कार्यालय अवधि के दौरान पोस्टल बैलट के माध्यम से अपना मतदान कर सकेंगे।

## सी-विजिल एप पर करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

# 100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई

संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद करके यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है। सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है । आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉग इन कर आम नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकते हैं।

**क्या नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है?**

सी-विजिल एप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर देने की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देते हैं तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकते हैं। अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो भी यह सार्वजनिक नहीं हो सकता है । चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बेखौफ होकर आयोग के आंख नाक कान बनकर सजक मतदाता की भूमिका निभायें।

**शिकायत का निष्पादन कैसे होता है?**

शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है।

**एप से क्या-क्या शिकायत दर्ज करा सकते हैं?**

आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट/कूपन वितरण, शराब वितरण, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रकार से प्रलोभन देने की शिकायत की जा सकती है। बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी देकर मतदाताओं को लुभाने या डराने की भी शकायतें की जा सकती हैं।

### लोस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा संगठन से इस्तीफा देकर जताया विरोध

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व वह स्थानीय जिला भाजपा संगठन के तानाशाही रवैया से अपमानित होकर हजारीबाग लोकसभा के समर्पित कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी से अपना पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा प्रदेश नेतृत्व झारखंड प्रदेश व भाजपा जिला अध्यक्ष हजारीबाग तथा रामगढ़ को सौंप रहे हैं। कार्यकताओं ने आरोप लगाया है संगठन द्वारा लगातार अपनी अनदेखी और अवहेलना किए जाने से अपने आप को अपमानित महसूस कर रहे हैं। हम कार्यकताओं को जानबूझकर इस लोकसभा के चुनाव कार्य से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को निकल बाहर किया जा रहा है। कार्यकताओं ने आरोप लगाया है कि लोकसभा के चुनाव में पूर्व में जिन कार्यकताओं को चुनाव कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी उनको बिना कारण ही हटा दिया गया। इस्तीफा देने वालों ने आरोप लगाया कि शीर्ष नेतृत्व ने भी कोई संज्ञान नहीं लिया है।

## रामनवमी महासमिति व रामनवमी संरक्षण समिति ने उपायुक्त से की मुलाकात



संवाददाता

**हजारीबाग।** रामनवमी महासमिति एवं रामनवमी संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में रामनवमी के सफलतापूर्वक समापन को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग समाहरणालय परिसर स्थित उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त नैंसी सहाय और सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार शिवाशीष को कांस्य से बनी राम दरबार प्रतिमा व हनुमान चालीसा भेंट कर धन्यवाद दिया । साथ ही साथ ही जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दिया। वहीं कहा कि इस वर्ष की रामनवमी पूरी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इसमें रामनवमी महासमिति, रामनवमी संरक्षण समिति, जिला प्रशासन के साथ साथ अन्य सभी हजारीबाग के बुद्धिजीवी वर्गों एवं सामाजिक संगठनों का भी भरपूर सहयोग रहा। सभी ने बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की, जिसके कारण इस वर्ष की रामनवमी काफी सौहाद्रपूर्ण वातावरण में भव्य आयोजन के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। मौके पर रामनवमी महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव, रामनवमी संरक्षण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, राजेश गोप, डब्बू यादव, पवन यादव, मनीष गुप्ता, किस्सू मिश्रा, रंजीत यादव के साथ साथ महासमिति के कई कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## जयप्रकाश भाई पटेल ने चुरचू प्रखण्ड में किया जनसंपर्क, मिला भारी समर्थन

# कांग्रेस करेगी देश के साथ न्याय : जय प्रकाश



संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को चुरचू प्रखंड क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान जगह जगह कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामीणों के दरवाजे खटखटा कर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने जनसभाओं में भाजपा द्वारा संविधान और आरक्षण पर किये जा रहे प्रहार के बारे में बताया।

चरही पंचायत के चिचिकलां में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश को भाजपा वालों ने लूट लिया है। जिन मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार में आई थी आज वो मुद्दे गौण नजर आ रहे हैं। महंगाई आसमान पर चली गयी। बेरोजगारी दोगुने से भी ज्यादा है। फौज में जाने की इच्छा रखने वालों के सपने तोड़ दिए गए। अडानी का कर्जा माफ कर दिया मगर किसानों के नही हुए। किसानों पर लाठियां बरसाई गयीं। नए कानून बना कर ड्राइवर भाइयों के साथ अन्याय किया गया। महिला सुरक्षा पाताल में धंस गया। सब कुछ इस दौर में हो रहा है जिस वक्त रामराज्य का राग अलापा जा रहा है। आगे कहा कि अब देश में जनता ने इन धूर्त लोगों को पहचान लिया है। अब इन्हें सबक सिखाने का वक्त आ गया है। सब के साथ न्याय करने का वक्त आ गया है। काँग्रेस की सरकार न्याय पत्र की सारी गारंटियों को धरातल पर उतार देश के साथ न्याय करने का कार्य करेगी। इसलिए हाथ छाप पर वोट देकर कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाएं।. जनसंपर्क के दौरान चुरचू प्रखंड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, सुखदेव प्रसाद यादव, राजकुमार महतो, देवकी महतो, बहेरा पंचायत मुखिया नीलकंठ महतो, भुन्नू महतो, आरिफ अंसारी, बाल कुमार महतो, मिस्टर बाबू, प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम, मुमताज अंसारी, चरका यादव, उप मुखिया अभिजीत सिंह, मुस्लिम अंसारी, मेघनाथ महतो, मोहन महतो, इकरामुल अंसारी, शुक्र ठाकुर, चालेश्वर महतो, दीपनारायण महतो, प्रदीप कुमार, शरीफ अंसारी, बिलाल अंसारी, धनेश्वर महतो, अशोक भाई पटेल, विकास कुमार आदि शामिल रहे।

# लोकतंत्र एवं संविधान की गला घोंट रही है मोदी सरकार : भुवनेश्वर प्रसाद मेहता

- **हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के दोनों उम्मीदवार बेवकूफ बना रहे हैं हजारीबाग की जनता को - भुवनेश्वर प्रसाद मेहता**
- **ईडी को अवैध रुपए को मिलने से झारखंड सरकार हुआ बेनकाब हुआ - महेंद्र पाठक**




संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार के समर्थन में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, नेमन यादव, राजेंद्र प्रसाद ने गहन चलाया। लइयो, झारखंड, केदला, घाटो, तापीन, चीची के कई गांवों और कॉलोनी में जनसंपर्क अभियान चलाकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार के समर्थन में ईवीएम मशीन के क्रम संख्या 4 में हसुआ जौ की बाली छाप पर बटन दबाकर विजय बनाने की अपील किया। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के संपत्तियों को बेचने में लगी है। कोलियारियां बंदी के कगार पर है। आउटसोर्सिंग में काम करने वाले मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी तक नहीं दिया जा रहा है। सारे सार्वजनिक कल कारखानों को पूंजीपतियों के हवाले किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर करना जरूरी है । झारखंड सरकार के मंत्री कांग्रेसी निजी सचिव के नौकर के घर 40 करोड रुपए का मिलना झारखंड मे मची लूट को साबित करती है। 5 से 10 प्रतिशत पहले पैसा लेकर टेंडर मैनेज करने के नाम पर बड़ा खेल ग्रामीण विकास में चल रहा है। जिसका नतीजा नोटों को ढेर से मिला। वही बीजेपी और कांग्रेस दोनो एक समर्थित उम्मीदवार है। दोनो एक सिक्के के दो पहलू है। जेपी पटेल अभी तक विधानसभा से इस्तीफा नहीं दिया है। दोनों उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी का ही है।हजारीबाग लोकसभा की चुनाव में त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति बन रहा है। जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी विजयी होगी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि देश मोदी के हाथ में लोकतंत्र एवं संविधान सुरक्षित नहीं है।

## मतदाता जागरूकता को लेकर वॉकथॉन सहित अन्य कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# निमंत्रण पत्र दे मतदाताओं को किया गया आमंत्रित

संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। निर्वाचन के दौरान रामगढ़ जिले में प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मतदाता जागरूकता के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस दौरान सर्वप्रथम रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक से सुभाष चौक रामगढ़ तक वॉक फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार सहित अन्य स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं सहायिकाओं, विभिन्न विद्यालयों के बच्चों, चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों, सहित बड़ी संख्या में जिले वासियों ने WALKATHON में हिस्सा लिया। WALKATHON के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न स्लोगन सहित अन्य रचनात्मक तरीके से लोगों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने, मतदान के महत्व आदि के प्रति जागरूक किया गया। WALKATHON संपन्न होने के उपरांत सुभाष चौक रामगढ़ के समीप सभी ने मतदाता जागरूकता के तहत स्वयं मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने की शपथ ली।मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी को मतदान के महत्व के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि अक्सर हम देखते हैं कि शहरी क्षेत्र में रहने वाले मतदाता सभी तरह से जागरूक होने के बावजूद मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं। हमारा वोट हमारा भविष्य तय करता है इसलिए यह बहुत जरूरी है की प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करें वहीं उन्होंने सभी से स्वयं मतदान करने एवं अपने आसपास रहने वाले अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने की अपील की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा देते हुए सभी को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की शुभकामनाएं दी एवं सभी से निर्वाचन के दौरान 20 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आशीष गंगवार ने शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को उनके मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने का कार्य किया वहीं उन्होंने सभी से स्वयं एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने नई पहल करते हुए लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदाताओं को सांकेतिक रूप से निमंत्रण पत्र देकर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया वहीं इन सब के अलावा कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेशों के साथ गुब्बारों को हवा में छोड़ते हुए।

**मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगनों के साथ बड़ी संख्या में छोड़े गए हवा में गुब्बार**



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( *पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999